रांची, सोमवार 08.07.2024 * * नगर संस्करण । पेज : 12 आषाढ़, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 354

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित • सबकी बात सबके साथ



फोटो : समीर

## न्यूज डायरी

### एसपी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ जे दास नहीं रहे

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विवि के सेवानिवृत प्राध्यापक तथा एसपी कॉलेज दुमका एवं बांका के पीबीएस कॉलेज में बतौर प्राचार्य अपनी सेवायें दे चुके डॉ जगन्नाथ दास नहीं रहे। वे पिछले एक पखवारे से बीमार चल रहे थे। रविवार को दुमका के न्यू केयर अस्पताल में उन्होंने सुबह सात बजे अंतिम सांसद ली। डॉ जे दास मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिला के सबौर के रहनेवाले थे। उनका अंतिम संस्कार भी सबौर में ही किया जायेगा। वे अपने पीछे पत्नी, चार पुत्र और एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

### दो बच्चों के शव मिले, एक बच्चे के साथ मां लापता

**गिरिडीह।** नक्सल प्रभावित पीरटांड़ थाना क्षेत्र स्थित धावाटांड़ में रविवार की सुबह एक नाले से एक ही परिवार के दो बच्चों के शव मिले। दोनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन हैं। इनकी पहचान बिशनपुर पंचायत के धावाटांड़ निवासी राधिका कुमारी (10) और सचिन सोरेन (7) के रूप में हुई है। घटना के बाद से दोनों बच्चों की मां सोना देवी दस माह के बच्चे के साथ गायब है। ग्रामीणों ने कहा कि सुखलाल की पत्नी सोना देवी तीसरे बच्चे को लेकर फरार है। उसे खोजने में परिजन लगे हैं। आशंका है कि उसने ही बच्चों को मार डाला होगा। फिलहाल, जांच-पड़ताल की जा रही है।

### तीन युवकों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र के महारो मोड़ पर ओवरब्रिज के नीचे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक से जा रहे एक परिवार के तीन युवकों को रौंद दिया। एक की मौत हो गयी, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में ट्रक का चालक भी घायल है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 97000 रु./प्रति किलो |

# भक्त के बीच भगवान

## सीएम और भक्तों ने जगन्नाथ स्वामी को मौसीबाड़ी पहुंचाया

**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** एतिहासिक बड़कागढ़ स्थित जगन्नाथपुर में रविवार को भव्य रथ यात्रा निकली। रथ आ आरूढ़ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा भक्तों के बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी रथ खींचा और जय जगन्नाथ का जयकारा लगाया। देर शाम भक्तों ने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा का रथ खींच कर उन्हें मौसी बाड़ी पहुंचाया। रथयात्रा में सबसे आगे काला, इसके बाद लाल और फिर सफेद रंग का चंवर था। काला चंवर भगवान जगन्नाथ स्वामी का प्रतीक था, जबकि लाल बहन सुभद्रा और सफेद बलभद्र स्वामी का प्रतीक था। तीनों छातों के आगे पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाये जा रहे थे। रथ यात्रा शुरू होने से पहले नवविवाहित जोड़ों ने मौर चढ़ाया।

**17 को भगवान लौटेंगे अपने धाम :** 17 तक भगवान मौसी बाड़ी में ही रह कर भक्तों को दर्शन देंगे। फिर उसी दिन घुरती रथ यात्रा में भगवान अपने धाम पहुंचेंगे। इससे पूर्व 3 बजे से ही श्री विष्णुसहस्त्रनामर्चना शुरू हो गयी थी। इसमें बड़ी संख्या में पुरुषों-महिलाओं दोनों ने भाग लिया। रथ यात्रा में सांसद संजय सेठ, कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, हटिया विधायक नवीन जायसवाल भी शामिल हुए।

**झारखंड की सुख-समृद्धि की कामना :** सीएम ने अपने एक पुत्र के साथ रथ यात्रा में भाग लिया। रस्साबंधन के बाद उन्होंने रथ भी खींचा। भगवान से राज्य की खुशहाली व स्मृद्धि की कामना की। 5.10 मिनट पर पूजा अर्चना खत्म हुई। रथ में रस्साबंधन हुआ और मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचा। सोशल मीडिया पर एक वीडियो ट्वीट कर उन्होंने लिखा महाप्रभु की ऐतिहासिक रथ यात्रा में शामिल होने का परम सौभाग्य मिला। जय जय जगन्नाथ स्वामी।

**बारिश नहीं होना शुभ संकेत नहीं :** रथयात्रा के दिन बारिश जरूर होती है, और इसे शुभ संकेत माना जाता है। रविवार को बारिश नहीं हुई, जिसे लोग शुभ संकेत नबीं मान रहें हैं। इसे ले कर किसानों में तरह-तरह की आशंका है।

# आज सीएम हेमंत हासिल करेंगे विश्वासमत, सभी तैयारी पूरी

- गठबंधन सरकार के पक्ष में हैं 47 विधायक
- फ्लोर टेस्ट के बाद मंत्रिमंडल का गठन कभी भी
- दोनों पक्षों ने बैठक कर बनायी आज की रणनीति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** तीसरी बार मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान विश्वासमत हासिल करेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर विश्वासमत हासिल करने का निर्देश दिया है। विशेष सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सोमवार के विश्वास प्रस्ताव को लेकर रविवार की शाम सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने बैठक कर अपनी-अपनी रणनीति बनायी। वर्तमान विधानसभा में बहुमत के लिए सरकार को मात्र 39 विधायकों का संख्या बल चाहिए, जो कि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास है।

**गठबंधन का पक्ष मजबूत :** उल्लेखनीय है कि सदन में फिलहाल विधायकों की संख्या 77 है। 5 विधायक इस बार सदन में नहीं होंगे। 4 विधायक चुनाव जीतकर संसद पहुंच गये हैं। झामुमो विधायक सीता सोरेन ने भाजपा में शामिल होने के बाद इस्तीफा दे दिया था। सूत्रों के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के पास बहुमत का मजबूत आंकड़ा है। इंडिया गठबंधन के साथ 47 विधायक हैं। मनोनीत विधायक ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन हेमंत सोरेन सरकार का समर्थन में हैं। वहीं, एनडीए के पास फिलहाल 27 वोट है। दिलचस्प है कि भाजपा विधायक जेपी पटेल भले ही सदन में विरोधी पक्ष में बैठाये जायेंगे, लेकिन, उनका वोट हेमंत सोरेन के पक्ष में ही होगा।

(शेष पेज 11 पर)

### कैबिनेट विस्तार शीघ्र

हेमंत सोरेन सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद 8 या फिर 9 जुलाई को कैबिनेट का विस्तार की चर्चा है। हालांकि कौन मंत्री बनेगा ये साफ नहीं है। चर्चा है कि सोमवार को ही या फिर मंगलवार को हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी जायेगी। हेमंत के तीसरे कार्यकाल में उनके सहयोगी मंत्री कौन-कौन बनेंगे इस पर मंथन जारी है। इस बार कांग्रेस कोटे से मंत्रियों का चेहरा बदले जाने के भी आसार हैं। कांग्रेस का कहना है कि प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची पहुंच गये हैं। सब कुछ तय हो चुका है। कांग्रेस कोटे से कौन होगा मंत्री ये शीघ्र स्पष्ट हो जायेगा। आलमगीर आलम पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई और जेल जाने और उनके इस्तीफे से कांग्रेस विधायक दल का नेता पद भी खाली है। जल्द ही सीएलपी के पद पर भी नये नाम की घोषणा कर दी जायेगी।

### जम्मू-कश्मीर मुठभेड़ में 8 आतंकी ढेर, 2 जवान शहीद

## राजौरी में सैन्य शिविर पर आतंकी हमला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई दो मुठभेड़ों में अबतक आठ आतंकवादी मारे जा चुके हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी शहीद हो गये। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किये गये जबकि चिन्नीगाम स्थल से रविवार को चार शव मिले। कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को मुठभेड़ शुरू हुई थी। सैन्य कार्रवाई से भड़के आतंकियों ने रविवार को राजौरी जिले में सेना के एक शिविर पर हमला कर दिया। अचानक छिप कर किये गये इस आतंकी हमले में एक जवान घायल हो गया। सुरक्षा चौकी पर तैनात सतर्क जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकी भाग निकले। आतंक विरोधी अभियान के बारे में जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया करना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है। ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### हैट्रिक छक्के से अभिषेक का शतक

**हरारे।** शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने दूसरे टी20 मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रनों से शानदार जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा ने अपने करियर का पहला टी20 में शतक जड़ा। शर्मा ने लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाकर शतक पूरा किया। रुतुराज गाकयवाड़ ने भी 77 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अभिषेक शर्मा जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच और अपने डेब्यू मैच में बिना खाता खोले आउट हो गये थे। ठीक एक दिन बाद अपने दूसरे ही इंटरनेशनल मैच में अभिषेक ने 46 गेंदों पर शतक ठोक दिया। फिफ्टी से शतक तक पहुंचने में उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया। अपनी पारी में उन्होंने 7 चौके और 8 छक्के मारे। भारत ने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 100 रनों से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है।

# देवघर में बहुमंजिला भवन गिरने से तीन लोगों की मौत

## चार घायलों का चल रहा इलाज, राहत कार्य जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के बमबम पथ पर सीता होटल के पर रविवार की सुबह एक बहुमंजिली इमारत के गिरने से तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं चार लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने का कार्य जारी है। एनडीआरएफ की टीम सुबह से ही राहत और बचाव कार्य में जुटी है।

घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सीताकांत नामक मकान मालिक अपने तीन मंजिला भवन का जीर्णोद्धार करा रहे थे। मकान में किराये पर कई परिवार रह रहा था। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण भवन कमजोर होता जा रहा था। ग्राउंड फ्लोर पर कंस्ट्रक्शन का काम हो रहा था। इससे मकान और भी ज्यादा कमजोर हो गया था। देर शाम हुई बारिश के बाद मकान अचानक अहले सुबह धंस गया। इससे दूसरे और तीसरे मंजिल पर रह रहे लोग मकान के अंदर फंस गये।

(शेष पेज 11 पर)

### सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**चंदवा।** रविवार की देर शाम चंदवा में एक बार फिर से बेकाबू रफ्तार का कहर देखने को मिला, जिसमें एक बाइक सवार युवक मंतोष लोहरा पिता गोरवा लोहरा (सिकनी चंदवा) की जान चली गयी। वहीं बाइक सवार दूसरा युवक अशोक गंझू पिता इरफाने गंझू (सिकनी चंदवा) गंभीर रूप से घायल है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक अशोक गंझू को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों युवक चंदवा के कामता गढ़ में रथ मेला देखने आए थे जहां से दोनो बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में मेन रोड के समीप सड़क किनारे एक खड़ी वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था कि टक्कर के बाद बाइक चला रहे युवक मंतोष की मौके पर ही मौत हो गयी। पीछे बैठा अशोक घायल हो गया।

### 23 साल में 13 सीएम, तीन बार राष्ट्रपति शासन, 13वीं बार फ्लोर टेस्ट

# फ्लोर टेस्ट में हेमंत का स्ट्राइक रेट 100 परसेंट

**झारखंड का अनोखा रिकार्ड**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची ।** झारखंड को राजनीति की प्रयोगशाला कहा जाता है, क्योंकि, झारखंड ने कई मायनों में रिकॉर्ड स्थापित किया है। करीब 23 साल 08 माह की उम्र वाले इस सूबे में अब तक 13 बार मुख्यमंत्री बने, तीन राष्ट्रपति शासन लगा है। अबतक 12 बार तत्कालीन सरकारों द्वारा लाये गये विश्वास प्रस्ताव में नौ बार सरकारों ने अपना बहुमत साबित किया। दो बार प्रस्ताव आने के बाद वोटिंग से पहले ही तत्कालीन मुख्यमंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया। एक बार वोटिंग की अनुमति ही नहीं दी गयी। वहीं सदन में अबतक दो ही बार अविश्वास प्रस्ताव आया है। अब तक रिकॉर्ड 12 बाद सदन में फ्लोर टेस्ट हो चुका है।

आठ जुलाई को 13 वीं बार सीएम हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट का सामना करेंगे। अबतक हेमंत सोरेन का फ्लोर टेस्ट पास करने का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत है। हेमंत सोरेन ने दो बाद डिप्टी सीएम रहते और एक दफा सीएम के रूप में फ्लोर टेस्ट पास कर चुके हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### दो बार आ चुका है अविश्वास प्रस्ताव

सदन में अब तक दो बार अविश्वास प्रस्ताव आ चुका है। सबसे पहले तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष स्टीफन मरांडी तथा विधायक फुरकान अंसारी ने 17 मार्च, 2003 को तत्कालीन सीएम बाबूलाल मरांडी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की सूचना दी थी लेकिन अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही बाबूलाल मरांडी ने उसी दिन पद से इस्तीफा दे दिया था। दूसरी बार नेता प्रतिपक्ष के रूप में अर्जुन मुंडा, विधायक सीपी सिंह और राधाकृष्ण किशोर 18 दिसंबर, 2007 को तत्कालीन सीएम मधु कोड़ा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाये थे, जो अस्वीकृत हो गया था। इसमें मधु कोड़ा सरकार ने बहुमत साबित कर दिया था।

# सभी सरकारी स्कूलों में अब आइडियल असेंबली

## बच्चे प्रतिज्ञा लेंगे- रोज समय पर आयेंगे, साथियों को भी ले आयेंगे

### बच्चे संविधान की प्रस्तावना पढ़ेंगे, योगा, और मेडिटेशन भी करेंगे

सुधीर

**रांची।** राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी स्कूलों में अब सामान्य नहीं, बल्कि आइडियल असेंबली होगी। इसके तहत बच्चे अब रोज प्रार्थना सभा में प्रतिज्ञा लेंगे - नित्य दिन समय से आयेंगे और साथियों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करेंगे। मेरा विद्यालय-मेरा अभिमान, जय झारखंड। बच्चे संविधान की प्रस्तावना भी पढ़ेंगे। इसके अलावा आज के सुविचार, क्वीज, मुख्य समाचार, आज के शब्द और पंख पत्रिका से प्रेरक प्रसंग पढ़े जायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### विद्यार्थी ऐसे लेंगे प्रतिज्ञा

हमारा विद्यालय हमें प्राणों से भी प्यार है, सबसे सुंदर स्कूल हमारा है। हम प्रण लेते हैं कि.... विद्यालय के सभी शिक्षक और माता-पिता का मान बढ़ायेंगे। नित्य दिन समय से आयेंगे और साथियों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करेंगे। स्कूल की हर गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। स्कूल कैंपस को साफ स्वच्छ और हरा भरा रखेंगे। समाज में फैली कुरीतियों को शिक्षा के बल से दूर करेंगे। सभी गुरुजनों का सम्मान करेंगे और सहपाठियों के साथ विनम्रता का व्यवहार करेंगे। एक श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश एवं समाज के विकास तथा उन्नत भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। मेरा विद्यालय मेरा, अभिमान जय झारखंड।

# रोज तोड़ते हैं ट्रैफिक रूल, हर दिन 81 चालकों के डीएल रद्द करने की सिफारिश

## राज्य के युवाओं को डीएल रद्द होने की परवाह नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के युवाओं को ड्राइविंग लाईसेंस रद्द होने की परवाह नहीं है। तभी तो रोज ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन करते हैं। शहर की सड़कों पर बेधड़क तीन लोगों को बिठाकर चलते हैं, बीच सड़क पर स्टंट करते हैं और हाई स्पीड में गाड़ी चलाकर शरीफों के बीच शोर मचाते हैं। युवाओं की इसी हरकत के कारण झारखंड में हर दिन 81 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने सिफारिश की जा रही है। पिछले एक महीने के दौरान राज्य के 15 जिलों में 2439 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश पुलिस ने संबंधित जिले के डीटीओ से की है। इसमें रांची जिले में 706 और देवघर जिले में 602 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की गई। यह एमवी एक्ट के तहत धारा 183, 184, 185, 189, 190, 914सी, 194डी और 197ई के तहत किया गया है।

**एक महीने के दौरान 15 जिलों में 2439 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस डीटीओ से रद्द करने की पुलिस ने की सिफारिश**



### डीएल रद्द करने के क्या-क्या हैं कारण

ओवर स्पीडिंग करते पकड़े जाने पर जुर्माना तो लगेगा ही, साथ ही यातायात पुलिस के पास आपका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने का भी अधिकार रहता है। यदि पुलिस आपको सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए पकड़ती है, तो लाइसेंस जब्त की संभावना के साथ-साथ आप पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। खतरनाक ड्राइविंग में लापरवाही से गाड़ी चलाना और नियम का पालन न करना शामिल है। यदि आपकी ड्राइविंग सड़क पर अन्य मोटर चालकों के जीवन के लिए खतरा है, तो इसे खतरनाक ड्राइविंग माना जाएगा। मोटरसाइकिल पर स्टंट करना भी सार्वजनिक सड़कों पर खतरनाक ड्राइविंग माना जाता है। दोपहिया वाहन पर तीन लोग का बैठना भी मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार अपराध है।

**किस जिले में कितने लोगों के डीएल रद्द करने की सिफारिश** : रांची में 706, लोहरदगा में एक, सिमडेगा में एक, खूंटी में पांच, जमशेदपुर में 287, सराइकेला में 262, पलामू में 290, हजारीबाग में चार, रामगढ में आठ, कोडरमा में 127, गिरिडीह में 28, बोकारो में 67, दुमका में 13, देवघर में 602 और गोड्डा में 31 लोगों के डीएल रद्द करने की सिफारिश संबंधित जिलों के डीटीओ से की गयी है।

## खबर एक नजर में

### देवघर मकान हादसे पर भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** देवघर स्थित एक पुराने मकान के गिर जाने से तीन लोगो की हुई दर्दनाक मौत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मरांडी ने कहा कि घटना को सुनकर मर्माहत हूं। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि ईश्वर परिजनों को धैर्य एवम साहस प्रदान करें।

### एडीजी अभियान की बैठक आज

**रांची।** एडीजी अभियान सोमवार को जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिलों के एसएसपी व एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में डायल-112 इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (इआरएसएस) के कार्यों से संबंधित छह बिंदुओ पर चर्चा होगी। समीक्षा के मुख्य बिंदू में प्राप्त शिकायतों का रिस्पॉन्स टाइम की स्थिति, प्रचार प्रसार की स्थिति, एमडीटी टैब, डीसीसी, यूपीएस, बैटरी से संबंधित समीक्षा होगी।

### झारखंड में स्किल सर्वे की जरुरत : पंकज मिश्रा

**रांची।** तीसरा मोर्चा के मीडिया प्रमुख पंकज मिश्रा ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड में स्किल सर्वे की जरुरत है। स्किल सर्वे के माध्यम से नौजवानों की क्षमताओं का सही आकलन कर ही सरकार को बजट बनाना चाहिए और सर्वे को आधार बनाकर योजनाओं का निर्धारण करना चाहिये। मीडिया प्रमुख ने कहा कि तीसरा मोर्चा का मानना है कि जातीय सर्वे जरुरी है। उसका उद्देश्य समाज में जिनकी संख्या जितनी, उतना अधिकार उनका को पूरा करना है, जो समाज को व्यवस्थित और हर वर्ग के लोगों को समान अधिकार दिलाने में अहम होगा, मगर स्किल सर्वे उससे हटकर है। इस सर्वे से हम समाज में खासकर नौजवानों की क्षमता और रुचि को समझ सकेंगे। उन्होंने कहा कि तीसरा मोर्चा की तरफ से संयोजक विनोद सिंह की तरफ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्किल सर्वे की मांग की जाएगी।

## गिरिडीह विस स्तरीय विजय संकल्प सभा में बाबूलाल मरांडी ने कहा

# परिवार से बाहर का कोई मुख्यमंत्री बने, यह झामुमो को बर्दाश्त ही नहीं

**शिबू सोरेन परिवार राज्य को लूटने के लिये चाहता है सत्ता**

**भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने का लें संकल्प**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में पार्टी की ओर से आयोजित कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने अंगवस्त्र एवं पटका देकर बूथ के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी हैं। केवल चुनाव ही नहीं बल्कि दिन प्रतिदिन होने वाले सांगठनिक कार्यक्रमों को कार्यकर्ता ही सफल बनाता है। अभियान को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि नेताओं को तो रोज सम्मानित किया जाता है लेकिन कार्यकर्ता चुपचाप काम में जुटा रहता है। जनता के सवालों से जूझता है, जन प्रतिनिधियों से संबंधित शिकायतों को सुनता है। समस्याओं के समाधान में हर संभव प्रयास करता है। कार्यकर्ता ही वैचारिक लड़ाई को आगे बढ़ाने के सहयोगी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यकताओं के बल पर ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए को 81 लाख से ज्यादा वोट मिले। जबकि इंडी एलायंस को 61 लाख पर ही सिमट गया। राज्य की 9 लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत हुई। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ताधारी गठबंधन के तत्कालीन मुख्यमंत्री सहित 7 मंत्री अपने-अपने क्षेत्र में इंडी एलायंस के प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सके। जनता गठबंधन सरकार के लूट, भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी से ऊब चुकी है।

उन्होंने कहा हेमंत सरकार भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार है। आज विकास के काम ठप हैं। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। पुलिस प्रशासन केवल उगाही में लगा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को जेल से धमकी मिलती है। रंगदारी नही देने पर जान खतरे में है। पिछले साढ़े चार वर्षों में एक भी उद्योग राज्य में नहीं लगा। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार को सत्ता की भूख ऐसी कि बिना कोई आरोप के अपने ही मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए बाध्य कर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे लोकसभा चुनाव में इंडी एलायंस को धूल चटाई है वैसे ही विधानसभा चुनाव में अपने परिश्रम और प्रभाव से झारखंड से भी भ्रष्ट निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जैसे राज्य बनाया है। वैसे ही राज्य का विकास भाजपा और एनडीए सरकार ही कर सकती है। कार्यक्रम में विकास प्रीतम, महादेव दुबे, सुरेश साहू सहित जिला एमंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा विधायक दल ने सत्ता पक्ष को घेरने की बनायी रणनीति



**रांची।** भाजपा ने विशेष सत्र के दौरान सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनायी है। बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार पर हमलावर रूख अपनाने की ब्यूहरचना की गयी। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुये नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर फेल है। राज्य सरकार को जनमुद्दों पर घेरा जायेगा। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के मुताबिक भले ही हेमंत सोरेन विश्वासमत हासिल कर लें। लेनिक, विपक्ष तमाम मुद्दों पर सख्त रवैया अपनायेगी। बैठक में नीलकंठ सिंह मुंडा, सीपी सिंह, अनंत ओझा, बिरंची नारायण, रामचंद्र चंद्रवंशी, राज सिंहा, समरीलाल, भानु प्रताप शाही, कोचे मुंडा, अर्पणा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, केदार हाजरा आदि उपस्थित थे।

# पीजीटी अभ्यर्थियों को भाजपा का साथ

**राजभवन के पास पीजीटी परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ 23 दिन से धरना दे रहे अभ्यर्थियों से धरना स्थल पर मिला भाजपा का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल रविवार को पीजीटी परीक्षा में हुये भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना दे रहे अभ्यर्थियों से मिला। प्रतिनिधिमंडल में विधायक सीपी सिंह, अनंत ओझा, अमित मंडल शामिल थे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अभ्यर्थियों के पास पीजीटी परीक्षा में हुए व्यापक भ्रष्टाचार के पुख्ता प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धरना पर बैठे युवाओं को धमकी दे रही है। उन्होंने पीजीटी परीक्षा के भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रति वर्ष 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था और नौकरी नहीं मिलने पर 5 से 7 हजार रुपये का भत्ता देने का वादा युवाओं से किया था लेकिन, नौकरी देना तो दूर सरकार नौकरी को बेचने का काम कर रही है। कई मामले की जांच एसआईटी का गठन कर की गई। इसमें राज्य सरकार के ही दो अधिकारियों की गिरफ्तारी भी की गई। लेकिन, पूरा मामला ठंढे बस्ते में चला गया और किसी पर भी कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने बताया कि धरने पर बैठे छात्रों को पहले तो समझाने का काम किया जा रहा था। लेकिन अब उन्हें धमकी भी दी जा रही है। यदि युवाओं के साथ कोई भी छेड़छाड़ होती है तो सड़क से लेकर सदन तक भाजपा इस लड़ाई को लड़ने का काम करेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि युवाओं के साथ सरकार छेड़छाड़ ना करें नहीं तो सत्ता के साथ झारखंड से भी उन्हें हाथ धोना पड़ेगा। वहीं, विधायक सी पी सिंह ने कहा कि जिस तरह से छात्रों ने प्रमाण पेश किये हैं, उसे लगता है कि झारखंड के पांच सेंटर से ही अभ्यर्थी सफल हुये हैं। इस कंपनी को परीक्षा करवाने का टेंडर दिया गया। वह कंपनी पहले से ही ब्लैक लिस्ट है। बावजूद इसके फिर से उसी कंपनी से परीक्षा करवाने पर भी सरकार के ऊपर सवाल खड़े हो रहे हैं। मालूम हो कि पिछले 23 दिनों से पीजीटी के अभ्यार्थी राज भवन के समक्ष धरना पर बैठे हैं। और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं।

### मनरेगा कर्मियों की समस्याओं को आयुक्त की बैठक आज

**रांची।** मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर 8 जुलाई को मनरेगा आयुक्त समीक्षा बैठक करेंगी। ग्रामीण विकास विभाग में पदाधिकारी के अलावा झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया है। संघ के उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने बताया कि सेवा नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर बैठक में अपनी बातें रखेंगे। मनरेगा आयुक्त द्वारा आहूत बैठक के पूर्व कर्मचारी संघ ने रविवार को सभी संविदा कर्मी संगठनों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि सोमवार को होनेवाली बैठक में अगर उनके लंबित मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन की भी रणनीति तय की जाएगी।

# हेमंत कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से कौन होगा मंत्री, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर बैठक के बाद करेंगे घोषणा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नवनियुक्त मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को झारखंड विस के विशेष सत्र में विश्वास मत प्राप्त करेगी। कयास ये भी लग रह रहे हैं कि विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद आज सोमवार को ही या मंगलवार को हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी लेकिन हेमंत सोरेन के तीसरे कार्यकाल में उनके सहयोगी मंत्री कौन-कौन बनेंगे? क्या इस बार कांग्रेस कोटे से मंत्रियों का चेहरा बदला जाएगा या फिर पुराने चेहरे को ही नई सरकार में जगह मिलेगी यह भी साफ नहीं है। रविवार को हो रही सत्तारूद्ध दल के विधायकों की बैठक में ही यह तय होगा कि हेमंत मंत्रीमंडल में कौन- कौन विधायक शामिल होंगे।

हेमंत कैबिनेट के मंत्रियों के बारे में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि सरकार में कांग्रेस कोटे से कौन मंत्री बनेगा इस पर अभी संशय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अब तक किसी के नाम पर अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि रविवार देर शाम प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची पहुंच गये हैं। कांग्रेस आलाकमान स्तर पर सब कुछ तय हो चुका है और रविवार देर रात तक कांग्रेस कोटे से कौन होगा मंत्री ये स्पष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम आवास पर आयोजित सत्ताधारी दल की बैठक में भी इस पर भी चर्चा होगी। उसके बाद मंत्रियों के नाम को उजागर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ गया है। इस स्थिति में कांग्रेस कोटे से आलमगीर आलम के स्थान पर डॉ इरफान अंसारी को जगह मिल सकती है। इसके अलावा कांग्रेस पुराने चेहरे पर ही चुनाव में जाना चाहेगी।

### विधायक दल के नेता के नाम पर भी संशय

टेंडर कमीशन मामले में आलमगीर आलम पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई और जेल भेज दिए जाने के बाद उनके इस्तीफे से कांग्रेस विधायक दल का नेता पद भी खाली है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि जल्द ही सीएलपी के पद पर भी नए नाम की घोषणा कर दी जाएगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल का नेता कौन होगा? इस पर से भी पर्दा उठना अभी बाकी है। ऐसे में पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरॉव और प्रदीप यादव को लेकर चर्चा चल रही है।

# थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की अनुशंसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैरेक्टर वेरीफिकेशन में लापरवाही बरतने के मामले में बरियातू थानेदार पर सीआईडी ने कार्रवाई के लिए पुलिस मुख्यालय से अनुशंसा की है। सीआईडी ने बरियातू थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मियो को निलंबित करने की भी अनुशंसा की है। रांची के जाने-माने बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार ने बरियातू थानेदार सुरेश मंडल, सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आफताब और थाने के मुंशी उदयकांत के खिलाफ सीआईडी में शिकायत दर्ज कराई थी। सीआईडी को दिए आवेदन में बैद्यनाथ कुमार ने यह लिखा था कि उन्हें एक आवश्यक कार्य के लिए चरित्र प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। चरित्र प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए उनके कागजात को बरियातू थाना भेजा गया था। चरित्र प्रमाण पत्र को लेकर बैद्यनाथ कई बार बरियातू थाना गए, लेकिन उनकी मुलाकात बरियातू थानेदार से नहीं हो पा रही थी।

**छह मई को बैद्यनाथ को फोन कर बुलाया गया था थाने :** बैद्यनाथ के अनुसार 6 मई को उन्हें थाने से फोन कर बुलाया गया। थाना पहुंचने के बाद बैद्यनाथ सीधे बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल से मिले तो थाना प्रभारी ने बैद्यनाथ को मुंशी उदयकांत से मिलने के लिए भेज दिया। मुंशी उदयकांत ने बैद्यनाथ को बताया कि आपके खिलाफ कई सारे केस दर्ज हैं। इस पर बैद्यनाथ ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि इसी थाने से कई बार उनका चरित्र प्रमाण पत्र जारी हो चुका है, लेकिन मुंशी ने बैद्यनाथ से कहा कि वह जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर आफताब से जाकर मुलाकात कर लें।

**कैरेक्टर सर्टिफिकेट बनाने में तथ्यों की अनदेखी की गई :** बैद्यनाथ का आरोप है कि इस दौरान मुंशी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। वहीं जब बैद्यनाथ ने सब इंस्पेक्टर आफताब से मुलाकात की तो सब इंस्पेक्टर ने कहा कि आपका कैरेक्टर सर्टिफिकेट पूर्व में बनाने वाले पदाधिकारी आपके रिश्तेदार होंगे, मैं तो आपके खिलाफ रिपोर्ट कर रहा हूं। सब इंस्पेक्टर आफताब के द्वारा बैद्यनाथ के कैरेक्टर सर्टिफिकेट में यह लिख दिया गया कि थाना में उपलब्ध अभिलेख के माध्यम से बैद्यनाथ कुमार के आपराधिक इतिहास की जांच की गई, जिसमें यह ज्ञात हुआ कि बैद्यनाथ कुमार के विरुद्ध थाना कांड संख्या 204/16 दर्ज है। बैद्यनाथ कुमार ने अपने मामले को लेकर बरियातू थाना प्रभारी से फिर मुलाकात की और बताया कि उन्हें इस मामले से क्लीन चिट मिल चुकी है और उससे संबंधित कागजात भी उपलब्ध करा दिए गए हैं, बावजूद उनके कैरेक्टर सर्टिफिकेट को लेकर आपराधिक मामले का जिक्र सब इंस्पेक्टर आफताब ने किया है। इसके बाद बैद्यनाथ ने पूरे मामले की जांच सीआईडी से करवाने के लिए आवेदन दिया था।

## स्थायीकरण की मांग को लेकर झारखंड सहायक पुलिसकर्मी कर रहे आंदोलन, कहा

# समान काम के लिए समान वेतन चाहिए

**मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में झारखंड सहायक पुलिस के 2300 जवान अपनी मांगों को लेकर छह दिन से आंदोलन पर हैं। रविवार को सहायक पुलिसकर्मी भूख हड़ताल पर रहे। उनका कहना है कि झारखंड पुलिस की तरह ही उन्हें भी स्थायी किय जाये। साथ ही कहा कि जब जिला पुलिस को वेतन मिलता है तो हमें भी समान काम के लिए समान वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब तो उनकी नौकरी के लिए आवेदन करने की उम्र सीमा भी समाप्त हो चुकी है। सरकार से जो राशि मिल रही है उसमें घर चलाना भी मुश्किल है। मृत पुलिसकर्मियों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला। सहायक पुलिसकर्मियों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। अबतक दो बार आंदोलन किया। आक्रोश भाव से कहा कि अगर सरकार को स्थाई नहीं करना था तो आश्वासन भी नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार जब बदल सकती है तो नियमावली में भी बदलाव किया जा सकता है। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गयीं तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

### नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने किया समर्थन



**रांची।** राज्य के सहायक पुलिसकर्मियों के मोहरबादी में बापू वाटिका के सामने चल रहे आंदोलन को नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक सीपी सिंह, अनंत ओझा और समरी लाल ने धरनास्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया। उन्होंने सहायक पुलिसकर्मियों से बात की और उनकी समस्याओं को जाना। अमर बाउरी ने कहा कि यह सरकार आप सभी को स्थायी नहीं करती है तो आने वाले चुनाव में अगर भाजपा की सरकार बनती है तो इस मामले पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। सहायक पुलिसकर्मी को सरकार ने ही नियोजित किया था और सरकार ही अब उन्हें स्थायी नही कर रही है। सहायक पुलिस कर्मियों के साथ वर्तमान सरकार की हुई वार्ता में यह स्पष्ट किया गया था कि उन्हें जल्द ही स्थाई कर दिया जाएगा, लेकिन झूठे वादे और सहायक पुलिसकर्मियों को ठग कर सत्ता में आई राज्य सरकार अब उनकी सुध तक नहीं ले रही है। सरकार ने सिर्फ सोशल मीडिया पर आश्वासन देकर और सहायक पुलिस कर्मियों को ठग कर सत्ता हासिल करने का काम किया।

**भाजपा सदन में जोरदार तरीके से उठायेगी आवाज:** भाजपा युवाओं का दर्द समझती है। भाजपा ही ऐसे सभी समस्याओं का समाधान करेगी। आने वाले विधानसभा सत्र में इन सभी मुद्दों को सदन के भीतर प्रमुखता से रखा जाएगा।

# सिल्ली-मुरी में जयराम महतो ने की बदलाव संकल्प महासभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा रविवार को बांसारुली मैदान, मुरी, सिल्ली में बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम कुमार महतो, वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान अंसारी, संजय मेहता ने लोगों को संबोधित किया। टाइगर जयराम महतो ने घंटों तक लोगों में अभिभाषण प्रस्तुत किया और राज्य क्षेत्रीय मुद्दों पर खूब गरजे। राज्य सरकार के गलत नीतियों पर बोले। उन्होंने कहा कि विधायक सुदेश महतो को राज्य में सबसे अधिक समय तक सत्ताधारी सरकार में रहने के बाद भी राज्य के नीति निर्माण पर कोई पहल नहीं किया। साथ ही जयराम ने कहा कि हमारा संगठन पुरी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगी।

इसके पूर्व संगठन के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने क्षेत्र में बाइक रैली के साथ सभा में प्रवेश किया। यह बदलाव बाइक रैली बंता मोड़ से प्रारंभ होकर टुटकी नवाडीह एवं झारखंड मोड होते हुए मूरी कार्यक्रम स्थल में प्रवेश किया। कार्यक्रम से पूर्व बंता मोड में वीर बिरसा मुंडा एवं झारखंड मोड में शहीद निर्मल महतो को माल्यार्पण किया गया।

जनसभा में रिजवान अंसारी, दिपक महतो, इंतेसाम अली, राजु महतो, गुलाम हुसैन, डॉ देवेंद्र, संजीव आदि केंद्रीय संगठन पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

स्पीड न्यूज

### पुलिस ने बाईक चोर गिरोह का फंडाफोड़ किया,12 बाईक बरामद



जमशेदपुर। बमार्माइंस पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में लाल बाबा फाउंड्री निवासी सतपाल सिंह और जुगसलाई निवासी अंकित सोनकर उर्फ छोटू शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुल 12 चोरी की बाइक, बाइक चोरी करने के लिए इस्तेमाल में आने वाली मास्टर चाबी और चार वाहनों की फर्जी आरसी बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने अन्य जगहों से 7 लावारिस बाइक भी बरामद किया है, जिसे बमार्माइंस थाना क्षेत्र में लावारिस हालत में पाया गया। पुलिस मान रही है कि यह बाइक भी चोरी की है। रविवार को बमार्माइंस थाने में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बीते कई दिनों से बमार्माइंस में बाइक चोरी की घटना बढ़ गई थी जिसको देखते हुए एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने पहले सतपाल सिंह उर्फ कालू को गिरफ्तार किया, जो बाइक चोरी करता था। सतपाल के पास से एक मास्टर चाबी बरामद की गई। इसके बाद पूछताछ में अंकित सोनकर का नाम आया, जो चोरी की बाइक को खपाने का काम करता था। एसएसपी ने बताया कि सतपाल बमार्माइंस में कंपनियों के बाहर खड़ी बाइक को मास्टर चाबी की मदद से चुराता था। अंकित उस वाहन का नंबर प्लेट बदल देता था और उसका फर्जी आरसी बना लेता था। इसके बाद पैसे की तंगी का बहाना बनाकर बाइक को 15-20 हजार में बंधक रख देता था जो रुपये मिलते थे, दोनों आपस में बांट लेते थे। जितनी भी बाइक बरामद की गई है. उसमें से कई बाइक के नंबर प्लेट बदल दिए गए हैं, ताकि किसी को शक ना हो।

### गांधी आश्रम से निकली रथयात्रा

जमशेदपुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिनांक 7 जुलाई 2024 दिन रविवार को संध्या 4:00 बजे से पारंपरिक पूजा अनुष्ठान के उपरांत पूरे हर्सोल्लास के साथ जमशेदपुर स्थित ह्यूम पाइप नया कोर्ट के पीछे साक्री के श्री श्री शिव हनुमान दुर्गा मंदिर परिसर से श्री श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया गया। आज के दिन विधि विधान के अनुरूप मंदिर परिसर में स्थापित भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा , भाई बलभद्र की प्रतिमा पर पंडित हेमंत बनर्जी और काजल चक्रवर्ती के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। मौके पर विशेष रूप से मंदिर के संरक्षक श्री अशोक पांडे युवा समाजसेवी शंभू मुखी डूंगरी, सलाहकार जय सागर बगदल , संतोष कुमार के द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथ के आगे नारियल फोड़ कर पूजा अर्चना किया तत्पश्चात, भगवान जगन्नाथ को भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन करते हुए रथ पर सवार किया गया। इसके बाद रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। जय जगन्नाथ के जय घोष के साथ नगर भ्रमण करते हुए महाप्रभु जगन्नाथ रथ पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर से अपनी मौसी बड़ी की ओर जगत कल्याण विश्व कल्याण हेतु निकल पड़े।

### नारायण आइटीआई में याद किए गए श्यामा प्रसाद मुखर्जी



जमशेदपुर। रविवार को नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने कहा कि 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म हुआ। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे। डॉ० मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक किया तथा 1921 में बी०ए० की उपाधि प्राप्त की। 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वे सबसे कम आयु के कुलपति थे। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरन्तर आगे बढ़ती गयी। डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होने बहुत से गैर कांग्रेसी हिन्दुओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबन्धन का निर्माण किया। इस सरकार में वे वित्तमन्त्री बने। इसी समय वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मौजूद रहे प्रोफेसर स्वदिष्ट कुमार, वकील निखिल कुमार, जीयदीप पांडे,देव कृष्णा महतो, पवन महतो, कृष्णा पद महतो, अरुण पांडे, गौरव महतो, आदि मौजूद थे।

# श्रीलक्ष्मीनारायण की प्राण प्रतिष्ठा, भक्तों के लिए खुले मंदिर के पट्ट

## पांच दिनों चला महायज्ञ, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय रहे प्रमुख यजमान, पांच दिनों तक लगातार गूंजता रहा रामधुन, भक्तिमय रहा माहौल

### पांचवे दिन प्राण प्रतिष्ठा के बाद हजारों लोगों ने ग्रहण किया महाभोग

खबर मन्त्र ब्यूरो



प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पूजन करते सरयू राय और मधु जी।



मां लक्ष्मी और प्रभु नारायण का सपरिवार पूजन करते सरयू राय।



अंतिम दिन भोग ग्रहण करते भक्तगण।

जमशेदपुर। श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पांचवें और अंतिम दिवस रविवार को सुबह सभी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई।

श्री लक्ष्मी नारायण, शिव परिवार, हनुमान जी, काली जी आदि की मंत्रोच्चारण के मध्य प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन हुआ और उसके पश्चात यज्ञ की पूणार्हुति हुई। इस प्रकार बीते पांच दिनों से चली आ रही विभिन्न देवी-देवताओं की पूजन विधि रविवार को संपन्न हो गई। इस पांच दिनी महायज्ञ के प्रमुख यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक और श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सरयू राय थे। विशिष्ट यजमानों में स्थानीय लोग शामिल रहे। बाद में प्रभु का प्रसाद (महाभोग) हजारों लोगों ने ग्रहण किया। आज से भक्तजन यहां प्रतिदिन पूजा कर सकेंगे। पांच दिनों तक चले इस प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में हजारों लोग शामिल हुए। इन पांच दिनों में महायज्ञ परिसर का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था।

मंदिर परिसर में एक यज्ञवेदी बनाया गया था। समस्त धार्मिक अनुष्ठान वहीं संपन्न हुए। इस यज्ञ वेदी के ठीक बगल में रामधुन गाने वाली स्त्री-पुरुषों का दल था जो निरंतर रामधुन गाता रहा।

पांच दिनों तक चले इस महायज्ञ को सफल बनाने में सर्वश्री आशुतोष राय, हरेराम सिंह, अनिकेत सिंह, असीम जी, मुकेश सिंह, राघवेंद्र सिंह, पप्पू सिंह आदि की महती भूमिका रही।

यह पूरा महायज्ञ बेगुसराय से पधारे प्रख्यात पंडित गौरीशंकर ठाकुर जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# जय जगन्नाथ....गगनभेदी नारों से गूंजी लौहनगरी, धूमधाम से निकली रथयात्रा



रथयात्रा में उत्साहित युवतियां।



बेल्डीह में प्रभु जगन्नाथ की आरती करती महिला



उत्कल एसो में प्रभु के रथ के आगे जयघोष करता कलाकार।

## भक्तों में प्रभु बलराम,बहन शुभद्रा और प्रभु जगन्नाथ के दर्शन की होड़ रही

खबर मन्त्र टीम




श्रीराममंदिरम से तीन विशाल रथों पर सवार होकर प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलराम जी।

जमशेदपुर। रविवार को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम जी और छोटी बहन सुभद्रा के साथ सज-धज कर रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंच गए। इस अवसर पर लौहनगरी जमशेदपुर में जगह-जगह रथयात्रा निकाली गई और भक्तों ने बड़े ही स्नेह से अपने अराध्य के रथ को खींचा और मौसीबाड़ी पहुंचाया।

सबसे बड़ी रथ यात्रा बिष्टुपुर श्रीराममंदिरम से निकाली गयी। यहां प्रभू का रथ खींचने के लिए 50 हजार से अधिक महिला,पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे जुटे। तीन विशाल रथ जैसे ही श्रीराममंदिरम से मौसीबाड़ी के लिए रवाना हुए भक्तों ने जय जगन्नाथ... जय जगन्नाथ के गगन भेदी नारे लगाने शुरु कर दिए। इसके बाद रथ की रस्सी खींचने की होड़ देखते ही बन रही थी। प्रभु जगन्नाथ, बलराम जी और बहन सुभद्रा के रथ बिष्टुपुर डैगनल रोड होते हुए पोस्टल पार्क और वहां से जुस्को गोलचक्कर होते हुए कीनन स्टेडियम वाले स्ट्रेट माइल रोड की ओर मुड़ गए। यहां से साकची गोलचक्कर और फिर जेएनएसी चौक मौसीबाड़ी पहुंची रथयात्रा। रास्ते भर लोग प्रभु के दर्शन करते रहे और रथ खींचते रहे। भक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं द्वारा सेवा शिविर लगाया गया था। बिष्टुपुर के अलावा उत्कल एसो. साकची, नागामंदिर बेलडीह, देवनगर गांधी आश्रम से भी रथ यात्रा निकली।

### डॉ अमित और दीप्ति के नेतृत्व में रोटरी क्लब की नयी टीम ने संभाला पदभार




खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। रविवार को बेलडीह क्लब के सभागार में रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट की नयी टीम (2024-25) ने शपथ ग्रहण समारोह में नये अध्यक्ष डॉ अमित मुखर्जी एवं सचिव दीप्ति सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ पदभार संभाला। पीडीजी प्रतिम बनर्जी ने नयी टीम के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रभात ने रोटरी वेस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की और आगे भी ऐसे ही बढ़ते रहने की अनुशंसा की। मौके पर पीडीजी प्रतिम बनर्जी ने बताया कि डॉ अमित मुखर्जी न केवल एक सफल ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं, बल्कि एक लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। इनके नेतृत्व में रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट के सभी सदस्य अत्यधिक उत्साहित हैं। समारोह में जोनल रीजनल डायरेक्टर श्वेता चांद और असिस्टेंट गवर्नर निकिता मेहता की उपस्थिति भी सदस्यों के लिए उत्साहवर्धक रही।

### कुणाल ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भाजपा के फायर ब्रांड नेता कुणाल षाड़ंगी ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से आज इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपना इस्तीफा पोस्ट किया है।

उन्होंने गत 19 मई को उन्होंने प्रदेश भाजपा प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था और संकेत दे दिए थे कि उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो आगे ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं। कुणाल ने अपने इस्तीफे में भाजपा की अंदरुनी हालत का जिक्र किया है कि कैसे अब इस पार्टी में रहकर जनता के हित में कार्य करना मुश्किल हो चला है। जब कुणाल ने प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दिया था, तब पार्टी के पदाधिकारियों पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया था।

#### इस्तीफे में कुणाल के शब्द



श्री बाबूलाल मरांडी जी, प्रदेश अध्यक्ष,
भाजपा झारखंड, राँची
विषय:- पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र।
महाशय,
इस पत्र के माध्यम से मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूँ। यह निर्णय मैने गहन चिंतन और आत्ममंथन के उपरांत लिया है। पिछले कई महीनों से मैं यह महसूस कर रहा हूँ कि कई बार पूर्वी सिंहभूम जिले की बुनियादी समस्याओं से जुड़े विषयों और संगठनात्मक विषयों को आपके और अन्य वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में लाने के बावजूद पार्टी जिले की महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति बिलकुल उदासीन है। जब मैंने प्रदेश के प्रवक्ता के पद से त्यागपत्र दिया था तो मुझे उम्मीद थी कि मेरे द्वारा रखे गए विषयों पर पार्टी संज्ञान लेगी लेकिन दुखद है कि स्थिति आज भी जस की तस है। जिले की कई बुनियादी सुविधाओं और विशेष तौर पर युवाओं के मुद्दों पर यहां से चुने हुए जन प्रतिनिधि हमेशा से मौन रहे हैं और संगठन के आंतरिक अनुशासन के प्रति भी कोई गंभीरता दिखाई नहीं देती है। इन परिस्थितियों में प्रदेश नेतृत्व के द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जाना दुर्भाग्यजनक है और मैं ऐसी कार्यप्रणाली से सहमत नहीं हूँ और राजनीति में आने के मेरे मुख्य उद्देश्य के प्रति न्याय करने में असमर्थ हूँ। पूर्वी सिंहभूम जिले की जनता के हित में यह आवश्यक है कि उनकी आवाज को जोरदार तरीके से बुलंद किया जाए ताकि उनके समस्याओं का उचित समाधान हो सके जो कि वर्तमान की परिस्थिति में भाजपा में रह कर मुझे संभव प्रतीत नहीं होता है। आपसे आग्रह है कि मेरा त्यागपत्र स्वीकार करें।
श्री जे पी नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री बी एल संतोष, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, श्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री भवदीय (कुणाल षाड़ंगी)

## दूरदर्शन के वेलडन इंडिया में रेडक्रॉस के सचिव विजय सिंह का जीवन वृत प्रसारण आज

खबर मन्त्र ब्यूरो




जमशेदपुर में विजय सिंह से साक्षात्कार करती दूरदर्शन की टीम।

जमशेदपुर। अपने कार्यों में विशिष्टता और सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति करने वाले समाज को नयी दिशो देने वाले शख्सियतों पर इन दिनों पूरे देश से ऐसे लोगों को खोजकर दूरदर्शन वेलडन इंडिया नाम से कार्यक्रम बनाकर उन शख्सियतों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों को अपने बड़े प्रसारण माध्यम से दिखा रहा है। ज्ञातब्य हो कि दूरदर्शन देश का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ी पहुंचवाला सरकारी टी.वी. प्रसारण सेवा है। इसी क्रम में जमशेदपुर और कोल्हान में ही नहीं पूरे झारखंड में मानवता के सेवा कार्यों से मशहूर रेड क्रॉस पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव व राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के संस्थापक संरक्षक बिजय कुमार सिंह पर वेलडन इंडिया सीरीज कार्यक्रम में 8 जुलाई को दोपहर 2 बजे बिजय कुमार सिंह के सामाजिक एवं उनके जीवन की पृष्ठभूमि पर आधारित 1 घंटे का प्रसारण दूरदर्शन द्वारा किया जायेगा। पिछले दिनों इस कार्यक्रम के लिए लगभग दो सप्ताह की रिकॉर्डिंग एवं अन्य तकनीकी कार्यों को दूरदर्शन की टीम ने जमशेदपुर में रहकर पूरा किया और समाज के अलग अलग क्षेत्रों के लोगों से मिलकर सिंह के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उसे इस कार्यक्रम के लिए संकलित किया। इस टीम में कार्यक्रम का निर्देशन दूरदर्शन के निर्देशक पंकज सिन्हा ने किया है, इसके लिए सिनेमेटोग्राफी प्रबोध झा एवं एंकरिंग सुशांत कुमार ने किया है।

#### जानिये बिजय कुमार सिंह को

75 वर्षीय बिजय कुमार सिंह, यूं तो किसी परिचय के मोहताज नहीं है, पिछले 45 वर्षों से सामाजिक जीवन में रहकर उन्होने मानवता की सेवा के कार्यों में अपनी विशिष्टता दशार्यी है, 30 वर्ष पूर्व राम मनोहर लोहिया नेत्रालय जैसे संस्था की नींव रखकर उन्होने अबतक जहां अंधापन निवारण अभियान के माध्यम से 727 नेत्र शिविरों का आयोजन करवाया है, वहीं रक्तदान के 11सौ से अधिक शिविरो से लाखों लोगों को नया जीवन दिया है। बीते वर्ष रेड क्रॉस सोसाईटी की राष्ट्रीय शाखा द्वारा राष्ट्रपति भवन में उन्हें राष्ट्रीय मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। रेड क्रॉस के राज्यप्रतिनिधि के रूप में वे बीते 5 वर्षों से रेड क्रॉस सोसाईटी का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय मंच पर कर रहे हैं। 24 महीने से टीबी फ्री इंडिया के तहत गरीब एवं जरूरतमंद टी.बी मरीजों को राशन दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे अनेकों कार्य बिजय कुमार सिंह के सामाजिक जीवन में दर्ज है, जो उन्हें औरों से अलग और विशेष बनाते हैं।

## एक नजर में

### डॉ अजय कुमार ने लगाया हेल्थ चेकअप कैंप



जमशेदपुर। पूर्व सांसद सह कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य डॉ अजय कुमार द्वारा रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस हेल्थ चेकअप कैंप में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराई। हेल्थ चेकअप कैंप में लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर,हार्ट,लीवर, आंख सहित कई बीमारियों की जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के लिए सलाह भी दिया गया। मौके पर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि आम लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य ही उनकी पूंजी है। इसलिए उसकी सुरक्षा के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की मांग है की आप नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराए। ताकि समय पर आपको बीमारी का पता चल पाए। स्वस्थ शरीर ही समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे सकता है। इस क्रम में आज बागुननगर, टुईलाडूंगरी और बारादारी में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अपना हेल्थ चेक कराया। इस आयोजन में मुख्य रूप से धर्मेंद्र सोनकर, सुरेंद्र शर्मा,राजा सिंह राजपूत,राकेश साहू,मनीष, रईस रिजवी छब्बन, राजकिशोर प्रसाद, अफसर इमाम,नीरज साहू, लकी गोस्वामी सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### चांडिल में धूम धाम के साथ महाप्रभु जगन्नाथ पहुंचे मौसी बाड़ी



चांडिल। रविवार को चांडिल बाजार, चौलीवासा बड़ामटांड, मिरुडीह तथा अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में धूम धाम के साथ महाप्रभु जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा जी का रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान चांडिल बाजार में श्रद्धालुओं का काफी भीड़ देखा गया। रथ यात्रा में विधायक सविता महतो, पूर्व जिला पार्षद ओमप्रकाश लायेक शामिल हुए। इस दौरान विधायक सविता महतो पूर्व जिला पार्षद ओमप्रकाश लायेक ने रथ का डोर खींचा और प्रभु जगन्नाथ से क्षेत्र का मंगल कामना किया। इस दौरान विधायक ने युवा पीढ़ी से धार्मिक आयोजन को बचाए रखने का अपील किया। इस अवसर पर महंत विद्यानंद सरस्वती, इंद्रानंद सरस्वती, झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, काबलु महतो, ओमप्रकाश लायेक, कृष्णा किशोर महतो, राहुल वर्मा, मिलन तंतुवाय, खुदीराम कालिंदी, रतन साव सहित काफी श्रद्धालु उपस्थित थे।

### बोडाम की रथयात्रा में शामिल हुए विधायक मंगल



जमशेदपुर/बोड़ा। जुगसलाई विधानसभा बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बोड़ाम ग्राम स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा के शुभ अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए और माथा टेक कर महाप्रभु का आशीर्वाद ग्रहण किए। मौके पर विधायक ने कहा कि भगवान जगन्नाथ सभी के आराध्य है।आज जगन्नाथ जी की यात्रा निकाली जा रही है, और जगन्नाथ जी से मैं यही कामना करता हु कि झारखंड एक खुशहाल प्रदेश बने और अपनी तरक्की के रास्ते पर चलता रहे। मौके पर बोड़ाम जिला परिषद गीतांजलि महतो, मानिक महतो,छोटू लाल हसदा,काजल सिंह विनय मंडल, शंभू नाथ सिंह,खेत्र मोहन गोप,रती रमन सिंह, रामु कुंभकार आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रथ यात्रा में आगाज ने लगाया सेवा शिविर



जमशेदपुर। आगाज संस्था द्वारा साकची में रथ यात्रा के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिये ठंडे पानी और लड्डू की सेवा शिविर लगाया गया। साथ ही प्रभु के रथ में संस्था द्वारा पुष्प माला और प्रसाद भी भेंट किया गया। सेवा शिविर में मुख्य रूप से सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह ने सेवा शिविर में मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह,मलविंदर सिंह,गुरबचन सिंह,अमनजोत सिंह, हरप्रीत सिंह,प्रीति गुप्ता, जगप्रीत सिंह,अभय महंती, सुखदीप सिंह,गौरव सिंह,सनी सिंह,बॉबी सिंह,रोहित कुमार,आदी का सहयोग रहा।

### जायंटस ग्रुप ने बिष्टुपुर में रथयात्रा के दौरान लगाया सेवा शिविर



जमशेदपुर। रविवार संध्या जेंट्स ग्रुप आफ जमशेदपुर के तरफ से जगन्नाथ प्रभु जी का रथ यात्रा के अवसर पर तिवारी बेचार पेट्रोल पंप बिस्टुपुर, जमशेदपुर, के नजदीक टेंट लगाकर मसाला चना एवं शरबत का वितरण किया गया। इसके स्पॉन्सर्ड हमारे अध्यक्ष श्री अरुण बकरे वाले जी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर हरे श्याम जी, डॉक्टर एमपी दुबे, सतीश कुमार सिंह अधिवक्ता, सुशील भारद्वाज जी, श्रीमती लता भारद्वाज जी ,बाकरेवाल जी के दोनों सुपुत्र राजीव एवं हर्ष, पंकज जी एवं अन्य सदस्य का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम बहुत ही बेहतर तरीके से हुआ इसमें करीब 5000 ग्लास शरबत और भुना हुआ चना रथ भक्तों के बीच में बांटा गया।

### देवनगर, गांधी आश्रम भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा व खासमहल में शामिल हुए काले



जमशेदपुर । ओडिशा के बाद जमशेदपुर के देवनगर, गांधी आश्रम जगन्नाथ मंदिर में भव्य तरीके से रथ यात्रा निकाली जाती है। इस रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा विराजमान होतीं हैं। यात्रा भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकलते हुए गुंडिचा मंदिर जाती है। इस पावन अवसर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने पूजा-अर्चना कर रथ यात्रा की शुरुआत कर श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि हम इस पवित्र अवसर को मनाते हैं, भगवान जगन्नाथ की दिव्य यात्रा हमारे जीवन को स्वास्थ्य, खुशी और आध्यात्मिक समृद्धि से भर दे।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर राजगढ़ से निकाली गयी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा




चैनपुर पलामू। चैनपुर राजगढ़ स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से रविवार को भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर परांपरागत तरीके से गाजे बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली गईं। मंदिर के पुजारी पंडित नांगवत पाठक ने घंटे घड़ियाल व शंखध्वनि के बीच भगवान का श्रृंगार किया गया। उसके बाद आरती उतारी गई। साथ ही प्रसाद अर्पण किया गया। चैनपुर स्टेट के राजपरिवार विधि विधान से भगवान की पूजा अर्चना की। इसके अलावा अन्य भक्तों ने भी मंदिर में भगवान को प्रसाद चढ़ाया। उल्लेखनीय है कि चैनपुर में रथ यात्रा की गौरवशाली परंपरा रही है। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को अलग-अलग रथों पर आरूढ़ करा कर रथ यात्रा निकाली जाती है। राजपरिवार के सदस्य रथों को खींच कर रथयात्रा की शुरूआत करते हैं। रथों को खिंचते हुए श्रद्धालु चैनपुर से दो किलोमीटर दूर मौसीबाड़ी ले गए। वहां दो दिन विश्राम के बाद भगवान वापस मंदिर लौटते हैं। भगवान का रथ खिंचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी रहती है। चैनपुर में रथयात्रा का इतिहास 180 साल से भी ज्यादा पुराना है। परंपरागत तरीके से हर एक साल भगवान जगन्नाथ का छप्पन भोग के साथ पूजा अर्चना की जाती है एवं दूसरे दिन रथ यात्रा का आयोजन होता है। श्रद्धालु अनानास अनरसा जामुन आदि चीजों का प्रसाद रथ पर सवार सभी भगवान को चढ़ते हैं। इधर रथ यात्रा के दौरान चैनपुर पुलिस दलबल के साथ मुस्तैद थे।

### एनसीपी की टीम सूर्या विंग ने भीम चूल्हा स्थल पर की बैठक



मोहम्मदगंज पलामू। एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक के निर्देश पर रविवार को मोहम्मदगंज स्थित पर्यटक स्थल भीम चूल्हा परिसर में युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह ने की। संचालन युवा एनसीपी के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष संजय ठाकुर व अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर दस दस युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। बैठक में हरि सिंह ने कहा कि इसकी शुरूआत मोहम्मदगंज प्रखंड से की गई है। युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष संजय ठाकुर व वरीय कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में सभी 8 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हरि सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में शुरूआत करने के बाद मोहम्नदगंज प्रखंड में भी युवा एनसीपी की टीम सूर्या विंग कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है। इसमें एक बूथ दस यूथ अभियान चला कर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाना है। उन्होंने कहा कि आज भी एनसीपी का संगठन सभी बूथों तक काफी मजबूत है। इसे और मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं को जोड़ने का काम शुरू किया गया है। सभी बूथों पर दस दस युवाओं को जोड़ने के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह की मौजूदगी में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अजीत सिंह, हैदरनगर युवा प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह, सिकंदर रजवार, नगीना सिंह, शुभम सिंह, गुड्डू चौधरी, राजेश मेहता, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह, प्रमोद रजवार, कन्हाई मेहता, ज्योतिष मालाकार, संजू विश्वकर्मा, रंजीत शर्मा, अनिल मेहता, कौशल सिंह, बबलू सिंह, मिथुन सिंह, रजनीश सिंह, गुड्डू पाल, गोरख पासवान, मनु सिंह, अजय चंद्रवंशी, पवन प्रजापति, अंगद आदि मौजूद थे।

### अभिनंदन विजय संकल्प सभा की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक



पाटन पलामू। 14 जुलाई को छतरपुर में होने वाले अभिनंदन विजय संकल्प सभा की तैयारी को लेकर पाटन में भाजपाईयों ने बैठक की। प्रस्तावित संकल्प सभा के संयोजक पूर्व सांसद मनोज कुमार ने सभी तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश दिया। पाटन मंडल एवं किशनपुर मंडल के संयुक्त बैठक किशुनपुर के काली मंदिर के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की और संचालन किशुनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डे ने किया। बैठक में पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ता जिस तरह पार्टी के लिए समर्पण भाव से पार्टी के उम्मीदवार को जिताने और भाजपा को पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने में सभी का योगदान रहा है। इसे देखते हुए प्रदेश भाजपा के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत कार्यक्रता सम्मान अभिनंदन समारोह कर कार्यकर्ता को सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, कामता सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, जितेंद्र सोनी, पशुपति शर्मा, अर्जुन तिवारी अंजय सिंह गुड्डू सिंह श्रीकांत तिवारी चंदन दुबे अनुज चौधरी शबय साची उपाध्याय धनपत राम निरंजन पासवान उमेश सिंह राजू मालाकार ईद मो अंसारी, जितेंद्र कुमार सिंह प्रदीप चंद्रवंशी, अरुण कुमार पासवान व कार्यक्रता उपस्थित थे।

### डीटीओ ने अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया गया अभियान



मेदिनीनगर। जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पड़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 6 वाहनों को जब्त किया गया। दो वाहनो का ऑनलाइन चालान किया गया जिसे पड़वा थाना परिसर में जब्त कर रखा गया एवं सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया। इन वाहनो पर कोयला, डस्ट, आदि लोड थे। डीटीओ द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान में कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### जपला में मनी समाजवादी नेता स्व दिनेश कुमार सिंह की पुण्यतिथी



हुसैनाबाद पलामू। शहर के धरहरा जपला नहर पर स्थित प्रतिमा के समक्ष रविवार को सामाजिक व समतामूलक समाज के प्रेणता स्व दिनेश कुमार सिंह का 19वीं पुण्यतिथी मनाई गई। मौके पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार यादव, ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, राजद के पूर्व प्रत्याशी ममता भुइयां, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बसपा के जिला अध्यक्ष अजय भारती, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, कांग्रेस नेता हसनैन जैदी, मदन पासवान, दिनेश सिंह स्मृति के संयोजक कामलेश सिंह, पत्रकार दीपक कुमार, लवकेश सिंह समेत कई अतिथियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता कांग्रेस नेता सैयद मशरुर अहमद ने की संचालन जेएमएम के जाकिर अली ऊर्फ राज अली ने किया। मौके पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि स्व दिनेश कुमार सिंह शूरू से ही गरीबों दलितों की आवाज को बुलंद करने का काम करते थे। वे समतामूलक समाज के प्रेणता थे। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि स्व दिनेश कुमार सिंह हर चुनौती का मुस्करा कर समाना करते थे।

---

#### केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित कर रही है प्रथम महापौर अरुणा शंकर

## भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद के साथ चौपाल की शुरूआत




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने महावीर नगर में चौपाल लगाकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को केंद्र द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में बताया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि आज रथ यात्रा का दिन शुभ है। भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेते हुए आज से मैं शहर के साथ-साथ गांव गांव जाकर चौपाल लगाऊंगी। और वहां की माता बहनों बुजुर्गों एवं भाइयों को मोदी सरकार द्वारा दी जाने वाले सुविधाओं से अवगत कराऊंगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनु तिवारी ने प्रथम महापौर को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, वार्ड पार्षद मनोज प्रजापति, सुनील तिवारी, नित्यानंद तिवारी, शुभम तिवारी, नित्यानंद तिवारी, आनंद तिवारी, ललन तिवारी, नित्यानंद पांडे, विनोद तिवारी, अलख गिरी रविंद्र नाथ तिवारी, विनोद सिंहा एवं काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी। अरुणा शंकर ने कहा कि चौपाल की शुरूआत आज अच्छे दिन के साथ-साथ ब्राह्मण के आशीर्वाद के साथ शुरू कर रही हूं जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे भी कोई भी यज्ञ ब्राह्मणों के आशीर्वाद के बिना पूर्ण नहीं हो सकता है।

#### नीलांबर पीतांबरपुर सीएचसी में पांकी विधायक ने की एचएमएस की बैठक

## अस्पताल के बाहर दुकान बनाने समेत लिये कई निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक की। बैठक में अस्पताल के बाहर दुकान बनाने कई आवश्यक निर्णय लिए गए। अस्पताल में एक्स-रे संयंत्र के अधिष्ठापन का निर्णय लिया गया। मॉड्यूलर ओटी, प्रसव कच्छ तथा डॉक्टर एवं एएनएम रूम को अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अस्पताल के कई आवश्यक जगह पर एसी लगाने का प्रस्ताव लाया जिसे पारित किया गया। अस्पताल का सुंदरीकरण एवं आय संवर्धन के लिए अस्पताल परिसर के बाहर खाली पड़े जमीन पर विधायक निधि से दुकान एवं सामुदायिक शौचालय बनवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा के साथ कुपोषण उपचार केंद्र बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में विधायक ने कहा कि अब मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिया जायेगा। मरीजों के जांच के लिए कई मशीने भी लगायी जा रही है। बैठक में प्रमुख सुनील कुमार पासवान, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन, बीपीएम राजकुमार सिंह, बैम मोहम्मद शकीरा, डॉक्टर रेशु रंजन, डॉ अरुण चंद्र मोहन्ता राजीव रंजन, प्रवीण कुमार मौजूद थे।

## राष्ट्र की धरोहर व पर्यावरण के अंग हैं युवा खेल, कला संस्कृति व वन : कौशल व अमित

#### पर्यावरणविद व जिला पार्षद ने विजेता व उपविजेता टीमों को किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के सिलदाग पंचायत के खेल मैदान पर आयोजित क्रिकेट के फाइनल मैच का विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरण विद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने औपचारिक बैटिंग कर खेल का शुभारंभ किया। कौशल ने कहा कि युवा, खेल, कला, संस्कृति व वन ये सभी पर्यावरण की अंग और राष्ट्र की धरोहर हैं। इनकी हिफाजत करना सबका दायित्व है। अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत है उन्हें उचित प्लेटफार्म मुहैया कराकर उनकी प्रतिभा को निखारने की। दोनों टीमों के कप्तान को कौशल व अमित ने कप के साथ आम और अमरूद का पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। फाइनल मैच तुकतुका बनाम बरछाही के बीच खेला गया। टुकटुका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 95 रन बनाया। जबकि जवाबी पारी खेलने उतरी बरछाही की टीम 75 रन पर ऑल आउट हो कर सिमट गई। मैन आफ द मैच का खिताब राजन कुमार को दिया गया। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष-रमन यादव, कोषध्यक्ष छोटू विश्वकर्मा, सचिव पप्पू सिंह उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिन पांडेय, मुखिया पति उमेश कुमार यादव, शिवपूजन तिवारी, लव जी, सिंटू, राकेश कुमार ठाकुर, आलोक सिंह, डॉ रंगीला सिंह, डॉ अखिलेश सिंह, सहित आदि उपस्थित थे। मैच में अंपायर की भूमिका करण स्टार छतरपुर व पप्पू सिंह ने निभाई।

#### एबीपीएस रेहला में आपातकाल सुरक्षा और सतर्कता हेतु कार्यक्रम का सफल आयोजन

## मॉक ड्रील सुरक्षा के लिए जरूरी: हितेंद्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेहला में ग्रासिम इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी और प्राचार्य नुरूल हक के नेतृत्व में आपातकाल सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल को ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला की सुरक्षा टीम के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल की उप-प्राचार्या जेस्सी साजी मैथ्यू, सहित सभी शिक्षकगण, सेफ्टी विभाग से अशोक सिंह, दिवाकर विश्वकर्मा, सिक्योरिटी विभाग से बिपिन दीक्षित, फायर सेफ्टी से सुरेश कोप सहित उपस्थित अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ड्रिल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्कूल के सभी सदस्यों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रूप से बाहर निकालने और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु था। ड्रिल के क्रियान्वयन में सभी मानकों का पालन किया गया तथा ऐसा वातावरण निर्मित किया गया जिससे यह ड्रिल वास्तविक घटना जैसी प्रतीत होने लगी। सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए 13 मिनट के भीतर सभी छात्रों को सुरक्षित रूप से स्कूल भवन से बाहर निकालकर विद्यालय प्रांगण में एकत्रित कर लिया गया। इस मौके पर प्राचार्य नुरुलहक ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया तथा सुरक्षा एवं आपातकाल सुरक्षा मॉक ड्रिल के महत्व को विस्तार से बताया। साथ ही यह विश्वास दिलाया कि अदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेहला, अपने छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। मौके पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने बताया कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल्स जीवन सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और भविष्य में ऐसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में सहायक होती हैं। इस सफल आयोजन के लिए सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए इकाई प्रमुख ने भविष्य में भी इसी तरह की सतर्कता और सहयोग की आशा व्यक्त की।

## डालटनगंज भंडरिया विधायक आलोक ने कई गांवों का दौरा कर सुनी समस्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** डाल्टनगंज भंडरीया विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र के बारी, खामडीह, हलुमाड़, पोंची, सतबरवा तथा दुलसुलमा गांव का दौरा किया।इस दौरान विधायक चौरसिया ने गांव के लोगों की समस्याओं को सुना और तत्काल उसका समाधान किया। इस दौरान उन्होंने बारी में माता शबरी स्थल का चारदीवारी, नावाडीह में नवनिर्मित मंदिर के पास विवाह मंडप,हलुमाड़ में फुटहाड़वा डैम के समीप छालका निर्माण तथा दुलसुलमा में देवी मंडप का चारदीवारी का निर्माण का लाभुक समिति को अग्रीम के रूप में चेक वितरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष बिजय पाठक, सुधा कुमारी, अमलेश चौरसिया, भिष्म चौरसिया, रामकरेश चौरसिया, प्रिति गुप्ता, राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष सिन्हा, संजय यादव, चंचल यादव, भरदुल सिंह, मनोज सिंह, रविन्द्र सिंह, पप्पू सिंह, अजय उरांव, लालबहादुर सिंह, बिनय सिंह, सिकंदर भुइयां, बालदेव मेहता, मनोज मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

## षड्यंत्रकारियों को शिकस्त दे हेमंत बने युवाओं के प्रेरणास्रोत : अविनाश देव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनने पर झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने रांची आवास पर मुलाकात कर माटी के बर्तन में मिष्ठान पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर बधाई दी। देव ने सोरेन से कहा कि राजनीतिक विभाजनकारी और षड़यंत्रकारियों के साजिश का अंत कर आप ने पूरे झारखंड को अन्याय व षड्यंत्र के खिलाफ डट कर संघर्ष करने की प्रेरणा दी है। इसे हम जैसै युवाओं को प्रेरणा मिली है। साथ ही इससे झारखंड को एक नई पहचान मिली है। साजिशों के अंत के बाद हमारे हेमंत अब अपने बीच है। इससे पूरे झारखंड में हर्ष और उल्लास का वातावरण कायम हुआ है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी फिर से हेमंत राज आयेगा क्योंकि झारखंड को हेमंत पसंद है। कल्पना सोरेन की विषम परिस्थिति में कुशल नेतृत्व देश भर में आयरन लेडी के रूप में अपनी पहचान दिलाई जिसका सीधा फायदा विधानसभा चुनाव में मिलेगा।

### जनकल्याण ट्रस्ट की बैठक में जनहित में कार्य करने का लिया गया निर्णय



मेदिनीनगर। जनकल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक ट्रस्ट के कार्यालय एमपी भवन अघोर आश्रम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे एवं संचालन संगठन सचिव नंदलाल दुबे ने की। बैठक में मेडिकल कैंप आयोजित करने, वृक्षारोपण और मच्छरदानी वितरण करने, ओआरएस वितरण करने, छतरपुर अनुमंडल में खेलकूद प्रतियोगिता कराने समेत जनहित में कई निर्णय लिये गये। सभी कार्यक्रम को 10 अगस्त के अंदर संपन्न कर ली जाएगी। इसके लेकर ट्रस्ट के द्वारा वरीय पदाधिकारी की कमेटी बनाई गई है। ट्रस्ट के केंद्रीय सचिव नंदलाल दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष मधु देवी के नेतृत्व में सभी कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। साथ-साथ ट्रस्ट के सभी सदस्यों को यह निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में उक्त कार्यक्रम का सूची बनाकर केंद्रीय कार्यालय में लिखित सूची दे ताकि ट्रस्ट के द्वारा हर एक क्षेत्र में कार्य को सफल बनाया जाए। यह जानकारी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने दी।

### आरसीआईटी कॉलेज परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया



विश्रामपुर पलामू। प्रखंड के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। पौधरोपण की शुरूआत भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने औषिधीय पौधा लगा कर किया। आरसीआईटी कॉलेज परिसर में कई औषिधीय, इमारती व फलदार पौधा लगाया गया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि प्रत्येक पेड़ की रक्षा करना हम सब का दायित्व है। जिस तरह हम अपनी मां की रक्षा करते है। उसी तरह हमे पेड़ की भी रक्षा करनी चाहिए। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, इसरार हवारी, असलम बहादुर, अनिल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## भगवान जगन्नाथ भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान हुए




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाईन रोड से अंतरर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन के हरे कृष्ण यूथ के नेतृत्व में आषाढ़ शुक्ल प्रतिवदा के दिन भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस रथ में भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान हुए।

जहां पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्रथम मेयर अरूणा शंकर, प्रशिक्षु एसपी राकेश कुमार, सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह व अन्य को मायापुर से पधारे गौरधाम प्रभु ने शुद्धिकरण कर पूजा में शामिल कराया। इसके बाद सभी ने आरती उतारकर व नारियल फोड़कर रथ को रवाना किया। रविवार को सुबह में मंगल आरती, दर्शन आरती एवं गुरू पूजा किया गया।

## जपला में मूसलाधार बारिश मुख्य बाजार में जल जमाव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** रविवार को अचानक मौसम करवट ने उमस भरी गर्मी को ठंडा किया लेकिन मूसलधार बारिश ने शहर को जलमग्न में तब्दील कर दिया। जपला बाजार के मुख्य सब्जी अम्बेडकर चौक आदि कई स्थानों पर दो से तीन फीट जल जमाव हो गया। जिससे पूरा शहर अस्त व्यस्त हो गया। जल जमाव के कारण कई दुकानों में पानी भर गया जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया।कई लोगो शहर के जनप्रतिनिधियों व नगरीय प्रशासन को कोसा। हलांकि शहर में नाली पानी निकाशी के ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम नही होने के कारण जल जमाव हो तो पूर्व निश्चित है। गौरतलब हैं कि शहर में चारो तरफ तो पकिकरण हो गया सड़के भी बनी लेकिन पानी निकासी की ड्रीम प्रोजेक्ट आज तक नही बन।

### अबुआ आवास निर्माण नहीं करानेवाले लाभूकों को दिया गया नोटिस



पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत मेराल पंचायत एवं कांके कला पंचायत में अबुआ आवास के लाभुकों के बीच आवास में कार्य नहीं करने वाले लोगों के बीच चेतावनी नोटिस वितरण की गई। पाटन प्रखंड में अबुआ आवास के लिए 1096 लाभुकों का चयन किया गया था। जिसमें अभी तक 225 लाभुकों ने आवास में कार्य शुरू नहीं किया है। जिसके उपरांत पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने कार्य नहीं करने वाले लाभुकों को चेतावनी नोटिस जारी किया था। उसी को लेकर पंचायत सचिव अनिल कुमार पासवान एवं मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह ने मेराल एवं कांके पंचायत में डोर टू डोर जाकर लाभुकों के बीच चेतावनी नोटिस दिया एवं जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा।

## ग्रासिम ने किया कृषक प्रशिक्षण व बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

#### खेती में नयी तकनीक का इस्तेमाल कर उत्पादन बढ़ायें किसान





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व, रेहला के द्वारा बिशनपुर स्थित सी एस आर प्रशिक्षण केंद्र में खरीफ फसलों से संबंधित विशेषकर मडुवा, मक्का, अरहर, तिल एवं धान की उन्नत खेती हेतु एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार, प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, गढ़वा- सह -प्राचार्य कृषि महाविद्यालय, गढ़वा एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ अमरेश चन्द्र पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में मानव संसाधन प्रमुख ने कहा कि किसान भारत के अन्नदाता हैं और खेती में नई तकनीक का इस्तेमाल कर किस तरह से उत्पादकता को बढ़ाया जाए इस पर लगातार किसानों को जागरूक करने की जरूरत है। हम सी एस आर के माध्यम से किसानों के ज्ञानवर्धन के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन के साथ-साथ उनके बीच उन्नत किस्म के बीजों का भी वितरण करते हैं। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार ने किसानों को बताया कि इस बार किसानों के लिए खुशखबरी है क्योंकि मौसम पूवार्नुमान के अनुसार मानसून की बारिश अच्छी होने वाली है जिससे खेती भी अच्छी होगी। उन्होंने किसानों को खरीफ फसल विशेषकर मडुवा, मक्का, तिल, अरहर एवं धान की उन्नत खेती हेतु खेत तैयार करने, बीज उपचार, बुआई, रोपाई, सिंचाई एवं खरपतवार प्रबंधन के विषय मे किसानों को प्रशिक्षित किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ अमरेश चंद्र पांडेय ने किसानों को खेती में जल प्रबंधन एवं जल संरक्षण की तकनीक के बारे में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के अंत में किसानों के बीच मडुवा, अरहर एवं धान के उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया गया। प्रशिक्षण में कुल 104 किसानों ने भाग लिया जिनमें 22 महिला कृषक भी थीं। कार्यक्रम का संचालन सी एस आर के अनिल गिरि ने किया। कार्यक्रम में जन सेवा ट्रस्ट के डॉ पी पी पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, योगेश पाल, आफताब अंसारी, मो कैफ, सत्येंद्र सिंह, भोला सिंह, बीरेंद्र सिंह, श्रीकांत सिंह आदि ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में पौधरोपण महोत्सव मनाया गया

#### बच्चों ने फूलदान को सजाया व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र जपला छतरपुर मुख्य मार्ग में ग्राम संढा के समीप आरपीएस पब्लिक स्कूल में वर्षा ऋतु के आगमन पर पौधरोपण कर महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने फूलदान को सजाया और ग्रीन यूनिफॉर्म दिखाते पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प लिया। इस दौरान सैकड़ों फलदार व छायादार पौधा लगाया गया। वही स्कूल के प्राचार्य मनुज शर्मा ने कहा कि आज जिस तरीके से जलवायु परिवर्तन कर रहा है। हिट वेब का असर देखने को मिला वैसे में मानव जीवन की रक्षा हेतु वृक्षों की सुरक्षा आवश्यक है और यह हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने मानव के भौतिक सुखसुविधा के लिए वन्य कटाव पर चिंता जताते हुए बच्चों को उसकी सुरक्षा व संरक्षण हेतु आवश्यक उपदेश दिया। मौके कुहू राज व अन्य कई बच्चे उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## हेमंत सरकार बिचौलियों की सरकार बनकर रह गई : रामकिंकर पांडेय



**बेरमो।** सुशासन दल के अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय ने कहा इस बार झारखंड विधानसभा चुनाव में कठिन स्थिति है। कहा कि हेमंत सरकार बिचौलियों की सरकार बनकर रह गई जिससे जनता निराश हो गई है। भाजपा सरकारों ने भी हमेशा निराश ही किया इसलिए दुबारा रिपीट नहीं कर पारी है। हो सकता है किसी भी दल को बहुमत हासिल नहीं हो। सुशासन दल को लेकर कहा कि उत्तरी छोटानागपुर में कुछ सीटों पर प्रत्याशी उतार सकते हैं।

## बोकारो के छात्र छात्राओं को वोटर बनाने को लेकर बैठक

**बेरमो।** बीते देर शाम को बोकारो थर्मल संध्याकालीन डिग्री कॉलेज में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से बेरमो ब्लॉक के सीईओ और सभी बीएलओ उपस्थित थे। यह बैठक उक्त कॉलेज के कार्यालय में आयोजित की गई थी। इस बैठक में मुख्य रूप से इस विषय पर चर्चा हुई कि जिन भी छात्र छात्राओं ने कॉलेज मे दाखिला ले लिया है और उनके पास वोटर कार्ड नही है तो ऐसे छात्र छात्राओं को चिन्हित कर कॉलेज परिसर में एक शिविर लगा उनके वोटर कार्ड बनाये जाये। यहां यह भी निर्णय लिया गया कि वोटर कार्ड बनाने के लिए लगाये गये शिविर में ऑन दा स्पोर्ट कार्ड बनाने के लिए फार्म। कहा गया कि फॉर्म भर कर कॉलेज के कार्यालय में जमा करना है जिसे कॉलेज के कर्मी बीएलओ तक पहुंचाएंगे और बीएलओ फॉर्म को स्वीकृति कर वोटर कार्ड बनाने हेतु आगे बढ़ा देगे। बैठक का नेतृत्व उक्त कॉलेज के प्राचार्य के अनुपस्थिति में प्रभारी इंचार्ज डॉक्टर दशरथ महतो इंचार्ज तथा प्रोफेसर बबिता, प्रोफेसर अंजू, प्रोफेसर डीपी महतो आदि लोग कर रहे थे। जबकि बैठक में कॉलेज के कर्मचारीयो मे सुनीता शास्त्री, पुतुल सिंह, सुरेश महतो, सरिता, सविता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जयमंगल सिंह के निर्देश पर लगा ट्रांसफार्मर



**बेरमो।** जरीडीह प्रखंड के जैनामोड़ सब डीविजन अंतर्गत जैनामोड़ मिश्रा साइड दुर्गा मंदिर के समीप 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसे लोगो ने बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनुप सिंह को अवगत करवाया। बेरमो विधायक ने कार्रवाई करते हुए विधुत विभाग को निर्देश दिया। विद्युत विभाग, बोकारो द्वारा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगावाया। वही ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कांग्रेस नेता उत्तम सिंह, बेरमो विधायक के प्रतिनिधि बिनोद महतो,बेरमो विधायक के निजी सचिव राजेश सिंह प्रखंड अध्यक्ष अशोक मंडल ने कहा कि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह हमेशा लोगों की सुख दुख मे शामिल रहते है। लोगो ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के प्रति आभार जताया है। मौके पर मुख्य रूप से आयुष माथुर उपस्थित थे।

## मानव सेवा माधव सेवा मंच के द्वारा बांटा गया पौधा



**बेरमो।** मानव सेवा माधव सेवा मंच के द्वारा भगवान श्री जगरनाथ के रथ यात्रा के पावन अवसर पर करगली गेट प्रेरणा स्थल के समीप फलदार पौधा वितरण किया गया और करगली 3 नंबर धौडा में फलदार पौधा लगाया गया। मानव सेवा माधव सेवा मंच के गजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से वीरेंद्र तिवारी, भजन घोष, श्याम सुन्दर, नंदकिशोर सिंह, भोलानाथ चक्रवर्ती, तारकेश्वर चक्रवर्ती, नागराज जी, बबलू सिंह, बंटी, वेलु, सोमनाथ चटर्जी, संजीव कुमार, मनोज दुबे, जितेंद्र पासवान, गजानंद सरदार बच्चन सिंह आदि उपस्थित थे।

# भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की निकाली गई रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** कसमार प्रखंड अंतर्गत मंजूरा स्थित सपाही टांड़ नमक स्थान पर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की दिव्य और भव्य रथ यात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु अपनी बहन सुभद्रा व भैया बलभद्र के साथ रथ पर आरूढ़ हो अपनी मोसी के घर गए। रथ यात्रा हिंदुओं का महत्वपूर्ण त्योहार के अंतर्गत आता है, जो प्रतिवर्ष आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष के द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान जगन्नाथ महाप्रभु सर्दी और बुखार से ग्रसित हो जाते हैं इस वजह से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए उन्हें अपने राज काज की चिंता से दूर एवं आराम की आवश्यकता होती है और आराम तथा निश्चिंतता उन्हें अपनी मौसी के यहां ही मिल सकती थी। इसी वजह से उन्होंने अपनी मौसी के घर जा कर कुछ दिनों तक आराम करने का निश्चय किया। उन्होंने मौसी के घर रथ द्वारा प्रस्थान किया साथ में बहन सुभद्रा व भैया बलभद्र भी हो लिए। इसी रथ यात्रा से यह प्रचलन प्रारंभ हुआ। कहते हैं भगवान अपनी मौसी के घर आराम होने तक 15 दिनों तक ठहरे। कसमार के सपाही टांड़ में रथ यात्रा का प्रचलन वर्षों पुरानी है। रथ में भगवान तथा उनकी बहन एवं बलभद्र तीनों सुसज्जित हुए। इस अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। संध्या को भगवान जगन्नाथ जी के रथ को खींचते हुए मौसी बाड़ी तक पहुंचाया गया। रथ संचालन एवं पूजन इत्यादि कार्य पंडित हीरालाल गोस्वामी, दिलीप गोस्वामी एवं उमाशंकर गोस्वामी सम्हाल रहे थे। वहीं आयोजन कमिटी के रविशंकर महतो, लालन घासी, झगरू महतो, उमा शंकर महतो, हेमंत महतो इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया।

## ... तो योग्य उम्मीदवार को मदरसे में मिल जाएगी नौकरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** झारखंड सरकार से अनुदानित मान्यता प्राप्त मदरसा अंजुमन इस्लामिया महेशघाटी बरहरवा के तीन खाली पदों के लिए लिखित व मौखिक परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें एक हाफिज एक मैट्रिक प्रशिक्षित और एक इंटर प्रशिक्षित पदों के लिए परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्र राजस्थान इंटर विद्यालय साहिबगंज को बनाया गया जिसमें हाफिज पद के लिए 10, इंटर प्रशिक्षित पद के लिए 10, मैट्रिक प्रशिक्षित पद के लिए 5 आवेदक ने फॉर्म भरा। लेकिन परीक्षा केंद्र पर हाफिज पद के लिए 10 में से 9, इंटर प्रशिक्षित पद के लिए 10 में से 8,मैट्रिक प्रशिक्षित पद पर 5 में से 4 उपस्थित हुए। परीक्षा नियंत्रण प्रभारी ममता मुर्मू ने बताया कि जैक के चिट्ठी के आदेश अनुसार राजस्थान इंटर विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें लिखित एवं मौखिक परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। वही उम्मीदवार से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि परीक्षा संतोषजनक रहा। लेकिन हम लोगों को डर है कि कहीं पहले की तरह इस बार भी रूपयो का खेल ना हो जाए जिससे कि योग्य उम्मीदवार का चयन न होकर पैसा देने वाले उम्मीदवार का चयन हो जाए। इसके लिए उन्होंने जिले के संबंधित पदाधिकारी व जैक को अपनी निगरानी में निष्पक्ष रूप से चयन करने की बात कही है।वही मदरसा अंजुमन इस्लामिया के प्रधान मौलवी अब्दुल कबीर ने मीडिया से बात की तो बताया कि जो उसके योग्य होंगे उनको ही चयन कर बहाल किया जाएगा लिहाजा रिश्वतखोरी करने वाले की कोई गुंजाइश नहीं है।

वही शिक्षा विभाग के जानकार की माने तो जैक नियमावली के अनुसार बहाली करते समय जैक शिक्षा प्रतिनिधि साथ जिला प्रशासन के जिला शिक्षा पदाधिकारी स्थानीय विधायक प्रतिनिधि साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी या उनके कोई प्रतिनिधि का चयन के समय होना अनिवार्य होता है। लेकिन इस बहाली चयन प्रक्रिया में ना ही जिला शिक्षा पदाधिकारी नही विधायक प्रतिनिधि और ना ही अनुमंडल पदाधिकारी के कोई प्रतिनिधि नजर आए। परीक्षार्थी सूत्रों की माने तो बहाली चयन प्रक्रिया के समय एक बदनामी जमाना झोलाछाप दलाल परीक्षा केंद्र में घूमते नजर आए जिससे परीक्षार्थी भयभीत देखे गए।

## जलाराम बापा की वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनी

**बेरमो।** फुसरो नप क्षेत्र अंतर्गत करगली बाजार स्थित शिवनारायण मंदिर परिसर स्थित श्री जलाराम बापा की 14 वीं वर्षगांठ रविवार को धूमधाम के साथ मनाई गई। बड़ी संख्या में भक्तगण पूजन में शामिल होकर मंगल जीवन की कामना की। 07 जुलाई 2011को बाबा की मूर्त्त गुजरात के अहमदाबाद शहर से लाकर स्थापित की गई थी। तब से प्रत्येक वर्ष इसी दिन बापा का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाई जाती रही है। शहर के महिला मंडल की ओर से बापा की पूजा-अर्चना व भजन किया जाता है। इससे पूर्व सुबह में पुजारी संतोष दीक्षित ने यजमान विपिन कानाबार सपत्नीक मनीषा कानाबार को विधिविधान के साथ पूजन कराया। बाद में आरती कर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## सदर अस्पताल का चार्ज मिलते ही सीएस अस्पताल के कार्यों से झड़ रहे पल्ला

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** रविवार है और सदर अस्पताल में ओपीडी एवं दवाखाना बंद है। जिसके चलते इमरजेंसी में मरीज को दिखाना पड़ रहा है। बदलते मौसम के कारण मरीज की संख्या में इजाफा हुआ है। सदर अस्पताल में सर्दी, खांसी, बुखार, पैखाना, उल्टी जैसे मरीज ज्यादा संख्या में अस्पताल आ रहे हैं। मैरिज तो अस्पताल में आ रहे हैं लेकिन मरीज को देने के लिए बहुत सारे जरूरी दवाई, इंजेक्शन उपलब्ध नहीं। जिसको लेकर सिविल सर्जन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अब मैं डीएस का चार्ज में नहीं हूं अस्पताल में डीएस के चार्ज पर बतौर रूप से डॉक्टर रंजन को प्रभारी बना दिया गया। अब अस्पताल के बारे में जो भी पूछताछ करनी है वह डीएस से करें। इसको लेकर जब डीएस से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज रविवार है जिसको लेकर थोड़ी असुविधा हो रही है कल सोमवार से नियमित रूप से जो भी दवाई, सलाईन, सुई है वह अस्पताल में मरीज को मिलेगा। इस मामले को लेकर जब उपयुक्त हेमंत सती से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सारे दवा उपलब्ध है जल्द ही मरीजों को मिलेगा लेकिन सुबह से शाम हो गई और दवा उपलब्ध नहीं हो पाई।

## चास में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में 22 कंपनियों ने दिया नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड सरकार श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय बोकारो की ओर से दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन आईटीआई चास में किया गया। मेले का शुभारंभ डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद अपर नगर आयुक्त अनंत कुमार जिला नियोजन पदाधिकारी अवर प्रादेशिक नियोजनालय मनोज मनजीत ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डीडीसी श्री प्रसाद ने कहा कि सरकार प्रशासन का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता/क्षमता के अनुसार रोजगार/आजीविका के श्रोतों से जोड़ना है। रोजगार मेले में कुल 22 कंपनियों ने हिस्सा लिया है जो आहर्ता अनुरूप जिले के सभी प्रखंडों से पहुंचे अभ्यर्थियों को रोजगार मुहैया करा रही है। कुल 1505 रिक्तियों के विरुद्ध लगभग 2000 आवेदकों ने हिस्सा लिया। इस रोजगार मेला में कुल 196 अभ्यर्थियों का चयन किया गया एवं ऑन स्पॉट अतिथियों द्वारा 25 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जबकि 318 अभ्यर्थी शार्टलिस्टेड हुए। मेला में कुल 22 नियोजकों ने हिस्सा लिया। मंच संचालन श्वेता रंजन ने एवं धन्यवाद ज्ञापन किशोर कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर आईटीआई के प्राचार्य शिव कुमार प्रसाद, जिला कौशल समन्वयक संतोष चौधरी, किशोर कुमार सिन्हा, काशीनाथ हांसदा, सुनील कुमार, संतोष कुमार, इन्द्र कुमार, चंदन कुमार दास, जयदेव कुमार, जयप्रकाश, अशोक कुमार, मुरारी पासवान, राधेश्याम, नंदु कुमार आदि उपस्थित थे।

## टेलर की चपेट में आने से बाईक सवार की मौत

▶▶ टेलर का चालक समेत तीन घायल

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्यमार्ग पर महारो रेलवे ओवरब्रिज के समीप रविवार को टेलर और बाइक के टक्कर में एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो बाइक सवार एवं टेलर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए घायलों को इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया। इस दौरान कुछ देर के लिए सड़क जाम की स्थिति बनी। लेकिन दुर्घटनाग्रस्त टेलर को सड़क से साइड कराकर आवागमन को बहाल किया गया। जानकारी के अनुसार टेलर भागलपुर के तरफ से आ रहा था। जो अनियंत्रित होकर पहले आम के पेड़ में टक्कर मारा, उसके बाद फिर घूमकर लोहा के गार्डवाल में टक्करा गया। इसी दौरान जामा के तपसी गांव से नाग पूजा में शामिल होकर लौट रहे तीन बाइक सवार उक्त टेलर के चपेट में आ गये। जिससे एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त टेलर का चालक अपने केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण एवं पुलिस की मदद से घायल चालक को बाहर निकाला गया। जिसका इलाज भी फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक नयन पाल (18) वर्ष के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## रविवार को नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे कार्यों का प्रशासक द्वारा निरीक्षण किय गया



**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती के निदेशानुसार नगर परिषद प्रशासक सोमा खण्डैत अपनी टीम के साथ लगातार शहर का भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में रसूलपुर दहला में निमार्णाधीन पुलिया में डायवर्सन को रिपेयर करने संबंधी निर्देश दिए। साथ ही वार्ड 17 में बड़े ड्रेन की पोकलेन से हो रही सफाई का निरीक्षण किया।मौके पर सिटी मैनेजर, जेई, संवेदक और अन्य मौजूद थे।

## एचीवर्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

## एसडीपीओ ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह, कहा विषम परिस्थितियों में भी लक्ष्य से नहीं भटके




खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** आसनतलिया स्थित मधुसूदन स्कूल परिसर में रविवार को एचीवर्स मीट-2024 का आयोजन हुआ। स्कूल के नीट, जेईई में चयनित और मैट्रिक-इंटर के टापर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। चक्रधरपुर के एसडीपीओ पारस राणा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा जीवन में आगे बढ़ना है तो लक्ष्य का निर्धारण करें। कहा कि कई बार असफलता और बाधाएं भी आती है, लेकिन आपको अपने लक्ष्य के प्रति डटे रहना है। नीट, जेईई के अलावा सीबीएसई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी सफलता के पीछे माता-पिता का भी परिश्रम छिपा होता है। अपने संबोधन के दौरान एसडीपीओ ने विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स भी दिये। मौके पर स्कूल के निदेशक बलराज हिंदवार ने स्वागत भाषण एवं प्राचार्य के नागराजू ने रिपोर्ट कार्ड पेश किया। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन श्याम सुंदर महतो, निदेशक लक्ष्मण महतो, सच्चिदानंद राम, डीएन महतो, गणेश्वर महतो, ओम प्रकाश महतो, प्रभात कुमार महतो, कमलेश कुमार महतो, यशोदा महतो, आरती कोड़वार समेत काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## धनबाद सांसद से बोकारो रेलवे कोर्ट को धनबाद से बोकारो लाने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो से उनके आवास पर मिलकर उनसे बोकारो बार में आने का न्योता दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि कर रहे थे। सांसद से श्री गिरि ने बोकारो के जनहित में बोकारो रेलवे कोर्ट को धनबाद से बोकारो स्थानांतरित करवाने में पहल करने का अनुरोध किया। जिस पर सांसद ने अपने स्तर से प्रयास करने की बात कही। सांसद ने आश्वासन दिया कि बोकारो के अधिवक्ताओं से जरूर मिलेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान की पहल करेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से देश भर के अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट संसद से पास करवाने में पहल करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता दिनेश शर्मा अतुल कुमार राज श्री शंकर दे वंशिका सहाय दीपिका सिंह संजीत कुमार सिंह हसनैन आलम दीप्ति सिंह रीना कुमारी शामिल थे।

एक नजर में

## रसोइया संघ ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन करने का लिया निर्णय



**गोड्डा।** आज झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोईया संघ बिस्तरित बैठक महगामा उर्जा नगर राजेन्द्र स्टेडियम में जिला अध्यक्ष सुरेश्वरी देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार एवं विभाग रसोईया द्वारा शोषण किया जा रहा है। शोषण के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय के समक्ष बिशाल प्रर्दशन किया जाएगा जिसको लेकर सभी प्रखंडों का दौरा करेंगे इसके लिए 5सदस्यी अनुमंडल स्तरीय गठित किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में कल्पना देवी, सचिव पिंकी देवी तथा सदस्यों में प्रमीला देवी, भवानी देवी तथा ललिता देवी को नामित किया गया है। वहीं प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा राज्य में रसोईया व संयोजिका को सरकार सिर्फ व सिर्फ ठगने का किम कर रही है। लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही फिर एक बार फिर संयोजिका एवं रसोईया को बिना 60 वर्ष पुरा किए हटाने का योजना विभाग द्वारा तैयार कर कर लिया है। मैं राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से आग्रह करता हू कि निपुण संयोजिका को तथा 60 वर्ष बिना समाप्त हुए नहीं हटाया जाए।साथ ही संघ के हुए समझौते को अविलंब लागू किया जाय। गोड्डा जिला के रसोईया व संयोजिका बहनों से निवेदन किया गया है कि आप लोग 20जुलाई को महाधरना उपायुक्त कार्यालय अपने हक और अधिकार के आवाज को बुलंद करने निश्चित रूप से पहुंचे। बैठक में महगामा प्रभारी रविशंकर सिंह, जिला अध्यक्ष सुरेश्वरी देवी, इन्दु देवी, पिंकी देवी, शीला कुमारी, सरिता देवी, बुधनी देवी प्रमीला देवी, सलौमी बास्की, सुशील देवी हीरा देवी ,वीवी महीना खातुन आदि दर्जनों संयोजिका रसोईया ने भाग लिया।

## जांच प्रतिवेदन में त्रुटि को लेकर डीईओ एवं डीएसई को शोकाज

**बोकारो/चंद्रपुरा।** बोकारो जिला अंतर्गत चंद्रपुरा प्रखंड के बंदियो पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाहरबेड़ा का पिछले दिनों स्थानीय प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण में पंचायत प्रतिनिधियों ने विद्यालय में काफी खामियां एवं शिक्षकों में अनुशासनहीनता पाई थी। जिस पर बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लेते हुए मामले में जानकारी मांगी है। इस पर उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से मामले में जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया था। विभाग द्वारा*उपायुक्त को समर्पित प्रतिवेदन में कई त्रुटियां एवं अपूर्ण जानकारियां समर्पित की गई है। इस पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त विजया जाधव ने डीईओ जगन्नाथ लोहरा एवं डीएसई अतुल कुमार चौबे को शोकाज किया है। साथ ही उन्हें 24 घंटे में जवाब समर्पित करने को निर्देशित किया है। वहीं एक बार पुनः डीईओ एवं डीएमएफटी कोषांग के सदस्य को संबंधित विद्यालय का भौतिक निरीक्षण करने विद्यालय में निरीक्षण तिथि को प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक की अनुपस्थिति को लेकर एवं मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन का संचालन नहीं करने को लेकर विद्यालय प्रधानाध्यापक को शोकॉज करने एवं उक्त तिथि के बाद बच्चों के भोजन करने के समय बैठने को लेकर क्या व्यवस्था की गई है आदि बिंदुओं पर जांच कर अविलंब प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

## चिन्मय में अंतर सदन कबड्डी में अग्नि, जल, पृथ्वी एवं वायु बना विजेता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता 2024 में विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने खेल का महत्व बताते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बालक वर्ग में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं से जल सदन 49 ने विजय प्राप्त की तो वहीं वायु सदन 40 उपविजेता रहा। कक्षा दसवीं एवं नौवीं में वायु एवं अग्नि सदन क्रमशः विजेता एवं उपविजेता रहे। जूनियर वर्ग समूह छठी सातवीं एवं आठवीं के अंतर्गत विजेता के रूप में पृथ्वी सदन और उपविजेता के रूप में जल सदन ने जीत हासिल की। विद्यालय की बालिकाओं में कक्षा नौवीं दसवीं ग्यारहवीं एवं बारहवीं वर्ग समूह से वायु सदन विजेता रहा तो उपविजेता जल सदन। वायु सदन की बालिकाओं ने फाइनल जीता। वहीं कक्षा छठी सातवीं एवं आठवीं की टीम में अग्नि सदन में विजय प्राप्त की और वायु सदन उपविजेता रहा। अग्नि के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना फाइनल जीता। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी एवम उप प्रचार्य नरमेंद्र कुमार ने बधाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष हरिहर पांडे के मार्गदर्शन में संजीव सिंह प्रांजल सेकिया रणविजय ओझा आदर्श आचार्य विशाल कुमार मौर्य नितेश पांडे प्रवीन कुमार एवं ललिता उरांव के सहयोग से हुआ।

## उपराजधानी दुमका में श्रद्धालूओं ने निकाली भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा

**दुमका।** दुर्गास्थान मंदिर से रविवार को भगवान जन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गयी। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए। करीब 10 टन लोहे से बने रथ पर भगवान जगन्नाथ के साथ सुभद्रा और बलराम भी सवार थे। भक्तों के बीच यह मान्यता है कि रथ यात्रा में शामिल होने और भगवान का रथ खींचने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है और मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। रथ यात्रा में अच्छी संख्या में भक्त ने भाग लेकर रथ को रस्सी खींच कर भगवान जगन्नाथ का आर्शिवाद लिया। जगन्नाथ भगवान की पूजा-अर्चना को लेकर सुबह से ही दुर्गास्थान मंदिर में भक्तों की भीड़ बनी रही। इधर सदर प्रखंड के सतन आश्रम, धधकिया में धूमधाम से श्री जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा संपन्न हुई। इस यात्रा आश्रम परिसर से निकल कर धधकिया विभिन्न गांवों में भ्रमण करते हुए पुनः आश्रम परिसर पहुंची। इस दौरान आस-पास पड़ोस के ग्रामीण समेत धधकिया के लोग बड़ी उत्साह के साथ भ्रमण में हिस्सा लेकर महाप्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। यहां बता दें कि सतन आश्रम में रथ यात्रा 1970 में आश्रम के प्रतिष्ठाता श्री जगदीश बाबा ने शुरूवात किया था। तभी से यह रथ यात्रा हर साल अनुष्ठित होते आ रही है। रथ यात्रा के बाद महाप्रभु जगन्नाथ का महाआरती के बाद प्रभु का प्रसाद वितरण किया गया। इस यात्रा को मुख्य रूप से आश्रम सदस्य महाराज ब्रम्हानंद गिरी ने परिचालन किया। इस अवसर पर आश्रम न्यास परिषद् सदस्य असीम कुमार मंडल, कुंदन कोचगावै, रोटरी क्लब दुमका अध्यक्ष गोपाल घोष समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

## पूर्व विधायक योगेंद्र ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुने व समाधान का भरोसा दिया

**बेरमो/ललपनिया।** शनिवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुने एवं समाधान का भरोसा दिया।दौरे के क्रम में उन्होंने प्रखंड के ग्राम पंचायत होसिर पश्चिमी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मियाबांध गांव में भीम युवा एकता समिति होसिर द्वारा आयोजित बैठक में शामिल हुए।मौके पर समिति व ग्रामीणों ने उनके समक्ष बिजली बिल बकाया माफी व जर्जर तार को शीघ्र बदलने सहित विभिन्न समस्याओं जैसे पेयजल, स्वास्थ्य आदि की समस्याओं को रखते हुए अविलंब समाधान करानेकी मांग की। जहां अध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने समिति व ग्रामीणों की बातों को सुनने के उपरांत आशवस्त किया हैं कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए पहल करेंगें।बैठक उपरांत समिति व ग्रामीणों ने पूर्व विधायक श्री महतो को स्वागत व अभिनंदन किया।इसके बाद उन्होंने साड़म बंगाली टोला पहुंचे। यहां आयोजित अखंड हरिकीर्तन अनुष्ठान में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।उन्होंने मन्दिर में मत्था टेक क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि की मंगलकामना की।

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार . 08 जुलाई 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

## अयोग्य इंजीनियर

ताजा इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के अनुसार करीब 64 फीसदी इंजीनियरिंग ग्रैजुएट रोजगार पाने योग्य हैं और इनमें से 40 फीसदी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों यानी आईटीआई से आते हैं। कुल मिलाकर करीब आधे युवाओं के पास ही रोजगार पाने लायक कौशल है। दिलचस्प है कि यह हतोत्साहित करने वाली तस्वीर भी 2014 की तुलना में बेहतर है। उस समय केवल 33.9 फीसदी युवा ही रोजगार पाने लायक थे। यह सुधार सरकार के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा अप्रेंटिस एवं अन्य योजनाओं की बदौलत आया। इस प्रगति के बावजूद रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि बाजार को कुशल श्रमिक उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। यह बताती है कि केवल दो फीसदी श्रमिकों के पास औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण है और नौ फीसदी के पास अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण है। इसके अलावा सरकार के कौशल कार्यक्रमों में भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षकों या प्रमाणन की कमी है। इसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित 20 फीसदी से भी कम लोगों को कंपनियों में रोजगार मिल पाया। समस्या की मूल वजह यह है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं। इससे एक बार फिर यह बात रेखांकित होती है कि उद्योग जगत के साथ करीबी भागीदारी करने की आवश्यकता है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम इस समस्या का सटीक उदाहरण हैं। भारत हर वर्ष जो 15 लाख इंजीनियर तैयार करता है उनमें से 5 फीसदी से भी कम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों या भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों से होते हैं। अधिकांश स्नातक ऐसे निजी और सरकारी संस्थानों से आते हैं जिन्हें अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की मान्यता तो होती है लेकिन उनकी गुणवत्ता में काफी अंतर होता है।

## किसानों की आय

दुनिया के कई विकसित देश कृषि क्षेत्र में बेहतर वैज्ञानिक तकनीक और प्रबंधन के कारण से न सिर्फ खुशहाल हो रहे हैं, अपितु कनाडा यूरोप और इजरायल जैसे देशों में किसान की आय में वृद्धि हो रही है। भारत भी उसी राह पर चल पड़ा है। हम मिलकर चलेंगे तो समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। अब छोटे जोत वाले किसानों को मिलकर खेती करनी होगी समय की यही मांग है। पिछले लगभग 40 वर्षों भारत में किसान के भू जोत के आकार 1970 में 2.3 हेक्टेयर से घटकर 2015-16 तक 1.08 हेक्टेयर रह गया और खेती का रकबा घटकर बहुत छोटे और छोटे आकार का होता चला गया। भारत के कृषि गणना के अनुसार छोटे रकबे के और भूमिहीन किसानों की संख्या लगभग 86% के आसपास पहुंच गई है। 2011 जनगणना के अनुसार भारत में भूमिहीन कृषि मजदूरों की संख्या किसानों की संख्या से भी ज्यादा हो गई है। लगभग कृषि श्रम का 55% के आंकड़े को पार कर गया है। भूमिहीन कृषक मजदूर जिनकी संख्या देश में लगभग 16 करोड़ के आसपास है। वहीं काश्तकार किसान लगभग 45% हैं जो इस समय देश में लगभग 12 करोड़ है। विश्व के कृषि कमाई में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। कारण है बेहतरीन तकनीक, मात्र 20% संचित जमीन के बूते इजराइल दुनिया के 10 बड़े उत्पादक देशों में अपना स्थान बना चुका है। इसका कारण है कोऑपरेटिव से खेती बेहतर तकनीक और पानी का बेहतरीन इस्तेमाल और कॉपरेटिव के माध्यम से किसानों का बाजार से बेहतर लिंकेज। मोदी सरकार ने 2022 तक 10, हजार किसान उत्पादन संगठनों के निर्माण और प्रगति से उसका बेहतर संचालन का लक्ष्य रखा है। किसान उत्पादन संगठन में कोई भी किसान इस योजना का सदस्य बन सकता है। आवश्यकता है इसे जन आंदोलन बनाने की।

# अव्यवस्था का शिकार है हमारी स्वास्थ्य सेवा

कई ऐसे अध्ययन हैं जो देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पोलियो उन्मूलन जैसी सफलताओं और निजी तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसी नाकामियों, दोनों का दस्तावेजीकरण करते हैं। यह स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का ही नतीजा था कि कोविड-19 महामारी के कारण देश में हुई मौतों के आधिकारिक आंकड़ों तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के बीच इतना अधिक अंतर देखने को मिला। इस आलेख में हम देश में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के बारे में बात नहीं करेंगे। बल्कि हम यह चर्चा करेंगे कि दिल्ली और आसपास रहने वाले तथा निजी क्षेत्र में काम करने वाले और प्रतिमाह लगभग 30,000 रुपये तक का वेतन पाने वाले लोगों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा हासिल करना कितना मुश्किल है। साथ ही यह भी कि अपेक्षाकृत अमीर वर्ग के लोगों के लिए उचित चिकित्सा सलाह पाना कितना मुश्किल या आसान है।

53 वर्षीय अविनाश चंद्र (बदला हुआ नाम) का उदाहरण लेते हैं। अविनाश दक्षिण दिल्ली में रहने वाले एक परिवार का वाहन चलाते हैं। निजी अस्पताल में महंगी स्वास्थ्य सेवाओं को देखते हुए उनके नियोक्ता ने अविनाश को सुझाव दिया कि उनको दिल्ली अथवा केंद्र सरकारों के अस्पतालों या म्युनिसिपल अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और उनकी लागत का पता लगाना चाहिए। उन्होंने अपने नियोक्ता को बताया कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा की लागत तो कम है लेकिन वहां भर्ती होने के लिए बहुत लंबा इंतजार करना पड़ता है। बस उन्हीं लोगों को तत्काल भर्ती किया जाता है जो सड़क दुर्घटना या अन्य किसी वजह से घायल होकर अस्पताल पहुंचते हैं।

जमीनी हकीकत को जानकर उनके नियोक्ता ने कई निजी बीमा कंपनियों से संपर्क किया और अविनाश, उनकी पत्नी और अवयस्क बेटी के लिए एक बीमा कंपनी से बीमा पॉलिसी खरीदी। इस कंपनी का मुख्यालय मुंबई में था। यह स्वास्थ्य बीमा खरीदने के कुछ ही महीनों बाद अविनाश की पत्नी को भयंकर पेट दर्द शुरू हो गया। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में ले जाना पड़ा। अल्ट्रासाउंड से पता चला कि उनके गर्भाशय में फाइब्रॉइड हैं और चिकित्सा सलाह में कहा गया कि उनका गर्भाशय तत्काल निकालना होगा।





-जैमिनी भगवती

बीमा कंपनी से आगे और बात करने पर अविनाश के नियोक्ता को पता चला कि 30,000 रुपये सालाना प्रीमियम वाले इस बीमा का दायरा बहुत अधिक सीमित है। उदाहरण के लिए पहले से चली आ रही किसी भी बीमारी के इलाज के लिए कम से कम तीन वर्ष का समय बीत जाना जरूरी था। इसके अलावा मोतियाबिंद, हार्निया, गर्भाशय निकालने, जोड़ बदलना, गर्भावस्था, दांत के उपचार और बाहरी उपकरणों के लिए कम से कम दो वर्ष का समय बीतना आवश्यक था।

अविनाश ने बीमा कंपनी से संपर्क किया जिसने बताया कि गर्भाशय का निकाला जाना दो वर्ष तक उनकी बीमा पॉलिसी में शामिल नहीं है, हालांकि अस्पताल में भर्ती होने पर वापस मिलने वाली राशि की सालाना सीमा 5 लाख रुपये थी। अविनाश के नियोक्ता इस सूचना की सत्यता को लेकर संतुष्ट नहीं थे लेकिन उन्होंने पाया कि ऐसी ही परिस्थितियों में मुंबई की एक अन्य बड़ी बीमा कंपनी भी गर्भाशय निकालने को बीमा में शामिल नहीं करती।

बीमा कंपनी से आगे और बात करने पर अविनाश के नियोक्ता को पता चला कि 30,000 रुपये सालाना प्रीमियम वाले इस बीमा का दायरा बहुत अधिक सीमित है। उदाहरण के लिए पहले से चली आ रही किसी भी बीमारी के इलाज के लिए कम से कम तीन वर्ष का समय बीत जाना जरूरी था। इसके अलावा मोतियाबिंद, हार्निया, गर्भाशय निकालने, जोड़ बदलना, गर्भावस्था, दांत के उपचार और बाहरी उपकरणों के लिए कम से कम दो वर्ष का समय बीतना आवश्यक था। जन्मजात बीमारियां और गैर एलोपैथिक उपचार भी इसमें शामिल नहीं हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि आखिर क्यों सस्ते आयुर्वेदिक उपचार को इसमें शामिल नहीं किया जाना चाहिए। प्रभावी ढंग से देखा जाए तो इसमें वे सभी चोट शामिल हैं जो किसी व्यक्ति को दुर्घटनावश लगती हैं और वह अस्पताल भागता है। चाहे जो भी हो सरकार और निजी अस्पताल आपात स्थितियों में चिकित्सा सुविधा देने के लिए वैसे भी बाध्य हैं। ऐसे में यह बात चकित करने वाली है कि भारतीय बीमा नियामक एक निजी बीमा कंपनी को इतने अधिक अपवाद अपनाने का अवसर देता है।

इस समय अविनाश की पत्नी की हालात लगातार बिगड़ती देखकर नियोक्ता ने निजी अस्पतालों से बात की और उन्होंने गर्भाशय निकालने के लिए 80,000 से 1.10 लाख रुपये का खर्च बताया। उपयुक्त विकल्प की तलाश चल ही रही थी कि अविनाश के नियोक्ता की मुलाकात एक महिला चिकित्सक से हुई जो केंद्र सरकार के एक चिकित्सालय में स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष थीं। उन्होंने उनसे सारा वाकया कह सुनाया। अविनाश को भी लगा कि सरकारी अस्पताल में उनकी पत्नी के साथ कुछ गलत होने की संभावना कम है। आखिरकार बीमारी का पता लगने के दो महीने बाद इसी सरकारी अस्पताल में 42,000 रुपये में अविनाश की पत्नी की शल्य चिकित्सा पूरी हो गई।

अगर संयोग से वह महिला चिकित्सक नहीं मिलती तो यह शल्य चिकित्सा दो माह में न हो पाती। शल्य चिकित्सक ने अविनाश को बताया कि इस प्रतिष्ठित शासकीय अस्पताल में यह शल्य चिकित्सा आठ से नौ महीने की प्रतीक्षा के बाद ही हो पाती है।

लगभग इसी समय अविनाश के नियोक्ता ने एक निजी अस्पताल में सामान्य जांच के बाद पाया कि उनके दिल की एक धमनी 95 प्रतिशत ब्लॉक है। उनका रक्तचाप सामान्य था और उन्हें कभी दिल का दर्द भी नहीं हुआ था। उन्होंने कई हृदयरोग विशेषज्ञों से बात की और सब ने उनको यही सलाह दी कि वे एंजियोप्लास्टी करा लें। उन्हें यह भी कहा गया कि वे खून पतला करने वाली दवाएं लें और जरूरत के मुताबिक एक या अधिक स्टेंट डलवा लें। उनका छोटा भाई चिकित्सक था और वह न्यूयॉर्क के एक अस्पताल में पढ़ाता था। उसने उन्हें अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा 2020 में किए गये एक अध्ययन के बारे में बताया जिसमें कहा गया था, ह्यजीवन गुणवत्ता और चिकित्सकीय नतीजों को देखें तो यही पता चलता है कि बिना लक्षण वाले मरीजों में स्टेंट की आवश्यकता नहीं है ा इसके अलावा इस अध्ययन के प्रमुख लेखक स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय में प्रिवेंशन रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. डेविड मैरॉन ने शोध का हवाला देते हुए कहा है कि जिन लोगों को दिल का दर्द शुरू भी हुआ हो उनके लिए औषधियों

खास बात

## कल्याण की सोच

**राजकुमार चाहर**

वर्तमान मोदी सरकार की संपूर्ण शासकीय प्रबंधकीय नीतियों को देखें और उसका सूक्ष्म अध्ययन करें तो एक तरफ किसान कल्याण की बेहतर रणनीतियां और दूसरी तरफ संपूर्ण सरकारी व्यवस्थाएं हैं। इजराइल दुनिया के छोटे देशों में से एक है, जो हरियाणा के क्षेत्रफल के बराबर बमुश्किल है और आबादी सिर्फ 90 लाख। अब भारतीय सीमांत किसानों को भारत सरकार की कृषि नीतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा। मोदी सरकार की सीमांत किसानों के लिए अति महत्वाकांक्षी योजना है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)। मोदी सरकार ने सूक्ष्म अध्ययन करके कि किसान आखिर आज भी गरीब क्यों है? उस की आय दोगुनी कैसे हो, 2024 तक का लक्ष्य मोदी सरकार ने रखा है। मोदी सरकार का वर्तमान भारत में कृषि और किसान की सेहत के लिए एफपीओ का संपूर्ण भारत में ठीक से क्रियान्वयन हो जाए। इस पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। किसान उत्पादन संगठन के निर्माण हेतु कम से कम 300 किसानों की संख्या होनी चाहिए। इसमें सीमांत किसान, छोटी जोत के किसान लगभग 50% कि उनकी संख्या जरूर होनी चाहिए। साथ ही ढाई एकड़ से ऊपर के किसानों को भी इसमें सदस्य बनाया जा सकता है। किसान उत्पादन संगठन एफपीओ का सदस्य बनने के लिए मात्र दो हजार रुपये का व्यक्तिगत अंशदान किसान को देना होगा। इस योजना के अंतर्गत दो हजार रुपये प्रति सदस्य अधिकतम 15 लाख रुपये इक्विटी अनुदान के रूप में किसान उत्पादन संगठनों को भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रत्येक एफपीओ गठन के 3 वर्षों के लिए वित्तीय संभल के रूप में कुल 18 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक किसान उत्पादन संगठन को भारत सरकार दो करोड़ रुपये की राशि बैंक के द्वारा योग्य परियोजनाओं के लिए 75% तक बैंक क्रेडिट गारंटी कवर के रूप में सहायता प्रदान करती है जबकि एक करोड़ तक की बैंक योग्य परियोजनाओं के लिए 85% तक का गारंटी कवर के रूप में सहायता प्रदान करती है।

## शक्ति की आराधना

धर्म-प्रवाह

**बीएन पाण्डेय**

शक्ति की उपासना भारतीय संस्कृति का मूल है। भारत ही नहीं, विश्व के अनेक देशों में भी देवी के रूप में शक्ति पूजन की परंपरा प्रचलित रही है। मिस्त्र में आइसिंस हेयर, यूनान में दीमितोर, तिब्बत में लो भी और जापान में चनेष्टि नाम से शक्ति की प्रतीक देवी की पूजा की जाती है।

मोहन जोदड़ो, हड़प्पा आदि प्राचीन सभ्यताओं के प्राप्त अवशेषों में लिंग, योनि, नंदी आदि की प्राप्ति यह सिद्ध करती है कि अत्यंत प्राचीन काल में भी शक्ति पूजा की परंपरा अस्तित्व में थी। प्राचीन काल में संपूर्ण विश्व में मातृ सत्तात्मक परिवारों की परंपरा थी, ऐसी स्थिति में सृष्टि का संचालन करने वाली अदृश्य शक्ति का स्त्री रूप में धारण किया जाना स्वाभाविक था। मातृदेवी की प्रतिष्ठा ग्रीस, यूरोप, मध्य एशिया, जापान आदि देशों में थी। बेबीलोन में नीर्थो, स्कॉटलैंड में फेईललिक शक्ति के रूप में पूजी जाती थीं। भारत में पटना और तक्षशिला आदि स्थानों पर की गई पुरातात्विक खोजों में भी इस तथ्य और मान्यता की पुष्टि होती है।

शाक्त तंत्रों में स्पष्ट उल्लेख है कि मानव जीवन समस्या एवं संकटों की सत्यकथा है। अतः सांसारिक कष्टों के दलदल में फंसे मनुष्यों को दुर्गा की उपासना करनी चाहिए। वह आद्याशक्ति एकमेव होते हुए भी अपने भक्तों को- काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्तिका, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी एवं कमला- इन दस महाविद्याओं के रूप में वरदायिनी होती है।

**अपने 'मित्रों' का भविष्य** विदेशों तक में सुरक्षित करने वाले प्रधानमंत्री जी ने अपने देश के युवाओं को बेरोजगार बनने के लिए छोड़ दिया है।
इन युवाओं के साथ इतना पक्षपात क्यों?
**-राहुल गांधी**

आपके ट्वीट

**अपने तीसरे टर्म में हम तीन गुना स्पीड से काम करेंगे, तीन गुना शक्ति लगाएंगे और देशवासियों को तीन गुना परिणाम लाकर देंगे।**
**– नरेन्द्र मोदी**





रांची विश्वविद्यालय परिसर में फेडरेशन आफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में सम्मानित हुआ एवं युवा उद्यमियों को आगे बढ़ ज्यादा से ज्यादा नव-उद्यम लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। **– हेमंत सोरेन**

# रुपये में गिरावट से उठते सवाल, कितना लाभ कितना हानि

**टी एन नाइनन**

**जब** पी. चिदंबरम वित्त मंत्री थे तब वह अक्सर ऐसी अखबारी सुर्खियों को देखकर नाराज हो जाते थे जिनमें कहा जाता था कि रुपया नये स्तर तक गिर गया या उसमें रिकॉर्ड गिरावट आई। वह मुद्रा की गिरती कीमत को अपने प्रदर्शन से जोड़कर देखते थे लेकिन इन सुर्खियों के बारे में वह एक मार्के की बात कहते थे। वह कहते थे कि अगर रुपये जैसी आमतौर पर कमजोर मुद्रा गिर रही है तो हर गिरावट (भले ही वह कुछ पैसों की हो) रिकॉर्ड गिरावट ही होगी। ये सुर्खियां और मंत्री की प्रतिक्रिया दोनों ने ही कमजोर मुद्रा में गिरावट से जुड़े दिमागी पूर्वग्रह की अनदेखी की। यकीनन मुद्रा में गिरावट, उसके मूल्य में तेजी की तुलना में अधिक ध्यान खींचती है।

यह इतिहास प्रासंगिक क्यों है? क्योंकि डॉलर के समक्ष रुपये में रिकॉर्ड गिरावट एक बार फिर सुर्खियों में है। समाचार पत्र ये नहीं कहते (हालांकि निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को इस ओर इशारा किया) कि डॉलर के मुकाबले लगभग सभी मुद्राओं में गिरावट आ रही है और रुपया अन्य मुद्राओं की तुलना में कम गिरा है। वर्ष 2022 की पहली छमाही में डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में छह फीसदी की गिरावट आई है। यूरो 11.6 प्रतिशत, येन 19.2 प्रतिशत और पाउंड 13.2 प्रतिशत गिरा है। चीन की मुद्रा युआन जरूर केवल 3.6 प्रतिशत गिरी है लेकिन ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और पाकिस्तान की मुद्राएं और ज्यादा गिरी हैं। ऐसे में सही खबर यह होनी चाहिए कि रुपया लगभग अन्य सभी मुद्राओं की तुलना में मजबूत हुआ है। लेकिन यह खबर नदारद है।

आर्थिक

क्या यह बात मायने रखती है? यकीनन क्योंकि इससे नीति गलत दिशा में जाती है। उदाहरण के लिए नरेंद्र मोदी सरकार जब सरकार में आई तब मजबूत मुद्रा की नीति को लेकर एक तरह का पूर्वग्रह था। इस नीति को तैयार करने वालों ने इस बात की अनदेखी कर दी कि दीर्घावधि के सफल विकास वाले देशों (चीन और जापान इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं) ने अपने निर्यात बाजार की बेहतरी के लिए कमजोर मुद्रा की नीति अपनाई। इसका कारण एकदम सहज है: यदि अपनी विकास अवस्था के कारण आप कीमत पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं तो आप तकनीक या उत्पाद गुणवत्ता पर मुकाबला नहीं कर सकते। ऐसे में कमजोर मुद्रा मदद करती है। समय के साथ निर्यात को गति मिलती है और अर्थव्यवस्था बेहतर होती है। इसके साथ ही मुद्रा की गिरावट का रुख भी पलट जाता है। कई लोग देश और मुद्रा के इस दीर्घावधि के कारण-प्रभाव संबंध को गलत समझते हैं। मजबूत अर्थव्यवस्था की मुद्रा मजबूत होती है और पूंजी प्रवाह इसमें मदद करता है। एक कमजोर अर्थव्यवस्था या उच्च मुद्रास्फीति वाली अर्थव्यवस्था, मुद्रा को कृत्रिम मजबूती देने से मजबूत नहीं होती। ऐसी नीति स्थायी नहीं होती और इसमें पूंजी के बाहर जाने का खतरा रहता है। जहां तक व्यापार की बात है चार दशक से अधिक समय में (नेहरू की आत्मनिर्भरता के वर्षों समेत) भारत ने रुपये को अधिमूल्यित रखा। ऐसे में जहां पूर्वी एशियाई देशों का व्यापार बढ़ा, भारत का विश्व व्यापार में हिस्सा 80 प्रतिशत गिरकर 2.5 प्रतिशत से 0.5 प्रतिशत हो गया। यहां दो विरोधाभासी उदाहरणों से बात स्पष्ट होगी। भारतीय रुपया पाकिस्तानी रुपये से मजबूत रहा है जो अब एक डॉलर के मुकाबले 205 रुपये पर पहुंच चुका है। ऐसा इसलिए हुआ कि पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था का कुप्रबंधन हुआ। दूसरी ओर थाई मुद्रा बहत जो एक समय रुपये से 10 प्रतिशत तेज थी अब उसका मूल्य 2.20 रुपये है। मजबूत मुद्रा के साथ भी थाईलैंड अपने सालाना व्यापार अधिशेष को बरकरार रख सका

कॉर्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडीटर

### चीनी मंसूबे

**भारत** और चीन के बीच गतिरोध अभी भी जारी है। काफी समय हो गया है लेकिन गतिरोध समाप्त नहीं हो रहा है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद और गहरा सकता है। यदि भारत स्वयं को चीनी सीमा विवादों से सुरक्षित रखना चाहता है, तो उसे तिब्बत की स्वायत्तता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कूटनीति के तहत उठाने की जरूरत है। कठोर कदम से ही सुरक्षा संभव है।
**–जैसमीन कौर, जमशेदपुर**

### बैंको का निजीकरण

आईडीबीआई बैंक के निजीकरण पर काम चल रहा है और इस पर भी कयास लगाए जा रहे हैं कि दो अन्य बैंक कौन हैं जिनका निजीकरण किया जाएगा। निजीकरण प्रक्रिया की तरफ बढ़ने के साथ ही कई बैंकों का एकीकरण भी हुआ है और अब 2017 से 2020 के बीच इनकी संख्या कम होकर 27 से केवल 12 रह गई है।
**– सतीश शर्मा, रांची**

# कांग्रेस का झूठ पकड़ा गया, मोदी राज में बढ़ रही सेना की ताकत

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

सामयिक

सेना को लेकर भ्रम फैलाते हुए अग्निवीर योजना पर राहुल गांधी ने जो झूठा नैरेटिव शहीद के सम्मान और मिलनेवाली राशि को लेकर रचा, उसका सच अब दुनिया के सामने है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कही यह बात भी पूरी तरह से सत्य साबित हो गई कि कांग्रेस का अपना एक इकोसिस्टम है, जिसके लिए देश से ऊपर सिर्फ उसका अपना हित है, यदि भारत का नुकसान होता है तो उससे कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जताई गई चिंताओं का हवाला तक सदन में दिया, जिसके बाद कहना होगा कि राहुल गांधी के संसद में नेता प्रतिपक्ष होने के बाद भी बोले गए झूठ से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस अपने निजी स्वार्थ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

यहां जिस परिवार और अग्निवीर की शहीदी को आधार बनाकर राहुल गांधी, सदन में प्रधानमंत्री मोदी एवं एनडीए सरकार से प्रश्न पूछ रहे थे, वे सभी प्रश्न उस परिवार के साथ सेना से आए स्पष्टीकरण के बाद पूरी तरह से असत्य साबित हुए हैं। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान यह सभी ने देखा भी कि किस तरह से राहुल, केंद्रीयमंत्री राजनाथ सिंह को झूठा ठहरा रहे थे। राहुल का यह आरोप बहुत साफ था कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 'अग्निवीर' के जान गंवाने पर उनके परिवार को आर्थिक मदद मिलने के बारे में संसद के भीतर झूठ बोला है, इसलिए रक्षामंत्री को संसद, देश और सेना से माफी मांगनी चाहिए। जिसके तुरंत बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जवाब भी सामने आया, उन्होंने साफ शब्दों में बताया, सीमाओं की रक्षा करते हुए या युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। वहीं, जिस अग्निवीर की बात राहुल कर रहे थे, उसके परिवार ने भी स्वीकार्य किया है कि उन्हें राशि मिल चुकी है, अभी और मिलेगी।

रक्षा मंत्रालय के एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय का कहना भी यही है, कुल देय राशि में से, अग्निवीर अजय के परिवार को पहले ही 98.39 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अग्निवीर योजना के प्रावधानों के अनुसार लागू लगभग 67 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और अन्य लाभ, पुलिस सत्यापन के बाद अंतिम खाता निपटान पर भुगतान किए जाएंगे। देय कुल राशि लगभग 1.65 करोड़ रुपये होगी। अतः यहां इससे एक बात तो साफ हो गई कि राहुल गांधी अपने फायदे के लिए झूठ की राजनीति कर रहे हैं, सिर्फ कहने भर के लिए वह संविधान को हाथ में उठाए घूमते हैं और समानता की दुहाई देते हैं। किंतु वास्तव में ऐसा है नहीं। प्रधानमंत्री मोदी इसलिए आज कांग्रेस से पूछ भी रहे हैं कि वह ऐसा किसके फायदे के लिए कर रही है? जबकि उनकी सरकार भारतीय सेना को युद्ध के लिए सशक्त बनाने में जुटी है। सीडीएस (प्रमुख सेना अध्यक्ष) के पद के सृजन के बाद तीनों सेना में समन्वय मजबूत हुआ है और थियेटर (मोर्चा) कमान की दिशा में भी काम हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना भी सही है, "इंदिरा गांधी की सरकार ने सेना एक रैंक एक पेंशन प्रणाली को समाप्त किया था। दशकों तक कांग्रेस ने ऊसे फिर से लागू होने नहीं दिया, एक बार तो चुनाव से पहले कांग्रेस के नेतृत्ववाली सरकार ने 500 रुपये दिखाकर सेना के कमांडरों को बेवकूफ बनाने का प्रयास किया था, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सत्ता में आने के बाद एक रैंक एक पेंशन की प्रणाली को फिर से लागू कर दिया। यह कांग्रेस ही है जो राफेल विमानों की खरीद का विरोध कर रही थी। कांग्रेस सरकार में लड़ाकू विमान नहीं खरीदे गए, जब हमने खरीदने की कोशिश की, तो कांग्रेस हर तरह की साजिश करने पर उतर आयी। वास्तव में रक्षा सुधारों के प्रयासों को कमजोर करने का यह षड्यंत्र है।"

प्रधानमंत्री मोदी याद दिलाते हैं, " वह भी वक्त था, जब कांग्रेस के जमाने में हमारी सेनाओं के पास बुलेटप्रूफ जैकेट भी नहीं होते थे। " सवाल यह है कि कांग्रेस ऐसा किसके फायदे के लिए कर रही है।

## स्पीड न्यूज

### छोटकी डूंडी में निकली रथयात्रा



**कुजू।** छोटकी डूंडी में भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी की रथ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में हुए शामिल। श्रद्धालुओं ने फूलों से सजी रथ पर पूरे विधि विधान के साथ प्रतिमा को सवार किया। फिर रथ में लगे रस्से के सहारे खींचकर देवी देवताओं को ठाकुरबारी से मौसीबाड़ी पूरे उत्साह पूर्वक ले गए। यहां भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी सात दिनों तक विश्राम करेंगे। इसके पश्चात पुनः आठवें दिन मौसीबड़ी से ठाकुरबाड़ी लौटेंगे। पूजा समिति ने रथ यात्रा को लेकर रामचरित मानस व रामायण पाठ का विशेष आयोजन किया था। इस बीच दूर दराज से चलकर आए आचार्य शशि पांडेय, उपाचार्य अविनाश पांडेय, सतीश शास्त्री, धीरज शास्त्री, अभिषेक पांडेय, विपिन तिवारी ने यजमान बने शेखर महतो, तीर्थनाथ महतो, हरिश्चंद्र महतो, रामजी महतो, कमल महतो, सुरेश महतो, राहुल करमाली, दिनेश करमाली सपत्नीक को विधिवत पूजा कराया। पंडितों ने अपने 24 घंटे के रामचरित मानस व रामायण पाठ की संगीतमय कथा से श्रद्धालुओं को खूब सराबोर कराया। वही मंदिर के प्रधान पुजारी सत्यदेव पांडेय व उनके सहयोगी शिवा पांडेय, ईशु पांडेय ने भी भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी के चरणों के समक्ष विधिवत पूजा कराया।

### समाज सेवी ने किया आर्थिक सहयोग

**दारू।** पुनाई पंचायत के जरगा निवासी समाजसेवी अजित कुमार ने विकलांग बालेश्वर प्रसाद को आर्थिक सहायता किया । ग्राम पुनाई टांड मे बीते कुछ दिन पहले बालेश्वर प्रसाद जो एक बिकलांग व्यक्ति है इनके घर को हाथी के द्वारा तोड़ दिया गया था।बालेश्वर प्रसाद अत्यंत गरीबी के कारण अपने घर को बनाने में असमर्थ है उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए जरगा निवासी अजित कुमार ने 5000 पांच हजार देकर निजी सहयोग किया और कहा की जब तक जीवन रहेगा समाज के लिए समर्पण रहूँगा । बालेश्वर प्रसाद ने अजित कुमार जी का बहुत बहुत आभार प्रकट किया इनके साथ सांसद प्रतिनिधि मिठू रविदास जी बिनय कुमार साव राजकुमार यादव मुकेश कुमार यादव नरेश महतो लोग मौजूद थे।

### बाजारटांड में लाखों की जेवरात चोरी



**रामगढ़।** अपराधियों ने शनिवार रात डूबा खेत के समीप आवास में चोरी की, लाखों रुपये के जेवर ले भागे। बाजारटांड निकट डूबा खेत में घर बनाकर रह रहे प्रवीण कुमार के घर में चोरी की। प्रवीण कुमार चंडीगढ़ में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी गुंजन देवी बच्चों के साथ रामगढ़ घर में रहती है । गुंजन देवी ने बताया कि रात 11:00 बजे के बाद सोने चले गईं। सुबह 4:30 बजे के लगभग उठकर रूम से बाहर निकलना चाहा, लेकिन रूम का बाहर से लॉक लगा हुआ था। जिसके कारण वह रूम से नहीं निकल पाई । उन्होंने फोन से पर किसी को इस बात की जानकारी दी। पड़ोसी ने आकर जब घर का दरवाजा खोला तो देखा गया कि घर में सामान बिखरे हैं। घर के दो गोदरेज अलमीरा खुला पड़ा है। बक्सा और अन्य सामान भी खुला पड़ा थास सोने के जेवरात के खाली डब्बे जमीन में बिखरे दिखे। इस बात की जानकारी मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को दिया। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। गुंजन देवी ने बताया कि उनके शादी में मिले सोने के मंगलसूत्र,गले का चेन,हाथ का कंगन,कान की बाली,टॉप्स,पायल व बिछिया चोरी हुई। बताया कि चोरों ने अलमीरा में रखे लगभग 30 हजार रुपए भी निकाल लिया।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा मंच पिछले नौ वर्षो से आम लोग और संस्था के सहयोग से भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में दुरदराज के ग्रामीण क्षेत्रो से दातून पतल बेचने आने वाले गरीब महिला, पुरुष और बच्चों को भोजन कराने का काम कर रहा है। संस्था ने सेवा काल के नौ वर्ष पुरा होने पर रविवार को भी साप्ताहिक बाजार मे दर्जनों गरीब महिला पुरूषो को पुडी, सब्जी और जलेगी का भोजन कराया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले नौ वर्षो से सेवा कार्य जारी है। उन्होने बताया कि मंच सालो भर गरीबों के सेवा के लिए तत्पर रहता है। मौके पर जगतार सिंह, डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, संजय अग्रवाल, रिंकू वर्णवाल, रघुवंश सिंह, उदयभान दुबे, सुकरा करमाली, शिवकुमार यादव, इम्तियाज अली, मो शाहिद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सुंदरनगर में खिलाड़ियों को मिला किट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय ने रविवार को पंचायत के 48 यूनिट कॉलोनी में बच्चों के बीच खेल किट का वितरण किया। इस अवसर पर व्यास पांडेय ने कहा कि बच्चों को खेल के प्रति उत्साह जगाने और अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए खेल किट दिया गया है। उन्होंने कहा कि खेल से व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक रहता है। साथ ही बच्चो का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल में बेहतर प्रदर्शन कर बच्चे अपने क्षेत्र, राज्य और देश का नाम रौशन कर सकते हैं। श्री पांडे ने कहा की खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग करता रहूंगा। मौके पर वार्ड सदस्य शबनम खान, कवि राय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जगरनाथ रथयात्रा में उमड़े श्रद्धालू

## हरे रामा हरे कृष्णा के जय घोष से गूंजा इलाका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- जगन्नाथ,बलभद्र व सुभद्रा की 37 फीट ऊंचाई का हाइड्रोलिक रथ बना आकर्षण का केन्द्र
- मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद मनीष जायसवाल, कालीचरण सिंह व विधायक अमित कुमार यादव हुये शामिल



**चौपारण।** श्री जगरनाथ मंदिर सियरकोनी से रविवार को निकाली गई रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रभु जगन्नाथ के आकर्षक रथ का निर्माण सियरकोनी में किया गया । प्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर चौपारण बाजार भ्रमण करते हुए मौसीबाड़ी पहुंचा। चौपारण की रथयात्रा का दूसरा वर्ष है यह आयोजन विश्वविख्यात रथयात्रा के तर्ज पर आयोजित की गई। रथ को खींचने के लिए आम से खास लोगों की हजारों भीड़ उमड़ी। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ,बलभद्र एवं सुभद्रा 37 फीट ऊंचाई वाला हाइड्रोलिक रथ आकर्षण का केन्द्र बना रहा। ओड़िशा और दरभंगा से आई भजन मण्डली भक्तों में उत्साह भरी। कोलकाता और मचला से बैंड ने भी लोगों को खूब झुमाया। इस्कान के भक्त के साथ हल्दिया इंजीनियरिंग के छात्र तथा बड़ी कम्पनियों में नौकरी कर रहे इस्कॉन के छात्र अवकाश लेकर आयोजन में हिस्सा लिया। वहीं चिकित्सको के साथ एम्बुलेंस की भी व्यवस्था रथ यात्रा में था। रथयात्रा में विविध सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन भी हुआ। रथयात्रा के साथ चार अलग अलग ट्रेलर पर तीन टीम हरिनाम संकीर्तन, नृत्य, नाटय और भक्ति गीतों की झडी प्रस्तुत कर रहे। वृंदावन, युपी से विदेशी भक्तों की विश्व विख्यात टीम हरे राम, हरे कृष्ण का संकीर्तन करते नजर आए। इसमें अमेरिका, रुस, उक्रेन, नाईजीरिया, कोलंबिया के कृष्ण भक्त शामिल थे। इनमें ऐंजेला एरी, इशिका गुप्ता, बेंजुवा थियोडोर, फेसस नवाबोशी, लारेंस किप्टम, मैनफ्रेड मांगरे, एलिना, मोहित पाल, स्वेतलाना आदि विशेष रूप से वृंदावन से आकर अपना उपस्थित दर्ज कराया। जो चार दिनों तक चौपारण प्रवास करेंगे। रथ यात्रा के दौरान महाप्रसाद वितरण के लिए लगभग 28 हजार पैकेट्स बनाए गए हैं। वहीं रथ के सामने सभी भक्त झाड़ू लगाते रहे। मौसी बाड़ी से पांचवे दिन सियरकोनी स्तिथ मंदिर में स्थापित होंगे भगवान जगरनाथ। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ,बलभद्र,सुभद्रा को रथ पर ले जाकर बिगहा स्तिथ मौसीबाड़ी बनाए गए हनुमन्त मन्दिर परिसर के गढकाली मन्दिर के समक्ष रखा गया। इसके बाद लगातार 8,9,10 जुलाई तक नियमपूर्वक पूजा अर्चना तथा अन्य संस्कार हर दिन आयोजित होगा। संध्या 5 से रात 11 बजे रात तक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होंगे। वहीं 11 जुलाई को सुबह 8 बजे घूमती रथ यात्रा अयोजित होंगे जिसमें भगवान वापस सियरकोनी मन्दिर में पूरे विधान से स्थापित होंगे। इस बीच हर दिन मौसीबाड़ी में 56 भोग लगेगा। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह के अलावा बरकठा विधायक अमित कुमार यादव, भाजपा युवा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप मेहता , रामचंद्र सिंह,संजय सिंह,मुखिया विकास सिंह, समाजसेवी प्रभात सिंह ,डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह ,जन्मजय सिंह आदि ने रथ यात्रा में शोभा बढ़ाई। रथ यात्रा को लेकर चौपारण प्रशासन हर चौक चौराहे पर पूरी तरह से अपने ड्यूटी पर दिखे मुस्तैद। चौपारण थाना दीपक कुमार सिंह अपने ड्यूटी के साथ-साथ उन्होंने जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों के साथ खुद रथ यात्रा की रस्सी खींच अपनी उपस्थिति दर्ज कराया।

# कोयला कंपनियां मजदूरों का शोषण नहीं करें, नहीं तो होगा आंदोलनः राकेश्वर पांडे

**उत्तरी छोटानागपुर में इंटक एक बहुत मजबूत लड़ाई लड़ेगीः महेंद्र मिश्रा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का सम्मेलन संपन्न, कई बड़े नेता हुये शामिल**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का सम्मेलन टाउन हॉल में संपन्न हुआ और यहां के विस्थापित प्रभावित रहिए तार मजदूरों की समस्याओं को लेकर चिंतन मनन हुआ। कार्यक्रम का संचालन धीरज कुमार सिंह ने किया, अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने की ' स्वागत भाषण अर्जुन राम ने दी। दीपक गुप्ता ने सभी प्रदेश नेताओं को बैज पहनाकर स्वागत किया। हजारीबाग के अनुज सिंह और शशांक सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवकों ने राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का दामन थामा। भवनाथपुर के पूर्व विधायक मजदूरों के नेता राज राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि इंटर का कार्यक्रम हजारीबाग में होना कहीं ना कहीं अपने आप में इस बात का परिचायक है कि आने वाले समय में मजदूरों की हितों की लड़ाई यहां पर पुरजोर तरीके से होगी। महिला नेत्री मीरा तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस पूरे भारत का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है और पूरे राज्य में एक जोरदार आंदोलन किया जाएगा एक बड़ी लड़ाई की आगाज होगी। अध्यक्ष भाषण देते हुए सुरजीत नागवाला ने कहा हजारीबाग में कॉल कंपनियां मजदूरों का शोषण कर रही है यहां पर मीनिंग लो लेबर लॉ और किसी भी तरह का लो का कोई अनुपालन नहीं हो रहा है और जिला प्रशासन कोयला कंपनियों को सह देने का काम कर रही है। पूरे केरेडारी बड़कागांव क्षेत्र में लोगों की जमीन लूटी जा रही है उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है मजदूरों के साथ उनके हितों की अनदेखी हो रही है।

उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया है कि जल्द ही बड़कागांव और केरेडारी की धरती पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले और मजदूर के बड़े जन सैलाब से मिलने का काम करें। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त महासचिव महेंद्र मिश्रा ने कहा कि हजारीबाग में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस नए सिरे से लोगों को जोड़ने का काम करें, असंगठित मजदूर ,दैनिक वेतन भोगी ,मजदूर कोयला मजदूर, मोटीया मजदूर, संगठित मजदूर इंटक से जुड़े, और आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करें ताकि उनके हक और अधिकार की लड़ाई हजारीबाग से चलकर रांची तक पहुंचे और रांची से चलकर संसद तक गूंजे।

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की स्थापना 1947 में हुई है और लगभग 3:30 करोड़ सदस्य राष्ट्रीय मजदूर के हैं। देसी नहीं अभी तो विदेश में भी राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का परचम लहरा रहा है। हजारीबाग की जो भी कॉल मजदूरों की समस्या है इंडस्ट्रियल इस पूरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के कार्यकर्ता टाउन हॉल में शामिल हुए।

### मिट्टी के जमाव से नदी की धारा बाधित

**बरही।** एनएच 31 स्थित जवाहर घाट पुल निर्माण के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन अपनी जिम्मेवारी समाप्त कर ली है। पुल निर्माण के बाद पुल के नीचे अनावश्यक रूप से रखा गया मिट्टी और बोल्डर पुल के नीचे ऐसे ही छोड़ दिया गया है, जिससे नदी की धारा का बहाव बाधित हो गया है। जिसे स्थल निरीक्षण से स्पष्ट देखा जा सकता है। पानी के बहाव बाधित होने से पुल के दूसरे छोर (जामुखाडी) की ओर पानी का स्तर घटा है। इसका सीधा प्रभाव स्थानीय किसानों के खेतों में हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां गर्मी के मौसम में भी खेतो में फसल लहलहाते थे, परंतु पुल बनने के बाद पानी में कमी आई है, जिससे सिंचाई प्रभावित हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने एनएचएआई के अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए पुल के नीचे अनावश्यक मिट्टी और पत्थर जमाव को हटाने की मांग किया है। मामले को ले एनएचएआई के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नही होने के कारण प्रतिक्रिया नही ली जा सकी है।

# युवक को गोली मारने वाले दो अपराधी गिरफ्तार



**रामगढ़।** पुलिस ने भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में गोलीबारी करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सायल शिवाजी रोड निवासी शिवराज उर्फ शिवा और सायल पीपला सेंटर निवासी विक्रम कुमार शामिल हैं। एसपी डॉ बिमल कुमार ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पांच जुलाई को पोड़ा गेट के पास रात 9:00 बजे ओमप्रकाश शाह पर गोली चली थी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज अभी भी मेदांता अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि ओम प्रकाश शाह और शिवराज और शिवा के बीच आपसी रंजिश थी, जिसकी वजह से उसने उसपर गोली चलाई। इस मामले में तत्काल पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर जांच शुरू की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भुरकुंडा क्षेत्र के अंतर्गत उरिमारी से सायल चेक पोस्ट की ओर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर शिवराज अपने साथी के साथ आने वाला है। पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की और शिवराज उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ विक्रम कुमार भी मौजूद था। उन लोगों के पास से एक देशी पिस्तौल की बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि इसी पिस्टल से पांच जुलाई की रात पोड़ा गेट के पास ओमप्रकाश शाह पर हत्या करने की नीयत से गोली चलाई गई थी। पुलिस ने उस हीरो मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है, जो उस वारदात में प्रयुक्त की गई थी। छापेमारी में पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, पुअनि अविनाश कुमार, निर्भय कुमार गुप्ता, कुणाल कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### बाराटांड में घर का छत गिरा, बाल बाल बचे लोग

**बरही।** बाराटांड़ में रविवार दोपहर एक घटना में घर में रह रहे महिला पुरुष एवं घर के बच्चे बाल बाल बच गए। अनिल कुमार दास रविवार को पत्नी एवं बच्चों के साथ भोजन करने बैठे ही थे कि उनका जर्जर मकान का छत गिर गया। घटना की सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित से मुलाकात की।

ठाकुर ने बताया कि उनका मकान 70 वर्ष पुराना है और पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है, जिस प्रकार छत गिरा है उसी प्रकार पहले भी कई बार छत गिरने की घटना को लेकर पीड़ित द्वारा उन्हें सूचित किया गया था, जिसे लेकर उन्होंने पीड़ित को सरकारी आवास दिलवाने का पूरा प्रयास किया लेकिन प्रखंड कार्यालय द्वारा यह बात कह कर कि इनका पहले से आवास है जिसके लिए अब तक इनका प्रधानमंत्री एवं अबुआ आवास नही हो पाया है।

# जगन्नाथ पहुंचे मौसीबाड़ी, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

- कैथा रथयात्रा में उमड़ी भीड़



**रामगढ़।** कैथा रथयात्रा को लेकर रविवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों और श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। विधि पूर्वक भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को भक्तों ने मौसीबाड़ी पहुंचाया। रथयात्रा में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुईं ।

सुनीता चौधरी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के पूजा से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ सृष्टि के संचालक और पालनकर्ता हैं। वार्ड पार्षद देवधारी महतो कहा कि रथ खींचने से पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने भगवान से जगत कल्याण व लोकमगंल की कामना की। कमेटी के सचिव राजेश कुमार महतो ने कहा कि कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले का गौरव है। कैथा रथयात्रा का ऐतिहासिक महत्व है। भगवान जगन्नाथ भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के पूजन का विशेष महत्व है।मेले में झूला,सौंदर्य प्रसाधन,मिठाइयां और रेवड़ियां की दुकान विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। रथयात्रा मेला में श्रद्धालु के बीच भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

बच्चे, युवा,महिला सहित सभी वर्गों का उत्साह देखते ही बन रहा था।सभी भक्तिमय भाव में डूबे नजर आए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद देवधारी महतो आयोजन समिति सचिव राजेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी, मुख्य पुजारी भागवत नारायण चटर्जी,संजय करमाली, चुनीलाल महतो,माधव करमाली राम प्रकाश महतो,गणेश राम महतो, डीया महतो,चुनीलाल महतो,राजकुमार महतो,संदीप महतो,अजय आस्था,धीरू कुमार,परितोष चटर्जी, गणेश महतो, मनोज कुमार,अमित प्रभात अग्रवाल, कुमार,केशरलाल महतो,प्रकाश महतो, संजय कुमार महतो ,संदीप महतो,धीरू महतो,अजय आस्था, अमित दास ,नागेश्वर करमाली, विजय रविदास,रंजीत, विकी अनुज,पंकज कुमार, नीतीश कुमार ,मोहित महतो ,टिंकू सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## एक नजर में

### कटकमसांडी में 20 से अधिक बेटियों को सांसद मनीष जायसवाल ने दिया लहंगा





कटकमसांडी। सांसद मनीष जयसवाल इस बार भी बहनों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वयं बहनों के बीच जा जा कर कर के लहंगा भेंट किया ।कटकमसांडी के विभिन्न गांवों में 20 से अधिक बेटियों को उनके विवाह के लिए उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल की ओर से कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने लोगों को लहंगा अपने हाथों सौंपा। लहंगा पाने वालों में पंचायत कटकमसांडी , बांझिया , बरगड्डा,रेबर,आराभुसाई, आदि गांवों के मिलाकर के कुल 20 से अधिक लड़की को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया ।परिजनों ने लोकसभा सांसद मनीष जसवाल के प्रति खूब आभार प्रकट किया है ।पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सांसद हमेशा के लिए कटिबद्ध हैं। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा , मनोज पांडेय,अनुराग मित्तल उर्फ सीकू,निरंजन ठाकुर,विद्यापति पांडे,लेखराज यादव, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### अन्नपूर्णा देवी का बरही चौक पर स्वागत



**बरही।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के मंत्री बनने के बाद कोडरमा से चौपारण जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होने जाने के दौरान बरही चौक पर पूर्व विधायक मनोज यादव के नेतृत्व में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मनोज कुमार यादव समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ केंद्रीय मंत्री को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने भी लोगों का अभिवादन किया। केंद्रीय मंत्री के स्वागत में भाजपा कार्यकताओं ने ढोल ताशे के साथ जिंदाबाद के नारे लगाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर इस क्षेत्र को गौरवान्वित करने का काम किया है। मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हरिश श्रीवास्तव, भुनेश्वर पटेल, दिनेश सिंह राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन साव, सुरेंद्र रजक, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया शमशेर आलम, हरेंद्र गोप, मोतीलाल चौधरी, खिरोधर यादव, प्रद्युमन सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साव, मुन्ना यादव, अभिषेक निषाद, पप्पू चंद्रवंशी, नागेश्वर रजक, देवानंद साहू, अवध यादव, सुबोध यादव, अशोक यादव, युगल यादव, सुनील यादव व भाजपाई मौजूद थे।

### दारू में हाथियों ने कई घरों को किया ध्वस्त

दारू। प्रखंड में दो महीनो से लगातार हाथियों का झुंड जमे हुए है। शनिवार रात जिनगा पंचायत के कोय गांव में हाथियों ने गोविंद राम का घर तहस-नहस कर दिया। गोविंद राम ने बताया कि बिछड़े हुआ एक हाथी गांव में घुसा जैसे हाथी आने की खबर मिली हम लोगों ने घर के बाहर निकल गए इसके बाद हाथी मेरे अल्बेस्टर सेट के पूरे घर तोड़ दिया घर में रखे अन्नाज भी खा गया। मेरा आर्थिक कमर टूट चुकी है इसे बनाने में काफी खर्च आएगा प्रशासन से मेरी मांग है कि मुझे मुआवजा दिया जाए। रेंजर विजय कुमार ने कहा कि हाथियों को छेड़ नहीं मेरा टीम उसकी दिशा बदलने में लगी हुई है जल्द ही इसे हटाया जाएगा। आप सभी ₹हमर हाथी₹ एप्लीकेशन डाउनलोड करें ताकि आप लोगों को हाथी कहां है इसकी जानकारी मिल पाएगा।

### पंचवटी अपार्टमेंट में दो गुटों के बीच मारपीट

रामगढ़। शहर का पंचवटी अपार्टमेंट का पार्क शनिवार की रात जंग का मैदान बन गया। यहां दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। कोई बैट-विकेट लेकर तो कोई गमला फेंक कर जानलेवा हमला कर रहा था। किसी के हाथ में चाकू था तो किसी के हाथ में बेल्ट। इस मामले में दोनों गुटों की तरफ से रविवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पहली प्राथमिक नानक ढाबा होटल के मालिक जितेंद्र सिंह पवार ने दर्ज कराई है। इस प्राथमिक में उन्होंने कहा है कि वह जब पार्क में पहुंचे तो अरुण गोयल ने गमला फेंक कर उन पर जानलेवा हमला किया। साथ ही उनके साथ मारपीट की। जब राजेश कुमार उन्हें रोकने गए तो उन्हें भी बेल्ट से पीटा गया। इसके बाद उनके बेटे और भतीजे भी जब वहां पहुंचे तो अरुण गोयल के द्वारा उन दोनों की भी पिटाई की गई। साथ ही उन सभी को जान से मारने की धमकी भी अरुण गोयल ने दी। दूसरी प्राथमिकी अरुण गोयल ने दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि जितेंद्र सिंह पवार उनके भाई राजेंद्र सिंह पवार और परिवार के अन्य लोग अक्सर उन्हें धमकाते रहते हैं। क्योंकि, वह नवनीत कौर और राजेंद्र सिंह पवार के बीच चल रहे घरेलू हिंसा के मामले में गवाह है। यह मामला अभी कोर्ट में लंबित है।

### शहीद तापस सोरेन फुटबॉल टूर्नामेंट में बिराखाप ने गोबरदहा को 1-0 से हराया

चरही। सिद्धू-कान्हू फुटबॉल मैदान में शहीद तापस सोरेन स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ, जिसके मुख्यातिथि चरही मुखिया संझली मुर्मू व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति , चरही के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन , झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा थे। पहला उद्घाटन मैच बिराखाप बनाम गोबरदहा के बीच खेला गया। जिसमें बिराखाप टीम ने 1-0 से गोबरदहा टीम को पराजित किया। वहीं दूसरा मैच कसियाडीह बनाम गरगाली टीम के बीच खेला गया ।जिसमें कसियाडीह ने गरगाली टीम को 6-0 से पराजित किया ।टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया है ।जिसका फाइनल मैच 8 जुलाई शहीद तापस सोरेन शहादत दिवस के अवसर पर खेला जाएगा ।मौके पर चरही मुखिया संझली मुर्मू ने कहा कि खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपना भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं ।पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि खेल को अपना लक्ष्य मानकर खेलें सफलता निश्चित मिलेगी। झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस के मौके पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को मौका देना है। मौके पर फिलन होरो , तहाराम हेम्ब्रोम , वार्ड सदस्य प्रकाश टुडू, बिशुन मुर्मू,कोलेश्वर रविदास , एहतेसामूल हसन ,मुनेश्वर रविदास, दर्शन सोरेन, नेमन कुमार , आशीष हंसदा , फागु बेसरा ,सुनील टुडु ,विशाल मुर्मू ,सीताराम प्रजापति , छोटन महतो सहित अन्य शामिल थे।

## 64 सीसीटीवी कैमरा से लैस होगा सदर अस्पताल, रखी जायेगी विशेष निगरानी

# सदर अस्पताल की व्यवस्था में हो रहा बड़ा बदलाव

### सुविधाओं में इजाफा होने से अस्पताल में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या

**उमा शंकर, ब्यूरो प्रमुख**

**कोडरमा।** सदर अस्पताल में नये सिरे से सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। इससे हर गतिविधि की निगरानी हो सकेगी। सदर अस्पताल में प्रमुख स्थानों में 42 नए कैमरा लगाये जा रहे है, ताकि सदर अस्पताल के मुख्य गेट से लेकर हल, पोर्टिको सहित वार्डों की निगरानी होगी। बता दें कि पूर्व में सदर अस्पताल में 22 कैमरे लगाये गये थे, लेकिन कुछ समय से कई कैमरा खराब हो गया था। इस कारण अस्पताल की निगरानी नहीं हो पाती थी। वहीं सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. रंजीत कुमार ने बताया की सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाकर लगाने का निर्णय लिया गया है, ताकि हर गति विधि पर विशेष निगरानी रखी जा सके। वहीं ड रंजीत ने बताया कि सदर अस्पताल 42 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कैमरे से लगातार निगरानी के लिए एक कर्मी की तैनाती कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी कैमरे से आने वाले फुटेज पर नजर रखेंगे। वहीं कोडरमा सदर अस्पताल का खबर मन्त्र ब्यूरो ने पड़ताल की जिसमें जमीनी हकीकत सामने आ गई। कोडरमा सदर अस्पताल की व्यवस्था में हो रहा बड़ा बदलाव

सदर अस्पताल की व्यवस्था में हाल के महीनों में बड़ा बदलाव हुआ है। अस्पताल आने वाले हर मरीज का उचित इलाज व जांच हो इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सुविधाओं में बढ़ोतरी की है, यही कारण है कि सदर अस्पताल में इलाज कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यही नहीं कोडरमा के अलावा आसपास के जिलों गिरिडीह, हजारीबाग व बिहार के नवादा के रजौली आदि इलाकों से भी लोग यहां इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में अस्पताल की पूरी व्यवस्था बनाए रखना विभाग के लिए बड़ी चुनौती है।

गत दिन फर्जी डॉक्टर बन महिला वार्ड में प्रवेश कर मरीजों से छेड़छाड़ मामले में आरोपी को पकड़ने के बाद विभाग अब और सख्ती बरत रहा है। खासकर अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष चौकसी बरती जा रही है। इस प्रकरण के बाद न सिर्फ भर्ती वार्ड में नहीं, बल्कि ओपीडी सेक्शन में भी सुरक्षा को लेकर ध्यान दिया जा रहा है। विभाग ने इसके लिए नया दिशा निर्देश भी जारी किया है इसके तहत ओपीडी में डॉक्टर से दिखाने के लिए मरीज को जारी की जाने वाली पर्ची प्रस्तुत किए जाने के बाद ही गेट में प्रवेश दिया जा रहा है। मरीज के साथ अगर जरूरी है तो एक ही अटेंडेंट जाने की अनुमति दी जा रही है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद ओपीडी सेक्शन की तस्वीर बदली हुई दिख रही है। पहले ओपीडी सेक्शन भीड़ से खचाखच भरा दिखता था, पर इन दिनों वहां मरीज व्यवस्थित तरीके से अपना इलाज होने का इंतजार करते दिख जाते हैं। ओपीडी सेक्शन के साथ सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने अब महिला व पुरुष भर्ती वार्ड में भी बिना इजाजत प्रवेश नहीं देने का नियम लागू किया है। यही नहीं कुछ समय के लिए ही परिजनों को मरीज से मिलने के लिए समय निर्ाारित करने की बात पर विचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल की सुरक्षा में वर्तमान 20 होमगार्ड के जवान लगाए गए हैं। अतिरिक्त फोर्स की मांग पुलिस प्रशासन से की गई है। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल के ओपीडी में हर दिन करीब 900 से 1000 मरीज पहुंच रहे हैं, जबकि इमरजेंसी में भी करीब 200 मरीज देखे जा रहे हैं। सदर अस्पताल में 24 घंटे जांच की सुविधा बहाल



सदर अस्पताल की व्यवस्था में बदलाव को लेकर लंबे समय से चल रहे प्रयास का फल यह है कि अब यहां हर तरह की सुविधा उपलब है।

डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर अब सदर अस्पताल में 24 घंटे सभी तरह की जांच की सुविधा बहाल की गई है। इसका असर यह हुआ है अब हर दिन औसतन तीन सौ से अधिक मरीजों के रक्त की जांच सदर अस्पताल में हो रही है। जिस जांच की सुविधा सदर के जांच केंद्र में नहीं है वैसे मरीज परिसर में ही संचालित एसआरएल के केंद्र में करा सकते हैं, यही नहीं इमरजेंसी में 24 घंटे सीटी स्कैन की सुविधा पीपीपी मोड़ पर बहाल है। सदर अस्पताल का अपना एक्सरे सेंटर रात नौ बजे तक संचालित किया जा रहा है। यहां मात्र 80 रुपये में डिजिटल एक्सरे कराया जा सकता है। बड़ी बात यह भी है कि पहले मरीजों को मेडिसिन सेंटर से दोपहर तीन बजे तक ही दवा मिल पाती थी, जिसे अब बदलकर रात नौ बजे तक कर दिया गया है। सदर में ईसीजी जांच पूरी तरह निःशुल्क कराया जा सकता है। सदर अस्पताल में संचालित हो रहा है अलग-अलग 11 ओपीडी

सदर अस्पताल में 11 अलग-अलग ओपीडी संचालित हो रहे हैं इसमें स्किन का एक, आंख का एक, फिजिशयन सामान्य ओपीडी दो, चाइल्ड का एक, दांत एक, आर्थो एक, सर्जरी एक, फीमेल एक के अलावा इमरजेंसी ओपीडी, आईपीडी शामिल है। इसके अलावा सप्ताह में दो दिन कार्डियक ओपीडी भी संचालित किया जा रहा है। व्यवस्था परिवर्तन का असर यह है कि अब सदर अस्पताल परिसर में पोस्टर तक लगा दिए गए हैं, जिसमें मरीज से पैसा लेना या देना दोनों को कानूनन अपराा बताया गया है।

**सदर अस्पताल उपाीक्षक ने क्या कहा :** सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल आने वाले हर मरीज का उचित इलाज हो और लोगों को यहां की व्यवस्था से संतुष्ट होकर जाएं इसके लिए हर स्तर से प्रयास किया गया है। हाल के महीनों में कई पहल किए गए हैं, जिसका असर दिख रहा है। व्यवस्था को बनाए रखने में आम लोगों का भी सहयोग जरूरी है।

## एक नजर में

## प्रो. मिथलेश कुमार ने किया राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** आईसेक्ट यूनिवर्सिटी हजारीबाग में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में नीम चौंक, टंडवा निवासी प्रो. मिथलेश कुमार ने अपना शोध पत्र जनजातीय अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव (झारखण्ड राज्य के संदर्भ में एक अध्ययन) प्रस्तुत किया एवं अपने महाविद्यालय और अपने गांव का नाम रौशन किया। यह कार्यक्रम इंडियन काउंसिल ऑफ साइंस रिसर्च, आई सी एस एस आर - न्यू दिल्ली द्वारा प्रायोजित था जिसमें भारत के कई राज्यों से शोधार्थी अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए पहुंचे थे। बताते चले की इससे पूर्व भी मिथलेश कुमार राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लें चुके हैं एवं कई पत्रिकाएं भी लिख चुके हैं जिसमें, सामाजिक समरसता एवं छुआछूत पर गांधीजी की भूमिका, जनजातीय स्वास्थ्य शिक्षा और समानता, जनजातीय अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव आदि। फिलहाल मिथलेश सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में कार्यरत हैं और आईसेक्ट यूनिवर्सिटी,हजारीबाग से ढं.ऊ के फाइनल ईयर के शोधार्थी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति डॉ पी के नाइक ने उन्हें शुभकामनाएं दी एवं अपने शोध विषय में और अधिक मेहनत करने की सलाह दी।

## बीडीओ की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** मयूरहंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शनिवार को बीडीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि समेत अन्य छह इंडिकेटर पर कार्य करने का लक्ष्य निर्धारित है। इंडिकेटर पर बेहतर कार्य करने और निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने पंचायतों में प्रभातफेरी और ग्रामसभा के माध्यम से निर्धारित इंडिकेटर के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि हर पंचायत और गांव में कैंप लगाकर बीपी और मधुमेह की जांच कराई जाएगी। प्रमुख मिक्की देवी, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर कुमार, बीडीओ मनीष कुमार, उप प्रमुख पूनम कुमारी समेत सभी पंचायत के मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और पोस्टर का विमोचन किया। मौके पर आकांक्षी फेलो रोहित चौरसिया समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बाइक टक्कर में एक की मौत बाइक समेत चालक गिरफ्तार




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** बीते शनिवार की रात में राह चल रहे दो लोगों को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। रफ्तार इतनी तेज थी एक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसमें नौवाचक निवासी 58 वर्षीय फागु राजवंशी की मौके पर ही मौत हो गयी थी। वही रामडीह निवासी राकेश राजवंशी पिता साहो राजवंशी गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के उपरांत ग्रामीणों ने बाइक समेत चालक को पकड़ कर मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया था। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा घंटो सड़क जाम कर दिया गया था। थाना प्रभारी विजय गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिि के काफी मशक्कत के बाद देर रात जाम को हटाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस ने उक्त चालक मरचोई निवासी गौरव कुमार पिता अरविंद सिंह पर उक्त संबंा में रविवार को थाना कांड संख्या 51/24 दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

## समाहरणालय संवर्ग कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखण्ड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) जिला शाखा कोडरमा की बैठक जिला अयक्ष शशिकांत मणि की अयक्षता में प्रखण्ड कार्यालय कोडरमा परिसर में आहूत की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव राजकुमार दास, शशि पांडेय के द्वारा किया गया। बैठक के दौरान संघ द्वारा सभी बिन्दुओं पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये। जिसमें सर्वप्रथम 23062024 को राज्य स्तरीय बैठक में लिए गये 9 सूत्री मांगो (यथा-निम्न वर्गीय लिपिक को ग्रेड वेतन 1900 से बढाकर 2400 करने एवं अन्य के वेतन में संशोान, सभी विभागों में पदों का सृजन, समाहरणालय लिपिकों का नाम परिवर्तन, एमएएसपी के कालावाि कम करने) इत्यादि मांगों के समर्थन पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा सर्वम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अपने मांगो के समर्थन में 14072024 को राजभवन रांची के समक्ष आयोजित महाारना में कोडरमा जिला के सभी समाहरणालय के कर्मियों के द्वारा भाग लेने पर सहमति दी गई। वहीं महाारना के उपरान्त यदि सरकार 9 सूत्री मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करने की स्थिति में राज्य नेतृत्व के द्वारा हड़ताल की घोषणा की जाती है तो सभी समाहरणालय संवर्ग के कर्मी हड़ताल पर चले जायेगें। वहीं पूर्व से गठित समिति के अतिरिक्त अनुसचिव कर्मियों को पदााकिारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य का चयन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें उपायक्ष संतोष कुमार, संयुक्त सचिव गौरव कुमार, उप कोषायक्ष आदित्य सौरभ, कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र कुमार सिन्हा, ऋषभ राज, मो. हसनैन, प्रकाश कुमार शर्मा, विपिन कुमार, प्रवीण कुमार, शामिल हैं। बैठक में तरूण कुमार लाल, अजय कुमार पाण्डेय, पंकज कुमार, संतोष कुमार, राजेन्द्र राय, बलदेव पंडित, रजनी रंजन, रामशीष यादव, ाीरज पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार बक्शी, मो.इन्तेखाब आलम, सुनील कुमार रजक, तानेश्वर राम, आदि मौजूद थे।



## रांची पल्स हाहस्पिटल के स्टॉफ के उपर

# डॉ. सौरभ ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पल्स हॉस्पिटल रांची के द्वारा चिकित्सकों के लिए होटल रामेश्वरम में डिनर पार्टी का आयोजन किया था, जहां डॉ सौरव और पल्स हॉस्पिटल व कोडरमा के दो चिकिसकों की बीच धक्का-मुक्की होने की खबर मिली। जिसको लेकर डॉ. कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मेरे द्वारा तिलैया थाना में दिए आवेदन दिया गया, जिसमें बताया गया कि पल्स हस्पिटल रांची के द्वारा आईएमए कोडरमा के चिकित्सकों के लिए डिनर पार्टी का आयोजन झुमरी तिलैया के रामेश्वरम होटल में किया था। जिसमें जिले के लगभग 30 से 35 एमबीबीएस डॉ. रामेश्वरम होटल पहुंचकर कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। इस कार्यक्रम में मुझे निमंत्रण मिला था। जिसके बाद मैं रामेश्वरम होटल शनिवार शाम लगभग 7:30 बजे के करीब पहुंचा। इसी बीच पल्स हस्पिटल के स्टाफ मेरे टेबल के पास आकर दुर्व्यवहार करते हुए कहा कि आपका निमंत्रण कैंसिल कर दिया गया है, इसलिए यहां से आप चले जाएं। इसी बात को लेकर मेरे और पल्स हॉस्पिटल के स्टाफ के बीच में कहा सुनी के बाद हास्पिटल के स्टाफ ने मुझे होटल से धक्के मार कर बाहर कर दिया। वहीं दिए गए आवेदन में कोडरमा जिले के दो चिकित्सकों पर भी साजिश के तहत दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।



## प्रेमी युगल घर से फरार होकर रचाई शादी, मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना अंतर्गत कटैया पंचायत के असनाकोनी गांव में गुरुवार को एक प्रेमी युगल अपने घर से फरार हो कर बिहार के नवादा में शादी कर लिया। घटना के बाद प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी पर बहला-फुसलाकर शादी करने का आरोप लगाते हुए सतगावां थाने में मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होते ही पुलिस मामले की छान बीन कर आरोपी को सतगावां थाना कांड संख्या 50/24 ाारा 96 ठछै. के प्राथमिकी अभियुक्त नितीश कुमार उम्र 19 वर्ष पिता शिवपूजन राजवंशी ग्राम आसनाकोनी थाना सतगावां जिला कोडरमा को गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच पश्चात न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान




**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के मार्गदर्शन में रविवार को प्रतापपुर प्रखंड के शिवपुर, कारुडीह, महुगाई आदि गांवों में प्रखंड के विधिक कार्यकर्ता (पीएलवी) गोविंद ठाकुर एवं संदीप कुमार गुप्ता ने विधिक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को व्यवहार न्यायालय चतरा में 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुलहनीय आपराधिक मामले, दीवानी मामले, वन विभाग, बिजली विभाग, दावा वाद आदि मामलों का निष्पादन किया जाना है।

## हमले में घायल हुए कारोबारी मनोज सिंह की इलाज के क्रम में मौत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के विशनपुर आश्रम रोड में 3 जुलाई को जानलेवा हमले में घायल हुए कारोबारी मनोज सिंह की इलाज के क्रम में रांची में मौत हो गई है। बालू को लेकर वर्चस्व की लड़ाई कारोबारी मनोज सिंह की मौत की वजह बताई जा रही है। मनोज सिंह की पत्नी मंशा कुमारी ने तिलैया थाने को दिए आवेदन में बालू माफिया ब्रजेश साव पर हत्या का आरोप लगाया है। रांची से मनीष सिंह का शव कोडरमा पहुंचने पर लोगों में आक्रोश देखा गया। 3 जुलाई को अपने घर से कुछ ही दूरी पर कारोबारी मनीष सिंह का खून से लतपथ स्थिति में गिरे पड़े मिले थे, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें रांची के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई अंकित सिंह के अनुसार साजिश के तहत उनके भाई की हत्या की गई है। किसी व्यक्ति ने उन्हें फोन करके बुलाया और थोड़ी देर बाद ही वे गम्भीर रूप से घायल अवस्था में मिले थे। इार, विाायक ड नीरा यादव ने कारोबारी मनीष सिंह की पत्नी और उनके परिजनों से मुलाकात की और एसपी से बात कर उन्हें इस मामले का जल्द उद्वेदन करने का निर्देश भी दिया। विाायक ड नीरा यादव ने कहा कि मृतक के छोटे-छोटे मासूम बच्चे हैं और उनकी पत्नी की पूरी जिंदगी पड़ी है।

# नगर परिषद ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

### ट्रेड लाइसेंस नहीं दिखाने पर 34 दुकानदारों से 26,300 की राशि वसूल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बाइपास में सर्विस लेन में कई मोटर वर्कशाप संचाल कवाहनों की मरम्मत करतेहैं। इससे वाहनों व राहगीरों को आवाजाही में परेशानी होती है। झुमरीतिलैया नगर परिषद ने शनिवार को यहां अभियान चलाया। बीते सप्ताह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस लेन में अतिक्रमण व वाहनों की मरम्मत का मामला उठा था। इसमें उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने नगर प्रशासक हर्ष वान को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

इसके बाद झुमरीतिलैया नगर परिषद की टीम ने बाईपास की सर्विस लेन में जांच अभियान चलाया। इस दौरान मोटर गैराज के संचालकों को सड़कों पर वाहन की मरम्मत नहीं करने के निर्देश दिए गए और ट्रेड लाइसेंस नहीं होने पर जुर्माना वसूला गया। वही जांच अभियान के दौरान अशोक कुमार सिंह प्रो जोव मोटर्स के द्वारा नवकर्मियों से रुड़ता से बातचीत की गई और उसने कहा कि हमारा रांची से लाइसेंस बना हुआ है, हमें यहां लाइसेंस की कोई आवश्यकता नहीं है, बाकी जिससे समझना होगा हम इस पर समझ लेंगे। प्रशासक हर्ष वर्धन ने कहा कि सर्विस लेन पर अतिक्रमण व वाहनों की मरम्मत से लोगों को काफी परेशानी होती है। यहां अवैध रूप से नाली पर कई दुकान संचालित किए जा रहे हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अतिक्रमण करने वालों व मोटर वर्कशाप संचालकों को चेतावनी दी गई है। मोटर गैराज संचालकों को साफ निर्देश दिया गया कि सर्विस लेन पर वाहनों की मरम्मत नहीं करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं कई लोग सड़क पर ईंट, बालू, ठेला रखकर जाम की स्थिति उत्पन्न करते हैं। इसको लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस बारे में अतिक्रमण मुक्त नोडल पदाधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों व बायपास रोड के सर्विस लेन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया गया, आगे भी अभियान जारी रहेगा। वहीं नगर प्रबांक डा. अरविंद मोदी ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत व्यापार करने से पूर्व नगर परिषद से म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। शहर में अब भी कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान व दुकानें बिना ट्रेड लाइसेंस के चल रही हैं। इसको लेकर पूर्व में भी कुछ दुकानों को सील किया गया था और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया किशनिवारको नगर परिषद की दो टीमोंने महाराणा प्रताप चौक से लेकर इंदरवा चौक तक सर्विस लेन के दोनों तरफ जांच अभियान चलाया गया। अभियान को लेकर दो टीम बनाई गई थी, जिसका नेतृत्व दुलारचंद यादव एवं बलराम कुमार कर रहे थे। इस दौरान ट्रेड लाइसेंस नहीं दिखाने पर 34 दुकानदारों से 26,300 की राशि वसूलकी गई। इस दौरान महिंद्रा बाडी गैरेज, विकास आटोमोबाइल, कैलाश यादव बाडी गैरेज, मुख्तार बाइक रिपेयरिंग, अर्चना हार्डवेयर, मनोज ट्रैक्टर गैरेज, पियाजियो शोरूम, साजिद मोटर्स समेत अन्य लोगों से जुर्माना वसूला गया। मौके पर जेई प्रदीप शर्मा, पंकज कुमार, चंदन पंडित, वेद प्रकाश पटेल, महफूज अंसारी, मुकेश राणा, उमेश कुमार, सहायक अनिल कुमार, कर संग्रहक लखन सिंह, भोला दास, संजय दास, होमगार्ड के जवान व तिलैया थाना के पैंथर मौजूद थे।



## पुलिस ने कोयला लदा हाइवा को चोरी होने से बचाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा।** स्थानीय पुलिस के तत्परता व सुझबूझ के कारण एनटीपीसी के खनन परियोजना से कोयला ढुलाई कर एक हाइवा को चोरी होने से बच गई। इस मामले में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने दो अपराधियों को हिरासत मे लिया है।इस मामले मे हाइवा मालिक भुनेश्वर महतो बड़कीटाड़ निवासी के बयान पर पांच अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम छह बजे उक्त हाइवा कोयला लेकर बचरा रेलवे साइडिंग जा रहा था। इसी दौरान केरेडारी थाना के जोरदाग के पास तीन अपराधी लिफ्ट लेने के बहाने हाइवा पर सवार हुए। इस वाहन का ड्राइवर श्याम सुंदर महतो जैसे ही हाइवा को लेकर टंडवा थाना के बसरिया के जंगल पहुंचा कि एक बाइक में सवार दो अपराधी आए और गाड़ी का ओवर टेक रूकवा दिया। इस बीच पहले से सवार तीन अपराधियों ने ड्राइवर को डरा धमका कर हाथ पैर बाध कर जमकर मारपीट की।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार ड्राइवर को मारपीट करते हुए बसरिया मगध रोड जंगल मे फेक दिया और किसी को बोलने पर जान मारने की धमकी दी। किसी तरह ड्राइवर ने मालिक को घटना की पुरी जानकारी दी।जिसकी सुचना थाना को मिलते ही इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोकेशन खंगाला और चोरी के हाइवा और बाइक को जब्त कर लिया।इंस्पेक्टर ने बताया हाइवा लूट की घटना सात बजे शाम की है। बताया गया कि अपराधियों ने कोयला को केरेडारी के आसपास गिरा कर हाइवा लेकर भाग रहे थे। इसी बीच पांच अपराधियों मे दो को टंडवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछताछ चल रही है। इंस्पेक्टर ने इस बात की पुष्टि की है कि चोरी का हाइवा को जब्त कर लिया गया है जबकि प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस घटना से कोयलांचल में हाइवा मालिकों के बीच हडकंप मचा हुआ है।

स्पीड न्यूज

## कोबरा ने युवक को काटा, अस्पताल में चल रहा है इलाज

**लोहरदगा।** जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के गगेया गांव में एक युवक को सांप ने काट लिया। इसके बाद युवक की हालत बिगड़ गई। परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो युवक को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर युवक का इलाज किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि युवक को खतरनाक कोबरा सांप ने काटा है। बताया जाता है कि लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के गगेया गांव निवासी विष्णु उरांव के 24 वर्षीय पुत्र प्रशांत उरांव सड़क के किनारे बैठा हुआ था। तभी उसे सांप ने काट लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। घरवालों को इसकी जानकारी हुई तो प्रशांत को स्कूटी से आनन-फानन में इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया।

## कीटनाशक खा कर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**लोहरदगा।** जिला के कुडू थाना क्षेत्र के रोचो बरबाटोली गांव में एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया है। घर वालों को इसकी जानकारी हुई तो युवक को एंबुलेंस से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर युवक का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल युवक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। युवक की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के रोचो बरवाटोली निवासी खदिया भगत के 35 वर्षीय पुत्र जगदीश भगत के रूप में हुई है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि जगदीश ने आत्महत्या का प्रयास क्यों किया। घर वाले भी इस घटना से काफी हैरान हैं।

## मामूली विवाद में पिता ने खाया कीटनाशक

**लोहरदगा।** जिला के कैरो थाना क्षेत्र के खंडा गांव में एक अधेड़ ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। अधेड़ को गंभीर हालत में इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां पर अधेड़ का इलाज किया जा रहा है। अधेड़ की पहचान लोहरदगा जिला के कैरो थाना क्षेत्र के खंडा गांव निवासी खैलु उरांव के पुत्र बना उरांव (45 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बना उरांव का अपने बेटा के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद बना उरांव ने घर में रखे हुए कीटनाशक को खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घर वालों को जब इसकी जानकारी हुई तो बना उरांव को निजी वाहन से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया।

## महिला को सांप ने डंसा

**लोहरदगा।** जिला के कुडू थाना क्षेत्र के कोकर पुरनाडीह की रहने वाली महिला को शनिवार दोपहर जहरीले सांप ने काट लिया। महिला को परिजनों ने इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि कोकर पुरनाडीह गांव निवासी मनिता उरांव अपने खेत में काम कर रही थी। इसी बीच एक विषैले सांप ने काट लिया। महिला ने इसकी सूचना परिजनों को दी।

# भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए उमड़ा आस्था का जन सैलाब

### मंदिर में पूजा अर्चना के लिए लगा भक्तों का तांता, रथ खींचने के लिए आतुर दिखे श्रद्धालु





भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करते लोग, रथ मेला में पहुंचे लोग, भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचकर मौसी बाड़ी ले जाते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के विभिन्न स्थानों पर सोमवार को रथ यात्रा सह मेला का आयोजन किया गया। रथ में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम को धार्मिक अनुष्ठान के साथ स्थापित कर मौसी बाड़ी पहुंचाया गया। सोमवार की अहले सुबह से ही करौंदी व नागफेनी मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी थी। गुमला के करौंदी में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही।

अहले सुबह से ही भक्त मंदिर परिसर पूजा अर्चना करने पहुंचे थे। भक्तों द्वारा भगवान को नारियल, बतासा, इलाचइची, दाना आदि प्रसाद के रूप में चढ़ाया। सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता मंदिर परिसर में भगवान के दर्शन के लिए लगे रहे। भक्तों ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि व अच्छी बारिश की कामना की। नागफेनी में साढ़े चार बजे भगवान की रथ यात्रा निकाली गई।

हजारों लोगों ने रथ खींचकर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम को मौसी बाड़ी पहुंचाया। रथ खींचने के लिए लोग काफी उत्सुक व आतुर दिखे। बच्चा, बुढ़ा, जवान व महिलाएं भी रथ खींचने में पीछे नहीं रहे। वहीं गुमला के करौंदी में शाम साढ़े पांच बजे रथ यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से पूजा-पाठ के साथ भगवान की प्रतिमाओं को रथ तक लाया गया। जिसके बाद महाआरती व शंखनाद किया गया और हजारों भक्तों ने रथ को अपने पवित्र हाथों से खींचकर मौसी बाड़ी पहुंचाया। डुरमडीह जगन्नाथ मंदिर में भी पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शाम में रथ यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गयी। मेला में जमकर लोगों ने स्वादिष्ट मिठाईयों की खरीददारी की तो चाट फुचके का जमकर लुत्फ भी उठाया। इसके अलावे जिले के बसिया, चैनपुर, जारी, डुमरी, रायडीह, घाघरा, पालकोट, सिसई, भरनो आदि प्रखंडों में भी रथ मेला का आयोजन किया गया।

## लोगों ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति एवं विकास की कामना की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के टिंगटांगर गांव में ऐतिहासिक रथ मेले का आयोजन हुआ। जहां लोगों ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति एवं विकास की कामना की। श्रद्धालु सर्वप्रथम मेला परिसर में स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर सुख शांति एवं समृद्धि की आशीर्वाद मांगी। मंदिर में पूजा के लिए पहले सुबह से ही मंदिर कपाट खोल दिया गया था। मंदिर का मुख्य पुजारी रामाकांत त्रिपाठी ने भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र बहन सुभद्रा पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद उठाया। मेला में पहुंचने वाले लोगों के लिए मिठाइयां श्रृंगार खिलौने फल सहित विभिन्न प्रकार के दुकान सजे हुए थे। जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की। पूजा के बाद संध्या 5:40 बजे भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को रथ में बैठ कर मौसी बड़ी तक पहुंचाया गया। रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी हुई थी। वहीं सुरक्षा को लेकर चैनपुर पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखी चैनपुर एस डी पी ओ अमिता लकड़ा थाना प्रभारी अजय यादव ए एस आई मदन शर्मा सहित पुलिस के जवान मंदिर परिसर में तैनात दिखे। इस मौके पर मुख्य रूप से पूजा समिति के अध्यक्ष बिलासदेव नायक, अजय नाग, मदन सिंह, बिलाश बड़ाईक, संजय भगत, दशरथ भगत, राजकुमार नायक सहित पूजा समिति के लोग शामिल थे।



रथ मेला के दौरान सुरक्षा का जायजा लेती एसडीपीओ चैनपुर व अन्य

## रथ यात्रा के अवसर पर बांटे गये पांच सौ पौधे

**घाघरा।** घाघरा चांदनी चौक में रथ पूजा के अवसर पर वन विभाग द्वारा रविवार को भक्तों के बीच 500 पौधा का वितरण किया गया। इस दौरान महोगनी, कदम, सागवान, गुलमोहर व सखुवा का पौधा वितरण किया गया। विभाग के समन्वयक अनिरुद्ध चौबे ने बताया कि डीएफओ बेलाल अहमद के निदेर्शानुसार रथ पूजा के अवसर पर 500 पौधों का वितरण किया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि आज के दिन कोई भी पौधा अगर लगाया जाता है तो वह पौधा बड़ा वृक्ष बनता है और लोगों को लाभ पहुंचाने का काम करता है। जीवन के लिए वृक्ष का होना अति आवश्यक है वृक्षों के अवैध कटाई के कारण वातावरण प्रभावित होता है।

## रथ मेला में मिठाइयां और खिलौने की दुकानें लगी

**घाघरा।** घाघरा मुख्यालय में रविवार की शाम 5:30 बजे रथ पूजा पर धूमधाम से रथ यात्रा निकाली गयी। रथ यात्रा चांदनी चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से शुरू हुई। जहां रथ में सुशोभित भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की प्रतिमा को रथ पर रखकर श्रद्धालु चांदनी चौक होते हुए थाना चौक दुर्गा मंदिर स्थित मौसी बाड़ी पहुंचे। जहां प्रतिमा को रखा गया। इस क्रम में हजारों की संख्या में लोग रथ को खींचते दिखे। वहीं रथ मेला में मिठाइयां और खिलौने की दुकानें लगी। जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की। इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाघरा पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखी।

## धूमधाम के साथ हल्की बारिश के बीच सम्पन्न हुआ रथयात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड के हनहट में रविवार को धूमधाम के साथ हल्की बारिश के बीच सम्पन्न हुआ रथयात्रा। बाजार टांड़ स्थित जगन्नाथ स्वामी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की बिधिवत पूजा अर्चना के बाद सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने रथ को खींचते हुए मौसीबाड़ी तक ले गए। इस क्रम में रथ में प्रतिमा के साथ साथ स्थानिए पुरोहित सवार होकर भक्तों के बीच फूलों की बरसात कर रहे थे। जिसे पाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। इस मेले में खरता, टाटी, गितिलगढ़, केराटोली सहित दर्जनों गांव के भक्त उपस्थित हुए। वहीं मेले में खिलौने व मिठाइयों की भी खूब खरीददारी हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी नीरज झा, एएसआई संजय राय, मोहन साहू, सीताराम यादव, बसंत महतो, श्यामसुंदर उरांव, विजय उरांव, गोबिंद महतो, सुनील यादव सहित ग्रामीणों का योगदान रहा।

# रथ में रथारुड़ होकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा पहुंचे मौसी बाड़ी

### जय जगन्नाथ के जयकारे से गुंजा पूरा वातावरण भक्तिमय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में नौ दिवसीय ऐतिहासिक रथ यात्रा सह मेला में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान के दर्शन को लेकर भक्तों की कतार अहले सुबह से ही ठाकुरबाड़ी मंदिर में जुटनी शुरू हो गई थी। जय-जय जगन्नाथ के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों में भगवान के दर्शन और रथ खींचने को लेकर एक प्रतिस्पर्धा नजर आई।

रथ पर रथारुड़ होकर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के सभी विग्रहों के साथ हरी बोल के उद्घोष के साथ मौसी घर पहुंचे। मौके पर सुबह के पहली बेला से लेकर देर शाम तक भगवान के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजता रहा। जय-जय जगन्नाथ व हरी बोल के जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय में रमा रहा। इस दौरान भगवान के दर्शन और रथ खींचने के लिए आम-खास उमड़ पड़े। लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार सहित आस-पास के हजारों की संख्या मे भक्त भगवान का रथ खींचकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

ऐतिहासिक रथ यात्रा सह मेला को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। लोग प्रभु के दर्शन को लेकर लीन नजर आए। महिला-पुरुष, बच्चे और युवा भगवान के दर्शन को आतुर नजर आए। सभी भगवान से अपनी सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना कर रहे थे। दो बजे जैसे ही रथ यात्रा मौसीबाड़ी के लिए प्रारंभ हुई लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई भगवान के रथ को खींचकर मौसी बाड़ी पहुंचाने के लिए आतुर था। सभी ने रथ खींचकर रथ यात्रा में भगवान के स्पर्श को महसूस किया। देर शाम तक मेले की सड़कों पर लोगों की भीड़ नजर आई। ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला में दि ग्रेट गौरी सर्कस, मौत का कुंआ, ब्रेक डांस, बिजली के झूले, ड्रेगन ट्रेन, मिना बाजार सहित कई मनोरंजन के साधन मौजूद थे।

**मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक रहा इंतजाम :** ऐतिहासिक मेले में हजारों की भीड़ को देखते हुई पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापाक इंतजाम किए गए थे। रांची-लोहरदगा मुख्य पथ के मसमानो मोड़, नवडीहा मोड़, अकाशी पथ के अखिलेश्वर मोड़ में बैरियर लगाकर दनाधिकारी नियुक्त गया था। जबकि भंडरा थाना के समीप शांति व्यवस्था को लेकर कंट्रोल रूम बनाया गया था।



पूजा अर्चना करते पुरोहित



मेले में उमड़ी भीड़

### आगामी विधान सभा चुनाव के रंग में भंग जमाने हेतु कई क्षेत्रीय दल उतरेगी मैदान में

# जेवीकेएसएस व भारतीय आदिवासी पार्टी क्षेत्र में राष्ट्रीय पार्टियों का बिगाड़ सकती है समीकरण

**प्रवीण कुमार विक्की**

> लागातार चुनाव जीत कर परचम लहराने वाले विधायक चमरा लिंडा का भी चुनावी समीकरण बिगाड़ सकते है ये दल
>
> विशुनपुर विधान सभा में चंद्रेश उरांव के बाद भाजपा की नहीं खुल पाया खाता, कांग्रेस इस विधान सभा में समझौता कर हाशिये में पहुंची

**घाघरा।** आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों में राजनीतिक दल के सदस्य जुट चुके हैं और बैठक व रणनीति बनाने का दौर भी आरंभ हो गया है। ऐसे में यह लाजिमी है कि चुनाव लड़ने के लिए क्षेत्र के कद्दावर नेताओं की सूची भी तैयार की जा रही है। जो पार्टी की नैया चुनाव में पार लगा सके। आगामी विधान सभा चुनाव में विशुनपुर विधान क्षेत्र काफी चर्चा में रहेगी। क्योंकि इस क्षेत्र से राष्ट्रीय पार्टी भाजपा हमेशा अपनी किस्मत अजमाते रही। लेकिन पूर्व विधायक चंद्रेश उरांव के बाद से इस विधान सभा क्षेत्र से भाजपा की नैया किसी भी उम्मीदवार ने पार नहीं लगायी है। वहीं कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी इस विधान सभा क्षेत्र में समझौता कर अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के चुनाव लड़ने के मनसुबे में पानी फेर दिया था असौर यह हाल गुमला जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस की रही थी। परंतु लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी जोश है और इस बार पार्टी के पदाधिकारियों से जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र में उम्मीदवार उतारने के लिए दो-दो हाथ करने को भी तैयार हैं। वहीं क्षेत्र से झामुमो का दामन थामकर विधायक चमरा लिंडा ने यहां लगातार जीत का परचम लहराया था। लेकिन लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा बागी तेवर अपनाते हुए पार्टी के निर्देशों की धज्जी उड़ाते हुए निर्दलीय चुनाव मैदान में कूद गये और लोकसभा चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं जिस विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र से वे लगातार विधायक हैं वहां की जनता ने भी उन्हें नकार दिया। जिसके कारण उन्हें काफी कम वोट विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र से प्राप्त हुआ। अब बात करते हैं आगामी विधान सभा चुनाव पर तो इस बार क्षेत्र से कई क्षेत्रीय दलों के नेता चुनाव में अपनी किस्मत अजमाने को आतुर दिख रहे हैं। जिसको लेकर वे कागज पर नहीं धरातल पर रणनीति बनाते भी नजर आ रहे हैं। नये क्षेत्रीय दलों के लोगों के चुनाव मैदान में कूदने के आसार से ही क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी और अभी से ही क्षेत्र के लोग आने वाले विधान सभा चुनाव में रोमांचक मुकाबला की उम्मीद लगाये बैठे हैं। हालांकि नये पार्टी के उम्मीदवारों के मैदान में कूदने से राष्ट्रीय पार्टी सहित लगातार जीत का परचम लहराने वाले विधायक चमरा लिंडा का भी चुनावी अंकगणित बिगाड़ कर रख देंगे। ऐसी ही एक पार्टी जेवीकेएसएस है। जिसकी स्थापना जयराम महतो ने की है जो झारखंड में तेजी से बढ़ती हुई राजनीतिक दल है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में गिरिडीह से जयराम महतो ने चुनाव लड़कर सभी राजनीतिक दलों को चौंका दिया। जिन्हें क्षेत्र की जनता ने उम्मीद से ज्यादे वोट देकर राज्य में नयी चुनावी सरगर्मी पैदा कर दी। विशुनपुर विधान सभा से इस बार जेवीकेएसएस भी अपना उम्मीदवार उतारेगी। जिसे विशुनपुर विधान सभा का चुनावी समीकरण बदल जाएगा। वहीं आगामी विधान सभा चुनाव में राजनीतिक दलों के समीकरण में तड़का लगाने के लिए भारतीय आदिवासी पार्टी भी तैयार है और चुनाव में सभी दलों के समीकरण को ध्वस्त करने के लिए उम्मीदवार भी उतार सकती है। नये क्षेत्रीय दलों के विशुनपुर विधान सभा चुनाव में कूदने के आसार से कई बड़े पार्टियों के हाथ-पांव अभी से ही फूलने लगे हैं। क्योंकि भाजपा इस विधान सभा से बार-बार चुनाव हार रही है तो कांग्रेस समझौते की राजनीति पर विश्वास कर हाशिये में चली गयी है। वहीं इस बार क्षेत्र के जनता ने उन राजनीति दलों को सबक सिखाने का भी मन बना लिये हैं जो हमेशा उम्मीदवार थोप देते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को इस बार भी जनता सिरे से नकार देने का मन बना चुकी है।

## एक नजर में

## चैनपुर पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चैनपुर।** डुमरी थाना क्षेत्र के जिलिंग टोली गांव निवासी एतवा लोहरा ने चैनपुर थाना में अपने बेटी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में दो युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसपर चैनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिता के द्वारा थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 6 तारीख को उसकी बेटी घर आई और मुझे एवं मेरी पत्नी को बताया की 5 तारीख को चैनपुर के डीपाटोली फाराअम्बा निवासी सस्तु लोहरा पिता चिरू लोहरा एवं उसी गांव के उमेश नायक पिता मोथो नायक अपने मोटरसाइकिल से मेरे गांव जिलिंग टोली आये और मेरी बेटी को गाड़ी में बैठकर सस्तु लोहरा के घर ले गये। जहां रात को दोनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किसी प्रकार मेरी बेटी उनके चुंगल से भागकर घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। इधर चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव ने बताया कि लड़की के पिता के द्वारा आवेदन प्राप्त होने के पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी उमेश नायक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं फरार सस्तु लोहरा को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## झामुमो पार्टी ही राज्य में आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ती है: भूषण तिर्की

**जारी।** जारी प्रखण्ड के जरमना पारिश में अगामी विधान सभा चुनाव को लेकर गुमला विधायक भूषण तिर्की के द्वारा बूथ स्तरीय कार्यकताओं के साथ बैठक किया। विद्यायक भूषण तिर्की ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झा.मु.मो.एक ऐसी पार्टी है जो आदिवासियों के अधिकार के लिए लड़ता है और हेमन्त सोरेन के अगुवाई मे ही झारखंड विकास करेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है। सभी कार्यकर्ता एकजूट रहे और चुनाव के लिए तैयार रहे। विधान सभा में जीतकर को लेकर हर बूथ कमेटी को कंधे से कंधे मिलाकर चलना है।

## नशामुक्ति अभियान को लेकर प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन ने निकाला जागरूकता रैली

**जारी।** झारखण्ड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के द्वारा विश्व ताम्बूकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को जारी गांव में नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूकती रैली निकाली। मौके पर संघ की जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि आज गुमला जिला में युवाओं के द्वारा विभिन्न तरह का नशा सेवन किया जा रहा है। जिससे मुक्ति करने की उद्देश्य से यह रैली निकाला जा रही है ताकि गुमला जिला को नशा मुक्ति बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के युवा तरह-तरह के नशापन तंबाकू गुटखा सिगरेट डेंनराईट आदि नशीली पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। इस नशीली पदार्थ से युवा बचें और अपना और अपना परिवार को सुरक्षित रखें। साथ ही कहा नशीली पदार्थ खुद के लिए तो अभिशाप है साथ ही साथ इससे परिवार भी बर्बाद होता है। मौके पर बेरोनिका मिंज,रेणुका टोप्पो अनिमा लकड़ा, एलीना मिंज, जयंती देवी, मारिया बेला केरकेट्टा, सविता देवी, रुखसार खातून, फुल मनी एक्का, शीलवंती एक्का आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस किसान प्रकोष्ट के जिला कमेटी का किया गया विस्तार

**गुमला।** कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री हन्दू भगत ने कहा है कि प्रखंड कमेटी का विस्तार जल्द ही रणनीति बनाकर किया जाएगा। जिसके लिए जिले के सभी प्रखंडों के वरिष्ठ कांग्रेसी से विचार विमर्श किया जाएगा। फिलहाल जिला कमेटी का विस्तार करते हुए ललिता देवी व कमरू मियां को जिला उपाध्यक्ष , रीसा उरांव व सुरेंद्र उरांव को जिला महासचिव, मीना देवी व राजेश केरकेट्टा को जिला सचिव बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विजय उरांव, देवलाल उरांव, एजाज मियां, चरवा उरांव व सबल कुजूर को मनोनतेत किया गया। जिलाध्यक्ष श्री भगत ने बताया कि बरसात समाप्ति के पश्चात जिला सम्मेलन का आयोजन कर जिला एवं प्रखंड कमेटी को मजबूत बनाया जाएगा जो किसानों के हित में कार्य करेगी।

## बरवेनगर का युवक गोवा में लापता, पिता ने मजदूर संघ से खोजने की लगायी गुहार

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवेनगर के मजदूर अतुल तिर्की पिता अजीत तिर्की उम्र लगभग 19 वर्ष गोवा के कंलगुट सीकरीन से दो जुलाई 2024 से हुआ लापता। इस पुरे मामले को लेकर पिता अजीत तिर्की मजदूर संघ के झारखंड प्रदेश व गुमला जिला कार्यालय में लिखित आवेदन देकर खोज बीन करने में सहयोग की अपील किया है। जानकारी के अनुसार लापता मजदूर अतुल तिर्की 10 माह पूर्व मजदूरी करने गोवा के कंलगुट थाना क्षेत्र के सीकरन गया था। दो जुलाई 2024 को उसी एरिया में अपने किसी दोस्त से मिलने गया था। वहां से वापस अपने रुम आने के दौरान अचानक गायब हो गया तथा उसका फोन भी बंद बता रहा है। जिसे परिजन काफी परेशान हैं। इस मामले में कंलगुट थाना गोवा में लापता का शिकायत भी वहां मौजूद अन्य सहयोगियों ने किया है।

## बिना कार्य के ही मनरेगा योजना से हुआ पैसे की निकासी, घोटाले के विरुद्ध धरना 9 को

**गुमला।** सिसई प्रखंड के मुरगू गांव में मनरेगा की योजनाओं में प्रशासन के मिली भगत से मुखिया, रोजगार सेवक व दलालों द्वारा वृक्षारोपण, टीसीबी योजना व कूप निर्माण इत्यादि योजना में भारी अनियमितता बरतते हुए लाखों रुपए की घोटाले की गई है। विदित हो कि मुरगू गांव स्वतंत्रता सेनानी शहीद तेलंगा खड़िया का जन्मस्थली है। जिसे भ्रष्ट व्यवस्था ने लूट का अड्डा में तब्दील कर दिया है। वहीं ग्रामीणों की शिकायत व अखबार में मनरेगा में गड़बड़ी की खबर छपने के बाद झारखंड नवनिर्माण दल की उच्च स्तरीय जांच टीम योजना की निरीक्षण हेतु कार्य स्थल पहुंचकर प्रथम चरण का भौतिक सत्यापन किया।

## एनसीसी कैडेटों ने वृक्षारोपण किया

**गुमला।** वन कैडैट वन ट्री कैंपेन के तहत रविवार को ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेटों ने वृक्षारोपण किया। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार एवं डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने कैडेट्स को इस अभियान के लिए शुभकामनाएँ दी है। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड आफिसर अभिजीत झा ने बताया कि इस अभियान को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कैडेटों ने अपने पास पड़ोस में चलाया। इसका कारण यह था कि वे अपने पास पड़ोस में लगाए गए पौधों की अच्छी तरह देखभाल कर सकते हैं।

## मूली पड़हा गुमला व डांडा पड़हा गुमला के नव चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 14 को

**गुमला।** पादा पड़हा झारखंड के दीवान विश्वानाथ उरांव की अध्यक्षता में रविवार को पालकोट रोड स्थित झांडा पूजा स्थल में मूली पड़हा की बैठक हुई। बैठक में मूली पड़हा गुमला व डांडा पड़हा गुमला के चयनित पदाधिकारियों के शप ग्रहण कार्यक्रम पर चर्चा की गयी। जिसमें 14 जुलाई को नगर भवन गुमला में नव चयनित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन का निर्णय लिया गया। जिसमें राजी पड़हा के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में पड़हा प्रेमियों से पारंपरिक वेशभूषा में गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गयी। बैठक में सुशील उरांव, विश्वनाथ उरांव, राजू उरांव, राजबेल उरांव, वीरा उरांव, गौरी किंडो, सोनो उरांव, मनोज उरांव, संजय उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, चुया उरांव, विशु सोरेन आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चंदवा के कामता गढ़ में धूमधाम से निकली रथ यात्रा

## राज पुरोहितो व श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का रथ खिंच मांगा क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद


सजायी गयी भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा व भक्त।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा स्थित कामता गढ में रविवार को भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना धूमधाम से संपन्न हो गयी। संध्या साढ़े पांच बजे भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गयी। जिसमे राज पुरोहितो व श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का रथ खिंच कर क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इसके पूर्व पंडित घनश्याम भारद्याज की अगुवाई में विधिवत पूजन कराया गया व देर शाम लगभग साढ़े पांच बजे भगवान जगन्नाथ के रथ की यात्रा निकाली गयी। पुजारी पंडित घनश्याम भरद्वाज ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान श्री जगन्नाथ की अराधना से मनोवांछित कामनाएं पूरी होती है। इस अनुष्ठान में ज्येष्ठ पूर्णिमा को जल यात्रा भगवान श्री जगन्नाथ का होता है। उसके बाद दूसरे दिन सिंहासन से मुर्ति भगवान जगन्नाथ, बलभद्र उनकी बहन सुभद्रा को उतारा जाता है। यह 15 दिन के आषाढ प्रतिपदा से अमावस्या तक उनका पुनः रंग-रोगन किया जाता है और आषाढ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को प्राण प्रतिष्ठा, नेत्रदान पुनः किया जाता है और आषाढ शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथ यात्रा प्रारंभ होती है। एकादशी को यह पुनः रथ यात्रा यथास्थान पर आ जाते हैं यह नौ दिन तक मौसीबाडी में रहते है। यह परंपरा कामता गढ में सदियों से चली आ रही परंपरा आज भी कई मायने में कायम है। राज परिवार प्रेरित नाथ शाहदेव व प्रदीप नाथ शाहदेव, लाल विकम नाथ शाहदेव व अन्य की देख-रेख में किया जाता है। यह उत्सव आषाढ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीय को मनाया जाता है।

### रथ मेला में उमड़ी लोगो की भींड

कामता गढ़ में रथ पूजा के मौके पर लगे मेले में इस वर्ष भारी भींड देखने को मिली, चंदवा शहर समेत पूरे प्रखंड से हजारों की संख्या में लोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने पहुंचे थे इसके भक्तों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया, मेले में बच्चो के लिए झुलाज ब्रेक डांस, मिक्की माउस समेत मनोरंजन के कई साधन लगाये गए थे जिसका मजा बच्चो ने जमकर उठाया। इस दौरान विधि व्यवस्था संघारण को लेकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस पुरी तरह से मुश्तैद देखी गयी। पुजा व्यवस्था में लाल परिवार के लाल दिगविजय नाथ शाहदेव, लाल प्रेरित नाथ शाहदेव, अधिवक्ता लाल प्रदीप नाथ शाहदेव, लाल प्रतिक नाथ शाहदेव, लाल अरविंद नाथ शाहदेव, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, अजीत लाल समेत अन्य लोगो ने अहम योगदान दिया।

## शहर में धुम-धाम के साथ निकाला गया रथ यात्रा


रथ यात्रा में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में भगवान जगन्नाथ जी के भाई बलराम जी एवं बहन सुभद्रा के साथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर लोगों के दर्शनार्थ शहर में निकले। इस दौरान आम भक्तों ने रथ की रस्सी खींचकर रथ को आगे बढ़ाया। रथ में विराजमान तीनों विग्रहों के दर्शन के लिए जगह-जगह पर लोग इकट्ठा होकर प्रसाद चढ़ाएं एवं अमन चैन की कामना की। भगवान जगन्नाथ के रथ को आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान के द्वारा भव्य रूप से सजाया गया। वहीं संस्थान के द्वारा भजन कीर्तन को लेकर वाद्य यंत्र की भी व्यवस्था की गई। वहीं चंदवा निवासी समाजसेवी राजेश चंद्र पांडे के सौजन्य से भगवान को फल का भोग लगाया गया। इसके पूर्व राधा कृष्ण मंदिर ठाकुरबाड़ी के पुजारी दिलीप उपाध्याय के सानिध्य में मुख्य यजमान युगेश्वर प्रसाद व पत्नी रीना देवी ने पूजन का कार्य संपन्न किया। इस आयोजन को सफल बनाने में निर्मल महलका, रामनाथ अग्रवाल, विजय गुप्ता, राजीव मिश्रा, रुपेश कुमार, श्याम अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, अशोक गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय, श्याम मूर्ति गुप्ता, विपिन कुमार समेत कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### बालूमाथ में निकाली गई भव्य रथ यात्रा


रथ यात्रा में शामिल भक्त।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ महावीर मंदिर परिसर से रविवार को भव्य रथ शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ो श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र के मूर्ति को रथ में सजाकर बैंड बाजे की धुन पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा महावीर मंदिर से आरंभ होगा चेक पोस्ट, मुरपा मोड, प्रखंड कार्यालय, टमटम टोला होते हुए कई टोलो मोहल्ला का भ्रमण कर दुर्गा। मण्डप मौसी बाड़ी पहुंचा। जहां पंडित दीनानाथ बैध द्वारा आरती व पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस रथ यात्रा में लोग बैंड बाजा के धुन पर जमकर थीरकते नजर आए। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने भगवान जगन्नाथ की जय, भगवान बलभद्र की जय, देवी सुभद्रा की जय, जय श्री राम समेत कई नारा लगा रहे थे। इस मौके पर महावीर मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष प्रयाग कुमार साहू, उपेंद्र रंगीला, लालदेव गंझु, अरुण साहू, हरि साव, सुरेंद्र साहू, संतोषी सिन्हा, शशि भूषण गुप्ता, शैलेश सिंह, रणजीत सिंह, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, बालेश्वर ठाकुर, जमुना ठाकुर, कृष्ण प्रसाद साहू, अमित पासवान उदय यादव वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, सागर कुमार, जितेंद्र साहू, संजीत प्रसाद साहू, विक्की श्रीवास्तव, महानंद कुशवाहा समेत कई लोग शामिल थे।

**स्पीड न्यूज**

### अंम्बादोहर में दिखावे की वस्तु बनी नलजल योजना, नहीं पहुंच रहा घर घर में पानी


जानकारी देते लोग।

**चंदवा।** हर घर तक स्वच्छ पेयजल मुहैया हो इस उद्देश्य से जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत हर हल नल जल योजना के तहत चंदवा प्रखण्ड में करोड़ो की लागत से लगा सोलर जल मीनार दिखावे की वस्तु बन कर रह गया है। प्रखंड कामता पंचायत अंतर्गत अम्बादोहर, जोब्या समेत कई गांव में योजना के हाथी के दांत साबित होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। अंम्बादोहर के ग्राम प्रधान प्रमोद भगत ने बताया कि सुमन भगत के घर के पास लगे नल जल टंकी से घरों घर में लगे नल में पानी नहीं पहुंच पा रही है। प्रकाश उरांव के घर के पास लगे नल जल का भी यही हाल है, दोनों स्थानों पर लगे नलजल योजना से किसी भी ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। धनेश उरांव के घर के पास लगे पुराना चापानल भी महिनों से खराब पड़ा हुआ है। जोब्या गांव में भी करीब तीन माह तक एक नल जल चला इसके बाद बंद हो गया है। पेयजल के लिए ग्रामीण गांव में इधर उधर भटक रहे हैं। रविवार को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने अंम्बादोहर में लगे नल-जल योजना का जायजा लिया, ग्रामीणों से मिलकर इस संबंध में जानकारी ली, अयुब खान ने कहा कि शिकायत के बाद भी नल जल योजना में कोई सुधार नहीं हो रहा है, इससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। अयुब खान ने उपायुक्त गरीमा सिंह से नल जल योजना को ठीक कर पेयजल संकट दूर करने की अनुरोध किया है। मौके पर ग्राम प्रधान प्रमोद भगत, साजीद खान, प्रेमजीत उरांव व अन्य शामिल थे।

### मनिका थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के समीप असंतुलित होकर ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित डिग्री कॉलेज के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर तीखी मोड़ होने के कारण दिन रविवार को एक ट्रक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं इस दुर्घटना में चालक व उपचालक दोनों घायल हो गए, दोनों घायलों को ग्रामीणों के मदद से एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका भेजा गया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया चिकित्सकों ने दोनों को खतरे से बाहर बताया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के द्वारा थाना एएसआई मिश्रा मांझी समेत पुलिस बल के अन्य जवानों को घटनास्थल पर भेजा गया जहां पुलिस के द्वारा घटना के हर पहलू पर जांच की जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहा का पाइप लोड ट्रक रांची की ओर से डालटेनगंज की ओर जा रही थी इसी दौरान डिग्री कॉलेज के पास तीखी मोड़ होने के कारण ट्रक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई ट्रक के पलट जाने से लोहा का पाइप नीचे गिरकर बिखर गया हालांकि पुलिस के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से घटनास्थल पर चौकीदार को नियुक्त किया गया था ताकि समान सुरक्षित रह सके।

### ट्रेन की चपेट में आने से बालक ने तोड़ा दम

**चंदवा।** ट्रेन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए बालक आकाश मुंडा पिता गुड्डू मुंडा (हुटाप चंदवा) की मौत चंदवा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स ले जाने के क्रम में चान्हो के पास हो गयी। बता दें कि आकाश मुंडा शनिवार की शाम आम तोड़ने गुरीटांड दोस्तो के साथ आया था, देर शाम वह वापस घर लौट रहा था, इसी क्रम के टोरी-रांची भाया लोहरदगा रेलखंड अंतर्गत गुरीटांड ब्रिज के समीप रेलवे लाइन पार करने के दौरान एक ट्रेन के चपेट में आ गया था, ट्रेन के चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल होने के बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सर पर गम्भीर चोट लगने के कारण गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया था, जिसके बाद परिजन उसे लेकर रांची जा रहे थे, इसी क्रम में बालक ने दम तोड़ दिया। इधर बालक की मौत के बाद परिजनों पर दुःखों का पहाड़ टूट गया व रो-रोकर बुरा हाल है।

## बैजनाथ राम ने श्री सर्जिकेयर हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री सर्जिकेयर हॉस्पिटल करें बेहतर सेवा: विधायक


उद्घाटन के मौके पर उपस्थित विधायक बैद्यनाथ राम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित अंबाकोठी में रविवार को श्री सर्जिकेयर हॉस्पिटल का उद्घाटन लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने फिता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बेहतर सेवा है। पीड़ितों को बेहतर ईलाज मिल सके इसका प्रयास करें। ताकि लोगों को आपके अनुभव का लाभ मिल सके। लातेहार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने कहा कि चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होते हैं। इसलिए चिकित्सा को व्यवसाय से ज्यादा सेवा के भाव से किया जाना चाहिए। अस्पताल के व्यवस्थापक सह चिकित्सक श्रीकांत कुमार ने कहा कि लोगों को बेहतर से बेहतर सेवा देने का हम सबों का प्रयास रहेगा। अनुभवी चिकित्सकों के साथ-साथ हर संसाधन मुहैया कराने का हम सबों का प्रयास है। ताकि मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। महिला चिकित्सक पारामिता दत्ता ने कहा कि लातेहार जिला मुख्यालय में महिला चिकित्सक की कमी के कारण महिलाएं को बाहर जाना पड़ता था। अब उनका ईलाज लातेहार में ही संभव हो सकेगा। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। मौके पर डॉक्टर शशिकांत कुमार, वृंदा प्रसाद सेवानिवृत शिक्षक, संतोष अग्रवाल, सुनील कुमार, अंकित पांडे, शेखर कुमार, रवि शंकर कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डीडीसी की अध्यक्षता में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की लातेहार इकाई की बैठक संपन्न, जिला कार्यकारिणी का किया गया पुनर्गठन


बैठक करते डीडीसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की लातेहार इकाई की बैठक रविवार को उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में परिसदन लातेहार में की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह को अध्यक्ष, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण गगराई को उपाध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार सदर को सचिव, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा को संयुक्त सचिव एवं अंचल अधिकारी लातेहार सदर अरविंद देवाशीष टोप्पो को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में प्रखंड अंचल स्तर पर पदस्थापित राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारिओ की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हेतु सुरक्षा गार्ड की प्रतिनियुक्त करने की मांग की गई। बैठक में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की सेवानिवृति आयु 62 वर्ष करने का प्रस्ताव केंद्रीय कार्यकारिणी को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में लातेहार जिले के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी उपस्थित थे। अंत में अध्यक्ष उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

### शिक्षक विजय कुमार हुए सम्मानित


सम्मनित होते शिक्षक।

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार को राज्यस्तरीय निपुण समागम कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। शिक्षक विजय कुमार उक्त सम्मान शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण सामग्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मिला है। उन्हें राज्य परियोजना निदेशक के द्वारा सम्मानित किया गया। विजय कुमार के सम्मानित होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालो में बीईईओ राजश्री पूरी, बीपीओ सुबोध चंदेल, बीआरपी प्रतीक कुमार सिन्हा, सीआरपी दीपक कुमार, शिक्षक चंद्रमन राम, बेलाल अहमद, बिगन राम व अन्य शिक्षक शामिल हैं।

## झारोटेफ प्रखंड इकाई महुआडांड का पुनर्गठन सह पेंशन चेतन जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन


मौके पर मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** रविवार को झारोटेफ प्रखंड इकाई महुआडांड का पुनर्गठन सह पेंशन चेतन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विकास कुमार शर्मा, राजेश कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार चंद्र उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड इकाई का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक प्रेम कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष मनीष प्रताप तिर्की, उपाध्यक्ष संजय कुमार मिंज, प्रखंड सचिव अब्दुल वारिस, प्रखंड कोषाध्यक्ष नरेश पासवान, प्रखंड संयुक्त सचिव आश्रम अली, अशोक सैनी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुबरदानी केरकेट्टा, सचिव रेखा सुनैना तिर्की, प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण नगेसिया, रोशनी कुमार मिंज, मुकेश कुमार साहू, पूनम एक्का, चिंतामणि कुजूर, सुचिता एक्का, चंचल कुमारी, स्वर्णलता कुजूर, माधुरी, रंजीत कुजूर, ललिता कुमारी, सुरेंद्र कुमार, अजय उरांव, रामप्रवेश राम, ज्योति पाल एकका, अब्दुल हुसैन के नाम शामिल है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने नवगठित कमेटी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि आप सभी के नेतृत्व में झारोटेफ नई ऊंचाइयों को छूएगा। जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने झारोटेफ के उपलब्धियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कोषाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने सभी सदस्यों से सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूती प्रदान करने की अपील की।

उपाध्यक्ष विकास कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने से हमारे सभी समस्याओं का समाधान होगा। संयुक्त संजीव कुमार चंद्र ने कहा कि झारोटेफ ऐसा संगठन है जिन्होंने बिना लाठी खाए पेंशन जैसे असंभव कार्य को प्राप्त कर दिखाया। माध्यमिक शिक्षकों का वेतन भुगतान ससमय हो वेतन भुगतान हेतु डीडियो कोड प्रखंडवार आवंटन जल्द हो इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात कर बात रखी जाएगी।

**एक नजर में**

### ट्रांसपोर्टर व कोयला सेम्पलिंग कंपनी स्थानीय कों 75 प्रतिशत रोजगार दे: महेंद्र उरांव


जानकारी देते महेंद्र उरांव।

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह फूलबसिया मे संचालित मगध कोलयरी मे जितने भी कोयला ट्रांसपोर्टर व सैपलिंग कम्पनी से समाज सेवी महेंद्र उरांव ने स्थानीय बेरोजगार ग्रामीणों कों 75 प्रतिशत रोजगार देने की आग्रह किया है। वहीं बताया की मगध मे कई कोयला ट्रांसपोर्टर है और सैपलिंग कम्पनी पिछले कई वर्षों से काम करते आ हैं। लेकिन यहाँ के स्थानीय ग्रामीण और युवा धूल फांकने को बिवश हैं। जितने भी ट्रांसपोर्टर कम्पनी काम कर रहे है वह बाहरी लोगों से काम करवाते है। यहां के भोले भाले लोग रोजगार के लिए भटक रहे हैं। समाज सेवी महेंद्र उरांव ने उक्त सभी ट्रांसपोर्टर और कोयला सैम्पलिंग कम्पनी से आग्रह कर कहा की आसपास के ग्रामीणों के साथ-साथ जिला सभी प्रखंड के बेरोजगार युवाओं और ग्रामीणों को 75 प्रतिशत रोजगार दे। साथ ही कहा की 25 प्रतिशत बाहरी लोगों को भी रोजगार दे कोई अपत्ती नहीं है। लेकिन स्थानीय और जिला वासियों को प्राथमिकता दें।

### भाड़ा विवाद को लेकर थाना को दिया आवेदन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हांथडीह ग्राम निवासी भुनेश्वर यादव पिता नागेश्वर यादव ने बालूमाथ थाना प्रभारी को आवेदन देकर बताया है कि उनका दो ट्रक जेएच19ए7045 एवं जेएच19ए9645 गाड़ी को चलाने के लिए अपने भाई गोपाल यादव एवं रामचरण यादव को ड्राइवर में रखा था। परंतु 2022 से दोनो हिसाब में गड़बड़ी करने लगे। बाद में मेरे द्वारा जोर देकर उनलोगों से हिसाब मांगा गया तो वे लोग कहने लगे कि हम दोनों के नाम से गाड़ी ट्रांसफर कर दो नहीं तो दूसरे आदमी को खड़ा करके नाम ट्रांसफर कर लेंगे। इन दोनों ने गाड़ी का जाली कागज बनाकर भाड़ा अपने खाता में डलवाने लगे। जिसको लेकर 17/7/2022 को बालूमाथ बुनियादी विद्यालय के प्रांगण में सामाजिक लोगों के साथ हम एक बैठक करवाया। बैठक में भाड़ा देने पर सहमति बनी लेकिन वे लोग फिर से मुकर गए। जिसको लेकर गांव स्तर पर भी बैठक हुई। जिसको नहीं मानते हुए लोग दिनांक 6/07/2024 अपने घर से तलवार के बल पर हमारे घर में जबरन घुसकर गाड़ी का कागज, जमीन का कागज, दो लाख नगद, पत्नी का जेवर एवं आंगनबाड़ी का रजिस्टर भंडार की पंजी से मतदाता नामांकरण शुद्ध संबंधित समिति विभिन्न कागजात की निकाल कर ले गए।वही इसका विरोध करने पर मेरे पुत्र अपूर्व भाई शिव प्रसाद एवं पत्नी संगीता देवी के साथ मारपीट किया। जिसमें मेरा बेटा पूर्व घायल हो गया। सामान चुराने एवं मारपीट करने वाले में गोपाल यादव एव उसकी पत्नी पूनम देवी पुत्र पीयूष कुमार रामचरण यादव पत्नी सविता देवी पुत्र पीयूष कुमार, रामचरण यादव पत्नी सबिता देवी पुत्र आयुष कुमार के नाम शामिल है।

### भाजपा प्रत्याशी चेतलाल रामदास ने बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे चलाया जनसंपर्क अभियान


जनसंपर्क अभियान चलाते चेतलाल रामदास।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव मे भाजपा नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी चेतलाल रामदास ने जन संपर्क अभियान चलाया। जन संपर्क के दौरान अपने पक्ष मे जनाधार बनाने के उदेश्य से ग्रामीण महिला, पुरुष युवक युवतियों से मुलाकात कर एक बार मौका देने का अपील किया। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी चेतलाल रामदास ने ग्राम हिसरी ग्राम पहुंचे। जहाँ उपस्थित ग्रामीणों को देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओ के बारे में अवगत कराया। साथ ही रामदास ने कहा की 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड के प्रदेश में बन रही है और हम सभी का नेतृत्व करने के लिए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी हमारे मुख्यमंत्री होंगे। हम आप सभी से आशा रखते हैं कि इस बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने का कार्य हम सभी करेंगे। वहीं कहा की मुझे मौका मिला तो क्षेत्र मे चमुक्खी विकास होगा। लोगों से सहयोग करने की अपील की।

## स्पीड न्यूज

### वज्रपात से महिला सहित दो की मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा में तेज बारिश अब आफत बनती जा रही है। आकाशीय बिजली गिरने से कई लोगों की जान चली जा रही है। रविवार को वज्रपात के कारण दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं घटना के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। पहला मामला नवादा के पकरीबरावां प्रखंड के बरेवा बीघा गांव का है। जहां तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। राजेश यादव अपने घर के जानवर को लेकर जा रहे थे। तभी तेज बारिश आना शुरू हो गया अपने आप को बचाने के लिए राजेश यादव एक पेड़ के नीचे आकर बैठ गए थे। तभी तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से राजेश यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है।

### जोगबनी से सिलीगुड़ी चलने वाली ट्रेन 13 जुलाई तक रद्द

**अररिया।** जोगबनी से सिलीगुड़ी चलने वाली ट्रेन संख्या 15723 और 15724 को 13 जुलाई तक रद्द कर दी गई है। पहले 7 जुलाई तक यह ट्रेन रद्द थी लेकिन पुनः शनिवार को एनएफ रेलवे की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर 8 जुलाई से 13 जुलाई तक जोगबनी सिलीगुड़ी टाउन एक्सप्रेस अप एंड डाउन संख्या 15723 और 15724 को रद्द कर दी गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम में आ रही तकनीकी खराबी के मद्देनजर कई ट्रेनों के साथ जोगबनी से सिलीगुड़ी जाने वाली ट्रेनों को रद्द किया गया है। सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम में आ रही तकनीकी खराबी के कारण मुख्य लाइन में ट्रेनों के परिचालन पर प्रभाव पड़ रहा है। जिसको लेकर यह निर्णय लिए गया है।

### नहर में डूबी तीन छात्रा का शव बरामद

**सासाराम।** बिहार में रोहतास जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में नहर में डूबी चार छात्रा में से तीन छात्रा का शव रविवार को बरामद कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि धुंआ गांव की रहने वाली चार बच्चियां शनिवार की शाम महदीगंज विद्यालय से पढ़ने के बाद घर लौट रही थी। इस दौरान बीच रास्ते में एक छात्रा नहर में पैर धोने लगी। पैर फिसल जाने से वह नहर के तेज बहाव में बह गयी। नहर में डूबी बच्ची को बचाने के क्रम में तीन अन्य छात्रा भी नहर में डूब गयी।

# मॉब लिंचिंग से जान बचाकर थाने लाये गये युवक की पुलिस हिरासत में मौत

एजेंसी

**गया।** बिहार के गया जिले में अपने ही मोहल्ले में चोरी करने गए युवक को पकड़ कर धुनाई कर दी। इलाज के दौरान आरोपी युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गया शहर के पंचायती अखाड़ा मोहल्ले के रहने वाले मो. सज्जाद (21) के रूप में की गई है। मौत के बाद परिजनों ने जय प्रकाश नारायण अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने थाने में आवेदन दिया है।



#### पेट में हुआ था दर्द

कुछ ही देर बाद आरोपी मोहम्मद सज्जाद ने पुलिस को पेट दर्द होने की बात कही। थाने की पुलिस ने शनिवार की रात जेपीएन अस्पताल इलाज के लिए लायी। हालांकि इलाज के बाद कुछ देर बाद ठीक रात को ही वापस फिर हाजत में बंद कर दिया। रविवार की सुबह आरोपी युवक ने फिर पेट दर्द की शिकायत किया। वहीं कोतवाली थाने की पुलिस ने इलाज के लिए गया शहर के जय प्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन, इलाज के दौरान आरोपी युवक की मौत हो गई है।

#### परिजनों ने पिटाई करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की

मौत की खबर मिलने के बाद मृतक सज्जाद के परिजन अस्पताल पहुंचे और वहां जमकर हंगामा किया। आक्रोशित परिजन धुनाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि मोबाइल चोरी के आरोप में डायल 112 पुलिस टीम सज्जाद को कोतवाली थाना लायी थी। रविवार को आरोपी युवक को जेल भेजने की तैयारी की जा रही थी। इससे पहले पेट दर्द की शिकायत पर जेपीएन में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक शहजाद के परिजनो ने शिकायत दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है । मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

#### पुलिस ने मॉब लिंचिंग से बचाई थी जान

घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचायती अखाड़ा मोहल्ले के बांके गली में शनिवार की देर शाम मृतक मोहम्मद सज्जाद मोबाइल चोरी करने की नियत से घुस रहा था। को स्थानीय लोगो ने पकड़ लिया। मोबाइल चोरी का आरोप में लोगो ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। वहीं घटना की सूचना के बाद कोतवाली थाना क्षेत्र में गश्त कर रही डायल 112 की पुलिस टीम वहां पहुंची और घायल अवस्था में उसे थाना ले आई। युवक की पिटाई के बाद स्थानीय के लोगों ने थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया था। थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे हाजत में बंद कर दिया।

## विकास के लिए कलाधर मंडल को जितायें : चिराग

**पूर्णिया।** पूर्णिया के रुपौली विधानसभा को लेकर एक बड़ी जनसभा रुपौली हाई स्कूल में हुई। इस जनसभा में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान तथा जीतन राम मांझी पहुंचे। इस जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि हमारी एनडीए की सरकार एक मजबूत तथा लगातार विकास करने वाली सरकार है। हम लोग मिलकर बिहार के विकास के लिए तत्पर हैं। इस चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी कलाधर मंडल जी को जिताकर यहां की बिहार सरकार तथा केंद्र सरकार को मजबूत करेंगे तो हमारा विकास का लक्ष्य आगे बढ़ सकेगा।



इस मौके पर जीतन राम माझी ने कहा की विपक्षी लोग क्या काम करते हैं और क्या जंगल राज चलाते है यह सब को पता है। जंगल राज से दूर रहने के लिए एनडीए की सरकार को मजबूत करना जरूरी है। हम लोग लगातार बिहार के विकास के बारे में सोचते हैं और विपक्ष के लोग बिहार के विनाश के बारे में सोचते हैं। भ्रष्टाचार से दूर रहकर बिहार के लिए सभी लोग आगे बढ़े और रुपौली से कलाधर मंडल को तीर छप पर वोट देकर विजयी बनाएं।

## बिहार में नीतीश के बिना भाजपा का कोई स्थान नहीं: गोपाल मंडल

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार में एनडीए में सब कुछ ठीक नहीं दिख रहा है। गोपालपुर के जदयू विधायक गोपाल मंडल की बातों से कुछ ऐसा ही प्रतीत होता है। बीते दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे ने 2025 में बिहार में एनडीए में भाजपा के चेहरा के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही थी। इसको लेकर जदयू विधायक गोपाल मंडल ने अश्विनी चौबे और गिरिराज सिंह पर टिप्पणी की है। गोपाल मंडल ने कहा कि अश्वनी चौबे क्या हैं। बिहार में भाजपा का स्थान कहां है, पहचान कहां है। ऐसे ही चौबे जी बकबक करते हैं। उनका दिमाग घसक गया है। वो टिक वाला है गिरिराज सिंह वह भी बकबक करते हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ा तो फूल बहुमत आया। उन्होंने कहा कि अश्विनी चौबे राज्यपाल बने, कुछ बने जहां का बनेगा वहीं बर्बाद कर देगा। भाजपा नीतीश को साइड करके कहां जाएगी। अगर दम था तो क्यों नहीं अकेले चुनाव लड़े।

## थाना प्रभारी ने दिया वज्रपात से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** मानसून के दस्तक देने के बाद क्षेत्र में अक्सर वज्रपात की घटनाएं घटते रहती है। इससे बचाव के लिए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने धुरकी थाना सहित सभी ग्रामीण क्षेत्र के नागरिको को आकाशीय वज्रपात से बचने और सावधानी बरतने के लिए निर्देश दिया है। थाना प्रभारी ने चिकित्सीय सलाह के अनुसार बताया कि वज्रपात का असर इंसान के शरीर पर बहुत अधिक होता है। बिजली के चपेट में आने से शरीर पर डीप बर्न हो जाता है जिससे टिशूज को नुकसान होता है। और साथ ही इसका असर इंसान के नर्वस सिस्टम पर भी पड़ता है। जिससे दिल का दौड़ा पड़ता है और व्यक्ति की मौत हो जाती है। वज्रपात के असर से शरीर में अपंगता का भी खतरा होता है। थाना प्रभारी ने क्षेत्र वासियों से कहा कि वज्रपात से बचने के लिए किसी ऊंचे क्षेत्र में न जाएं क्योंकि बिजली गिरने का सबसे अधिक खतरा वहीं होता है। अगर किसी खुले स्थान में हो तो वहां से किसी पक्के मकान में तुरंत चले जाएं और खिड़की एवं दरवाजों से दूर रहें।



थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार।

## बिहार के कनिष्क नारायण यूके में सांसद निर्वाचित

एजेंसी

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर के मूल निवासी और वर्तमान में वेल्स यूनाइटेड किंगडम में रह रहे संतोष कुमार और चेतन सिन्हा के पुत्र कनिष्क नारायण वेल्स यूके से लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत कर सांसद बने हैं। इससे पूर्व 33 वर्षीय कनिष्क सिविल सर्विस में थे। चुनाव की घोषणा के बाद नौकरी से इस्तीफा देकर मैदान में उतरे थे। कनिष्क नारायण के यूके में सांसद निर्वाचित होने की खबर सुनते ही मुजफ्फरपुर में बधाई देने वालों का ताता लग गया। कनिष्क एसकेजे लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार के भतीजा हैं। करीब दो महीने पहले वह एक पारिवारिक पूजा में शामिल होने के लिए माता-पिता के साथ भारत आए थे लेकिन चुनावी व्यस्तता के कारण दिल्ली से ही वापस लौट गए। कनिष्क के सांसद बनने की सूचना मिलने पर शहर के दामु चक स्थित सांधो अपार्टमेंट में जश्न शुरू हो गया। मूल रूप से वैशाली के गोरौल स्थित सोंधो के रहने वाले स्वर्गीय कृष्ण कुमार व बीना देवी बहुत साल पहले मुजफ्फरपुर के दामों चक में बस गए थे। कनिष्क का जन्म मुजफ्फरपुर में हुआ। तीसरी कक्षा तक की पढ़ाई भी शहर से पूरी की। इसके बाद दिल्ली में पढ़ाई पूरी की। जब 12 साल के थे तब माता-पिता के साथ ब्रिटेन चले गए। चाचा जयंत कुमार एसके लॉ कॉलेज के निदेशक हैं। चाचा जयंत कुमार ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि कनिष्क ने मुजफ्फरपुर सहित पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन उनका थर्ड होम है। भाई के परिवार के साथ ही बेटी-दामाद भी वहां रहते हैं। पारिवारिक कार्यक्रमों में आना-जाना लगा रहता है। कनिष्क के पिता संतोष कुमार और माता चेतन सिन्हा कार्डिफ वेल्स में सॉलिस्टर हैं। कनिष्क ने ब्रिटेन में रहने वाले एशियाई मूल के अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि छात्रवृत्ति के साथ ई टेन ऑक्सफोर्ड व स्टेनफोर्ड अमेरिका से शिक्षा प्राप्त की है। इससे पहले कनिष्क लोक सेवक के रूप में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम डेविड कैमरान के साथ पर्यावरण विभाग में योगदान दे चुके हैं।



## मुखिया ने ग्रामीणों के बीच 1200 पौधे का वितरण किया



पौधा का वितरण करती मुखिया।

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग पंचायत की मुखिया फूलमंती देवी एवं उनके पति हरेंद्र चैधरी ने रविवार को पंचायत के ग्रामीणों के बीच 1200 फलदार व छायादार पौधे का वितरण किया। मौके पर मुखिया पति हरेंद्र चैधरी ने कहा कि पौधे लगाने से गांव व पंचायत हरा-भरा रहेगा और वातावरण शुद्ध होगा। उन्होंने पंचायत के अन्य लोगों से भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाने तथा उसे बचाने का अपील किया। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक रामनाथ विश्वकर्मा, उपमुखिया अविनाश चैबे, शिवदत चैधरी, पूर्व बीडीसी सुदर्शन विश्वकर्मा, प्रणय चैबे, शंभू चैधरी, सुनील चैधरी, इलायची राम, अरकेश चंद्रवंशी, संतोष चैधरी, विनोद चैधरी, राजेंद्र चैधरी, मुकेश ठाकुर, शिवपतिया देवी, अनरवा देवी, सोनी देवी, गीत देवी, राजू पासवान, देवबली चैधरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया साइकिल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। साइकिल वितरण के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, प्रखंड प्रमुख कांति देवी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहन पासवान, वीडियो जागो महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को साइकिल मिल जाने से स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कहा कि आप लोगों को सरकार के द्वारा जो भी संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है उसका सदुपयोग कीजिए। सफलता के लिए कुछ भी शॉर्टकट रास्ता नहीं अपनाना चाहिए बल्कि ईमानदारी पूर्वक कठिन परिश्रम करें एक न एक दिन सफलता आपकी कदम चूमेगी। विधायक ने ब्लॉक कर्मियों खासकर कंप्यूटर ऑपरेटर को नसीहत देते हुए कहा कि आप लोग अपने कार्य शैली में सुधार लाएं। आप लोगों की बहुत शिकायत मिल रही है अगर नहीं सुधरे तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। वही जेई कुमार विशाल को फटकार लगाते हुए कहा कि प्रखंड के लोगों को योजना वेरिफिकेशन के नाम पर गढ़वा बुलाते हैं यह सही नहीं है। आपको प्रखंड में रहकर कार्य करना होगा अन्यथा आप के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने प्रभारी बीडीओ जागो महतो से जेई के खिलाफ चेतावनी लेटर टाइप करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को प्रमुख पति घूरबिगन बैठा, 20 सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति जिला परिषद सदस्य पति मोहन पासवान दयानंद भगत आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ जागो महतो जबकि संचालन अलख निरंजन प्रसाद ने किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी सहित कई अन्य उपस्थित थे।



वितरण करते विधायक।

## अनुबंधित भेंडरों की दुकान कागज पर संचालित होने का मामला प्रकाश में

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड के अनुबंधित भेंडरों की दुकान कागज पर संचालित होने का मामला प्रकाश में आया है। यहां भेंडरो द्वारा सिंचाई कूप निर्माण में बिना पत्थर व बालू लाभुको के बीच आपूर्ति किये बगैर ही मनरेगा कर्मी और भेंडर के मिलीभगत से योजना की सामग्री मद में उक्त दोनों सामग्री की फर्जी बिल वाउचर लगाकर राजस्व की क्षति पहुंचा रहे है। जबकि सिंचाई कूप निर्माण से पूर्व सामग्री क्रय के लिए लाभुको को मिलने वाली अग्रिम राशि 50 हजार रुपए भी लाभुको के सीधे खाते में न भुगतान कर मोटी कमीशन के लिए धड़ल्ले से भेंडरो के खाते में अग्रिम राशि हस्तांतरित किया जा चुका है। बताते चले कि बिरसा सिंचाई कूप निर्माण हेतु 2023-24 में भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कुल 221 सिंचाई कूप स्वीकृत हुआ है। जिसमे 93 लाभुकों को सिंचाई कूप निर्माण के लिए अग्रिम राशि के तौर पर 50-50 हजार रूपए सामग्री मद क्रय के लिए आया था। लेकिन मनरेगा कर्मी एवं अनुबंधित भेड़र के सांठ गांठ से लाभुको से मोटी कमीशन वसूलने के फिराक में कूप निर्माण के लिए जरूरी सामग्री दिए बिना ही फर्जी बिल वाउचर लगा कर उक्त राशि लाभुको के खाते की जगह भेंडर के खाता में हस्तांतरित कर दिया गया है। जबकि सच्चाई यह है, कि प्रखंड में एक भी पत्थर आपूर्ति हेतु सरकारी लिज नही होने के कारण सिंचाई कूप निर्माण के लाभुको द्वारा आस पास के सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगलों से अवैध उत्खनित पत्थरों का उपयोग कूप निर्माण में धड़ल्ले से किया जा रहा है।

सिंचाई कूप निर्माण के जोड़ाई में अगर जंगलों से अवैध तरीके से तोड़े गए पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है, तो कूप निर्माण योजना में मनरेगा कर्मी और भेंडर द्वारा किस बुनियाद पर सरकारी दस्तावेज में लिज का पत्थर और बालू का बिल वाउचर लगाकर सरकारी पैसा अपने खाते में हस्तांतरित करवाया जा रहा है, यह जांच का विषय है। इस संबंध में बीपीओ दयानंद प्रजापति ने कहा कि प्रखंड में 93 कूप निर्माण का सामग्री मद का 50-50 हजार रुपये आया हुआ, जिसमें से अब तक 30 लाभुकों का पैसा वेंडर अजीत ट्रेडर्स के खाते में ट्रांसफर किया गया बाकि अन्य बची हुई राशि को वेंडरों के खाते में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया की जा रही है। यह पूछने पर कि वेंडर सामग्री की आपूर्ति किये नहीं,उसपर उन्होंने कहा कि सामग्री आपूर्ति का बिल लगा रहें हैं, कैसे और कहां से बिल लगा रहें हैं यह जांच का विषय है।



कूप निर्माण।

### नीतीश ने मौत पर जताया शोक

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले चौबीस घंटे में वज्रपात से जहानाबाद में तीन, मधेपुरा में दो, पूर्वी चम्पारण, रोहतास, सारण और सुपौल में एक-एक व्यक्ति की मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

## पेज एक का शेष

### आज सीएम हेमंत...

**सीएम आवास पर सत्ता पक्ष की बैठक :** रविवार शाम सीएम आवास में सत्ताधारी पक्ष के विधायकों की बैठक में रणनीति तय की गयी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि विशेष सत्र के दौरान क्या रणनीति हो इस पर चर्चा की गयी। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता द्वारा नकार दी गयी भाजपा को विपक्ष की भूमिका निभानी है। विपक्ष के पास महागठबंधन सरकार के खिलाफ झूठे आरोप और प्रपंच के सिवा कोई मुद्दा नहीं बचा है।

**भाजपा दफ्तर में बैठक :** विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान भाजपा और आजसू ने रविवार शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक कर रणनीति बनायी। भाजपा ने कहा कि वह महागठबंधन सरकार की नाकामियों को विश्वास मत के दौरान मुद्दा बनायेगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, आजसू प्रमुख सुदेश महतों सहित सभी विधायक मौजूद थे। बैठक में विश्वास मत के दौरान की वर्तमान सरकार की नाकामियों को उठाया जायेगे। विधायक विश्वास मत के दौरान युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारी, विधि-व्यवस्था के मुद्दे को उठायेंगे।

### देवघर में बहुमंजिला...

राहत और बचावकर्मियों ने मलबे में फंसे कुल सात लोगों कोघायल अवस्था में निकाला। उनमें से तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। मरने वालों में सुनील यादव, मनीष दत्त और सुनील यादव की पत्नी सोनी देवी का नाम बताया जा रहा है। चार लोगों का इलाज देवघर के सदर अस्पताल में चल रहा है। देवघर उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि जैसे ही जानकारी एनडीआरएफ और मेडिकल की टीम मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुट गयी। वहीं देवघर के सिविल सर्जन डॉक्टर रंजन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिन चार लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल लाया गया था, उनमें से दो की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से जख्मी एक अन्य ने भी दम तोड़ दिया। स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे, विधायक नारायण दास, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान सहित कई लोग भी मौके पर तैनात थे। जानकारी के अनुसार 1994 में बने इस भवन वर्षों से रिपेयरिंग भी नहीं की गयी थी।

### राजौरी में सैन्य...

स्वैन ने कहा कि अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी। राजौरी में रविवार को सैन्य शिविर पर हमला कुलगाम में आतंकियों के मारे जाने के एक दिन बाद हुआ है। जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी भागने में सफल रहे। सेना और पुलिस ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रही है। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अब सुरक्षा बलों और निर्दोष नागरिकों दोनों को निशाना बना रहे हैं।

### फ्लोर टेस्ट में ...

आठ जुलाई को चौथी बार हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट का सामना करेंगे। इस साल दो बार फ्लोर टेस्ट की परिस्थिति बनी है। पांच फरवरी को हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपाई सरकार ने फ्लोर टेस्ट में विश्वास मत हासिल किया था।

**विधानसभा का कार्यकाल जनवरी 2025 तक :** हेमंत के नेतृत्व में आयी नयी सरकार की अधिकतम उम्र छह महीने ही होगी। झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी, 2025 को पूरा हो रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि अक्टूबर में ही झारखंड में भी विधानसभा चुनाव हो सकता है। ऐसा होने पर इस सरकार का कार्यकाल तीन से चार महीने ही होगा। मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन ने अपनी तीसरी पारी शुरू की है। उनका अब तक का कुल कार्यकाल तकरीबन पांच साल 199 दिन का रहा है। वह आगामी विधानसभा चुनाव तक इस पद पर बने रहे तो उनके कार्यकाल में कुछ और दिनों का इजाफा हो जायेगा।

**एकमात्र रघुवर ने कार्यकाल पूरा किया था :** झारखंड में मुख्यमंत्रियों का औसत कार्यकाल लगभग मात्र 1.5 साल का है। सिर्फ रघुवर दास ही राज्य के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री रहें, जिनकी सरकार ने 2014 से 2019 तक अपना कार्यकाल पूरा किया। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा के चुनाव के बाद से अब तक राज्य में तीन सरकारें बन चुकी है। झारखंड के नाम ही यह नायाब राजनीतिक रिकॉर्ड भी है कि यहां निर्दलीय विधायक मधु कोड़ा भी मुख्यमंत्री रहे हैं। वह लगभग दो साल तक इस पद पर रहे। हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन भी तीन बार मुख्यमंत्री बने लेकिन कभी कार्यकाल पूरा नहीं कर पाये। सीएम के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में शिबू सोरेन सिर्फ 10 दिन ही इस कुर्सी पर रहे। वर्ष 2000 से 2014 के बीच झारखंड में पांच मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व वाली नौ सरकारें बनीं और तीन बार राष्ट्रपति शासन लगा। इस दौरान बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा और हेमंत सोरेन बारी-बारी से मुख्यमंत्री बने और उनका औसत कार्यकाल लगभग 15 महीने रहा। राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का कार्यकाल लगभग दो साल तीन महीने रहा था। अर्जुन मुंडा तीन बार मुख्यमंत्री बने और उनका कुल कार्यकाल छह साल से कुछ कम रहा। झारखंड ने कुल 645 दिनों के लिए तीन बार राष्ट्रपति शासन भी देखा है।

**मरांडी ने पहला प्लोर टेस्ट जीता था :** राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सबसे पहले 23 नवंबर, 2000 को विश्वास प्रस्ताव लाकर बहुमत साबित किया था। इसके बाद 11 मार्च, 2005 को शिबू सोरेन ने विश्वास प्रस्ताव लाया था लेकिन प्रोटेम स्पीकर ने प्रस्ताव पेश करने की अनुमति नहीं दी। 15 मार्च, 2005 को अर्जुन मुंडा ने विश्वास मत हासिल किया था। 14 सितंबर, 2006 को अर्जुन मुंडा ने बहुमत नहीं होने के कारण सदन में इस्तीफा घोषणा की। 20 सितंबर, 2006 को मधु कोड़ा बहुमत साबित किया। 29 अगस्त, 2008 को स्टीफन मरांडी (तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री) का प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हो गया। सात जनवरी, 2010 को रघुवर दास का (संसदीय कार्य मंत्री) प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हो गया। 30 मई, 2010 को सुदेश महतो (उप मुख्यमंत्री) का प्रस्ताव बहुमत नहीं होने के कारण शिबू सोरेन का इस्तीफा हुआ। 14 सितंबर, 2010 को हेमंत सोरेन (उप मुख्यमंत्री) का प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हुआ। 18 जुलाई, 2013 को हेमंत सोरेन का (उप मुख्यमंत्री) प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हुआ। पांच सितंबर, 2022 को हेमंत सोरेन (मुख्यमंत्री) ने बहुमत साबित किया। पांच फरवरी, 2024 को चम्पाई सोरेन (मुख्यमंत्री) ने बहुमत साबित किया।

### सभी कोटि के सरकारी...

साथ ही हफ्ते में दो दिन प्रिंसिपल और शिक्षकों का संबोधन होगा। मंगलवार और शुक्रवार को योगा, व्यायाम, जुम्बा और मेडिटेशन भी कराये जायेंगे। **ऐसे करनी होगी व्यवस्था :** प्रार्थना सभा के क्रम में छात्र-छात्राओं को क्यूईंग करने का काम सप्ताहवार हाउस की ड्यूटी चल रही हो उनके द्वारा किया जायेगा। ड्यूटी हाउस के कप्तान एवं उसी हाउस के सहयोगियों द्वारा ड्रम की आवाज के साथ मार्च पास्ट करते हुए प्रिंसिपल और शिक्षकों को प्रार्थना सभा के लिए आदर पूर्वक आमंत्रित करेंगे। उसके बाद प्रार्थना गीत होगी, फिर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी जायेगी। फिर आज का सुविचार होगा और महत्वपूर्ण दिवस और जागरूकता से संबंधित जानकारी दी जायेगी। फिर बच्चों के उस दिन के मुख्य समाचार बताये जाएंगे। इसके बाद क्विज होगा, आज का शब्द होगा, पंख पत्रिका से प्रेरक प्रसंग पढ़े जाएंगे, फिर बच्चों, शिक्षकों और हेडमास्टर, जिसका भी हो, जन्मदिन मनाया जायेगा। इस दौरान प्रिंसिपल-टीचर का संबोधन भी सप्ताह में दो दिन होगा। उसके बाद विद्यार्थी प्रतिज्ञा लेंगे। योग, व्यायाम, युवा, मेडिटेशन, हफ्ते में 2 दिन मंगलवार और शुक्रवार को होगा। उसके बाद राष्ट्रगान होगा। सप्ताह में एक दिन मंगलवार को नेल्स, हेयर्स, शूज, टीथ, फेस, यूनिफॉर्म वगैरह चेक किए जाएंगे। उसके बाद प्रार्थना सभा का विसर्जन एवं ड्रम की आवाज के साथ कदम ताल करते हुए बच्चे कक्षा में प्रवेश करेंगे।

स्पीड न्यूज

## हाथरस के पीड़ितों को मिले अधिक मुआवजा : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर हाथरस हादसे के पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे में बढ़ोतरी का अनुरोध किया है। राहुल ने अपने पत्र में हाथरस पीड़ितों से मुलाकात और उनसे हुई बातचीत का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपनों को खोया है, उनकी पूर्ति करना संभव नहीं है लेकिन हम उनकी हर संभव सहायता कर अपना फर्ज निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो मुआवजा घोषित किया गया है, वह बहुत अपर्याप्त है। मेरा आग्रह है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए और उसे जल्द से जल्द दिया जाए।

## पुणे में जीका वायरस के मिले 5 नये मरीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में जीका वायरस के 5 नए मरीज मिलने से प्रशासन सतर्क हो गया है। इन पांचों के रक्त के नमूने प्रयोगशाला में भेजे गए थे। शनिवार शाम को सभी के रक्त नमूनों में जीका वायरस की पुष्टि हुई। इनमें तीन गर्भवती महिलाएं भी हैं। पुणे में इस समय जीका के 11 मामले सामने आ चुके हैं। डॉ. वर्षाली माली ने बताया कि जीका वायरस से सबसे ज्यादा खतरा गर्भवती महिलाओं को रहता है। कश्मीर में अमरनाथ यात्रा बहाल

## कश्मीर में अमरनाथ यात्रा फिर हुआ शुरू

**श्रीनगर ।** जम्मू कश्मीर में बारिश के कारण एहतियात के तौर पर एक दिन के लिए स्थगित की गई अमरनाथ यात्रा रविवार को पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से फिर से बहाल हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार होने के बाद आज सुबह यात्रियों के नए जत्थों को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के नुनवान पहलगाम आधार शिविर से पवित्र गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने की अनुमति दी

## अमेरिका में गोलीबारी पांच लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य केंटकी में एक आवास पर शनिवार को हुई गोलीबारी में एक संदिग्ध सहित पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। फ्लोरेंस पुलिस विभाग के अनुसार चार व्यक्तियों को घटनास्थल पर मृत घोषित कर दिया गया जबकि तीन अन्य को पास के अस्पताल में ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर है।

## अपना दल (एस) नेता की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर रविवार की सुबह अपना दल (एस) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस उपायुक्त(गंगापार) अभिषेक भारती ने बताया कि सोरांव थाना क्षेत्र के अचकवापुर अब्दालपुर खास गांव निवासी इंद्रजीत पटेल उर्फ मोनू पटेल (29) की उन्ही के पड़ोसी सर्वेश पटेल से लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। आज उसी विवादित जमीन पर इंद्रजीत खेत में पानी लगाने गया था। उसी दौरान जानकारी पर सर्वेश मौके पर पहुंच गया और आपसी बातचीत के दौरान सर्वेश ने इंद्रजीत के सिर में गोली मार दी।

## इजरायली हमले में 16 से अधिक शरणार्थी मरे

**दोहा।** गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर और फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) स्कूल पर रविवार को इजरायली हमले में 16 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए और 50 घायल हो गये। स्पूतनिक ने मंत्रालय का हवाला देते हुये रविवार यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक पत्र में कहा कि कब्जे वाले बलों ने नुसीरात में यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल में एक नया नरसंहार किया, जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे।

# अहमदाबाद और पुरी में रथयात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगला आरती की और सीएम पटेल ने सोने की झाड़ू लगायी**

एजेंसी







**अहमदाबाद/पूरी।** अहमदाबाद में रविवार सुबह भगवान जगन्नाथ की 147वीं रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बालभद्र और बहन सुभद्रा का रथ दशकों पुरानी परंपरा के अनुसार खलासी समुदाय के सदस्यों ने खींचा। वहीं ओड़िशा के पुरी में भी वार्षिक भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। तीनों रथों को पुलिसकर्मी व भक्त खींचकर जगन्नाथ मंदिर के सामने सिंहद्वार तक लाए। अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगला आरती की और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिंद विधि संपन्न की। यह विधि जमालपुर इलाके में भगवान जगन्नाथ के 400 वर्ष पुराने मंदिर से रथ यात्रा शुरू होने पर सोने की झाड़ू से यात्रा मार्ग को साफ करने की परंपरा है। वहीं पूरी में सुबह से ही पुरी जगन्नाथ धाम नृत्य संकीर्तन व लाखों भक्तों के समागम के बीच जय जगन्नाथ की ध्वनि से प्रकंपित हो रहा है। विदेशों से भी श्रद्धालु पुरी पहुंचे हैं। देर रात से ही महाप्रभु की नीति चल रही है। पुरी के बड़दांड में हनुमान के वेश में कुछ भक्त नृत्य कर रहे हैं। 'जय जगन्नाथ और जय श्री राम' की ध्वनि से पूरा जगन्नाथ धाम प्रकंपित हो रहा है।

**पूरी में राष्ट्रपति मुर्मू व नवीन पटनायक हुए शामिल :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक रथ यात्रा में अतिथि के रूम में शामिल हुए।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दी देशवासियों को शुभकामनाएं :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के आरंभ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पवित्र रथ यात्रा की शुरूआत पर शुभकामनाएं। हम महाप्रभु जगन्नाथ को नमन करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि उनका आशीर्वाद हम पर बना रहे। प्रधानमंत्री ने आषाढ़ी बीज के शुभ अवसर पर सभी को, खासतौर पर दुनिया भर में रहने वाले कच्छी समुदाय के लोगों को बधाई दी।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में लोगों का उत्साह

## उत्कृष्ट कार्य हमारी सबसे बड़ी ताकतः मोदी

**जेआइटीओ के इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर पीएम बोले, भारत के प्रति पूरी दुनिया में देखा जा रहा भरोसा**

एजेंसी



**नयी दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में भारतीयों का उत्कृष्ट कार्य तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का उत्साह देश की सबसे बड़ी ताकत है। जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) के इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर लिखित संदेश में मोदी ने कहा कि भारत के प्रति दुनियाभर में जिस तरह का आशावाद और भरोसा देखा जा रहा है, वह देश की ताकत को दिखाता है। मोदी ने कहा कि भारत अपार संभावनाओं वाला देश है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हमारे देशवासियों की भागीदारी और देश के विकास के लिए उनका उत्साह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। मोदी ने कहा कि आज का आशावाद और हमारी क्षमताओं में अटूट विश्वास अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा और व्यापार सहित सभी क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

जेआईटीओ जैसे संगठनों ने पिछले दशक में इन उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान दिया है। जेआईटीओ इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फंड (जेआईआईएफ) ने छह और सात जुलाई को अपना वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका विषय था प्रभावकारी विचारः नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना।

जेआईटीओ की अनुषंगी कंपनी जेआईआईएफ ने 80 कंपनियों में 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और 25 से अधिक जैन उद्यमियों को प्रशिक्षित किया है।

## पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बनाएं जन आंदोलनः बिरला

**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को पौधे लगाने, उन्हें पोषित करने तथा संरक्षित करने का आग्रह करते हुए लोगों से जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को जन आंदोलन बनाने की अपील की। श्री बिरला ने यहां स्थित लव-कुश वाटिका में वन महोत्सव दिवस के उपलक्ष में पौधा रोपण करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस चुनौती से निपटने के लिए लोगों से मां के नाम से एक पौधा लगाने का आग्रह किया है और पूरी दुनिया को यह संदेश देने का काम किया है कि भारत जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने को लेकर कितना गंभीर है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में जलवायु परिवर्तन एक गंभीर समस्या बनी हुयी है और पूरी दुनिया इस समस्या को लेकर चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस समस्या के निपटने के लिए मां के नाम पर एक पौधा लगाने की आग्रह किया है।

# मध्य प्रदेश में मोहन यादव कैबिनेट का विस्तार आज

**रामनिवास रावत के अलावा एक-दो विधायक ले सकते हैं शपथ**

एजेंसी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार करेंगे। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां प्रारंभ हो गयी हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह सुबह होने की संभावना है और इसके लिए राजभवन में तैयारियां की जा रही हैं। हालाकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने मंत्रियों की शपथ होगी। राज्य विधानसभा में कुल 230 सीट हैं। इस लिहाज से मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की अधिकतम संख्या 35 हो सकती है। वर्तमान में मुख्यमंत्री समेत कुल मंत्रियों की संख्या 31 है। इस तरह से कुल चार पद रिक्त हैं। हालाकि कोई भी सरकार रणनीतिक तौर पर मंत्रिपरिषद में कुछ पद रिक्त रखती है। अटकलें लगायी जा रही हैं कि कम से कम एक व्यक्ति को मंत्री पद की शपथ दिलायी जा सकती है। फिलहाल मंत्री पद के लिए एक नाम रामनिवास रावत का नाम सामने आ रहा है। रावत वर्तमान में श्योपुर जिले के विजयपुर से विधायक हैं। वे लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। लिहाजा तकनीकी आधार पर वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं। सूत्रों का कहना है कि रावत मंत्री बनाए जाने की शर्त पर ही कांग्रेस से भाजपा में आए थे। इसलिए उन्होंने अब तक विधायक पद से त्यागपत्र भी नहीं दिया है। एक या दो नेताओं को और मंत्री बनाए जाने की अटकलें हैं।

# आर्मस्ट्रांग हत्या की जांच सीबीआइ करे : मायावती

एजेंसी

**चेन्नई।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने उनकी पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की रविवार को मांग की। आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को यहां हत्या कर दी गई थी। मायावती ने दावा किया कि इस मामले में अब तक गिरफ्तार किये गए लोग असल अपराधी नहीं हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया ताकि न्याय मिल सके। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी और शहर के पेरम्बूर स्थित एक निजी स्कूल में 52 वर्षीय नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। बसपा प्रमुख ने कहा कि हमलावरों के एक समूह ने शुक्रवार देर शाम जिस तरह से उनकी हत्या कर दी, उससे पता चलता है कि राज्य में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। मायावती ने कहा कि स्टालिन को आर्मस्ट्रांग के लिए न्याय सुनिश्चित करना चाहिए और सीबीआई को जांच सौंपनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी जिस तरह से हत्या की गई, उससे पता चलता है कि तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। जिन्होंने उनकी हत्या की है, उन असल दोषियों को अभी तक नहीं पकड़ा गया है।

## राहुल गांधी का नहीं जा रहा है बचपना : त्रिवेदी

**नयी दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी 55वें वर्ष में प्रवेश कर गए हैं, लेकिन अभी भी उनका बचपना नहीं जा रहा है। राहुल गांधी आज कल हम लोग को बहुत भाषण दे रहे हैं कि, आप अयोध्या में नहीं जीत पाए और अब गुजरात में भी आपको हराने जा रहे हैं। लग रहा है राहुल पिछले गुजरात विधानसभा का परिणाम भूल गए हैं। राज्य की 182 विधानसभा सीटों पर हमने 150 से ज्यादा सीटों पर प्रचंड बहुमत हासिल किया। उनमें वो 32 विधानसभा सीटें भी शामिल थी, जिन पर साल 1947 से कांग्रेस कभी भी नहीं हारी थी। हमने उनमें से आधी सीटों पर कांग्रेस को पस्त कर दिया।

# उत्तराखंड में भारी बारिश से दरक रहे हैं पहाड़

**चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बारिश में नहीं करें यात्रा : डॉ. बिक्रम सिंह**

एजेंसी



**देहरादून।** दरकते पहाड़, उफनती नदियां और हादसों की आहट... उत्तराखंड में इन दिनों भयावह मंजर दिख रहा है। यहां भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग का जहां रेड अलर्ट है तो सरकार भी आपदा के दृष्टिगत हाई अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा तंत्र भी पूरी तरह चौकन्ना है। इन दिनों पहाड़ों पर हो रही बारिश की वजह से जगह-जगह लैंडस्लाइड का खतरा बढ़ता जा रहा है। बारिश के बीच पहाड़ दरक रहे हैं, जो लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं। इन दिनों चारधाम यात्रा भी थम गई है। उत्तराखंड में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले से ही लोगों को आगाह कर दिया है, ताकि वह सुरक्षित रह सकें। राज्य के लोग भी सोच समझकर ही बाहर निकलें। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बारिश के दौरान यात्रा न करने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि जब तक बारिश थम न जाए, आगे की यात्रा न करें। यात्रियों से आग्रह किया गया है कि वह जहां हैं, वहीं पर रहें। किसी भी दशा में आगे बढ़ना खतरे से खाली नहीं है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भारी बारिश के चलते संभावित आपदाओं के दृष्टिगत लोगों से भी सावधानी बरतने व सुरक्षित स्थलों पर रहने की अपील की है। वहीं उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। हरिद्वार, ऋषिकेश, पिथौरागढ़, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चंपावत आदि जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन लोगों को नदियों और नालों के पास नहीं जाने की हिदायत दे रहा है। साथ ही नदियों के किनारे रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। उत्तराखंड में मौसम के बिगड़े मिजाज ने चारधाम यात्रा में भारी रुकावट डाल दी है। 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की शुरूआत हुई थी। इसके बाद 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड के चारों धामों की यात्रा विधिवत रूप से शुरू हुयी थी।

# आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.83 लाख करोड़ बढ़ा

**शेयर समीक्षा**

**टीसीएस का मार्केट कैप 14,51,739 करोड़ हुआ और इन्फोसिस का 6,83,922.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया**

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 1,83,290.36 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक फायदे में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 963.87 अंक या 1.21 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 38,894.44 करोड़ रुपये बढ़कर 14,51,739.53 करोड़ रुपये हो गया। सबसे अधिक लाभ में टीसीएस ही रही। इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 33,320.03 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण 6,83,922.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 32,611.36 करोड़ रुपये बढ़कर 21,51,562.56 करोड़ रुपये हो गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 23,676.78 करोड़ रुपये बढ़कर 8,67,878.66 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 16,950.99 करोड़ रुपये बढ़कर 6,42,524.89 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 16,917.06 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,98,487.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 10,924.13 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,399.95 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 9,995.57 करोड़ रुपये बढ़कर 7,67,561.25 करोड़ रुपये रहा। रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 26,970.79 करोड़ रुपये घटकर 12,53,894.64 करोड़ रुपये रह गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,735.49 करोड़ रुपये घटकर 8,13,794.86 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## अक्षरा सिंह के नये गाना मोहिनी का टीजर रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अदाकारा और गायिका अक्षरा सिंह के नये गाना मोहिनी का टीजर रिलीज हो गया है। गाना मोहिनी का टीजर आइकॉन भोजपुरी बवाल के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसमें अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत नजर आ रहे हैं। मोहिनी गाने में अक्षरा सिंह ने अपनी सिंगिंग और अदाकारी का जादू बिखेरा है।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !